seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

रविवार परिवार
पीढ़ियों को जोड़ता, हर घर का संदेश।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 318 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, रविवार, 22 नवम्बर 2026 seema-sandesh.com



न्यूज इन ब्रीफ

एसबीआई को 48 लाख का चूना

जयपुर। मालपुरा गेट थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक से करीब 48 लाख रुपये का लोन उठाने का मामला सामने आया है। सांगानेर स्थित बैंक शाखा प्रबंधक नवनीत निगम की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने फर्जी वेतन प्रमाणपत्र, वेतन पर्ची और नियुक्ति पत्र लगाकर लोन स्वीकृत करवाए। जांच में अशोक कुमार बैरवा, धर्मराज मीना, गौरव नागपाल और तरुण चतुर्वेदी द्वारा लिए गए ऋण खातों में दस्तावेज फर्जी पाए गए।

सरकार खेलों के मामले में जवाब दे

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स को लेकर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दो बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया, लेकिन तीन साल में आयोजन नहीं करा पाई। गहलोत ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक में 50 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया था। उन्होंने सरकार से खर्च और आयोजन में देरी को लेकर जवाब मांगा।

पांच करोड़ की कोकीन जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त की है। युगांडा के एंटेबे से 'बीन्स और कपड़ों' की खेप के रूप में भेजे गए पार्सल की खुफिया सूचना और डेटा विश्लेषण के आधार पर जांच की गई। जांच में करीब 350 ग्राम कोकीन बरामद हुई।

जनता को नहीं मिला विकास का डिब्बा

अलवर। पंचायत राज चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के स्वागत में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में कार्यकताओं ने रैली निकाली। जूली ने कांग्रेस की सफलता का श्रेय भंवर जितेंद्र सिंह की मेहनत और संगठन को मजबूत करने के प्रयासों को दिया। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब बदलाव का संदेश दे रही है। जूली ने कहा कि भाजपा के इंजन चलते रहे, लेकिन जनता को विकास का डिब्बा नहीं मिला।

अग्निवीरों का डेटा चोरी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हरियाणा के बल्लभगढ़ से 14 वर्षीय किशोर को पकड़ा है। आरोप है कि उसने पूर्व अग्निवीरों के लिए बनी टेस्ट वेबसाइट में सेंध लगाकर करीब 4,000 अग्निवीरों का डेटा हासिल किया और उसे डार्क वेब पर 500 डॉलर में बेचने की कोशिश की। पुलिस की आईएफएसओ यूनिट ने किशोर के डिजिटल उपकरणों से डेटा बरामद कर जांच शुरू कर दी है। जांच में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपकरणों के इस्तेमाल की आशंका जताई गई है। पुलिस डेटा की प्रमाणिकता और वेबसाइट में सेंध के तरीके की पड़ताल कर रही है।

बाल सुधार गृह में ड्रग्स मिली

जयपुर। सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह में मोबाइल फोन और नशे की सामग्री मिलने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। 16 नवंबर को पुलिस टीम की तलाशी में कई मोबाइल, चार्जर और गांजा बरामद हुआ था। करीब 50 पुलिसकर्मी बाल अपचारियों के संपर्कों की जांच कर रहे हैं। आशंका है कि सोशल मीडिया के जरिए अपराधी नाबालिगों को अपने नेटवर्क से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस कॉल डिटेल और डिजिटल गतिविधियों की पड़ताल कर रही है।

आर्थिक स्थिति; डॉलर की मजबूती, ब्याज दरों की आशंका और वैश्विक बाजार में बिकवाली से 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंचा सोना

निवेशक हैरान! सोने की चमक पड़ी फीकी, तीन हफ्ते में 12 प्रतिशत गिर गये भाव

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली है। बीते एक सप्ताह में सोने का भाव करीब 9.5 प्रतिशत टूट गया और शुक्रवार को यह 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर की मजबूती, दिसंबर में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने की आशंका, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और महंगाई को लेकर चिंता इसके प्रमुख कारण रहे। सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने में आई इस गिरावट ने दुनियाभर के निवेशकों को हैरान कर दिया है। विशेषज्ञ दावा कर रहे हैं कि गिरावट का स्तर यही रहा तो दिसम्बर में सोने का भाव एक लाख रुपए तक आ सकता है।

डॉलर की मजबूती ने सोने पर बढ़ाया दबाव

सोने की कीमतों पर अमेरिकी डॉलर का सीधा असर पड़ता है। फिलहाल डॉलर की मजबूती के कारण निवेशकों का रुझान अन्य विकल्पों की ओर बढ़ा है और सोने की कीमतों पर दबाव आया है।



फेड अधिकारियों के सख्त रुख का असर

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के हालिया बयानों ने भी सोने पर दबाव बढ़ाया है। अधिकारियों ने महंगाई को लेकर चिंता जताते हुए संकेत दिए हैं कि जरूरत पड़ने पर ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर बनाए रखा जा सकता है। इससे निवेशकों की चिंता बढ़ी और सोने में बिकवाली तेज हुई।

ब्याज दर बढ़ने की आशंका से सोना कमजोर

एआई शेयरों में गिरावट से बढ़ी बिकवाली

सोने की गिरावट के पीछे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर बदलती उम्मीदें भी बड़ी वजह हैं। आशंका है कि दिसंबर की बैठक में फेड ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है। ऊंची ब्याज दरों के माहौल में बॉन्ड और अन्य ब्याज देने वाली संपत्तियां आकर्षक हो जाती हैं, जबकि सोना नियमित आय नहीं देता। दूसरी ओर डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को एक बयान जारी कर फेडरल बैंक को अपनी ब्याज दरें घटाने को कहा है ताकि महंगाई पर नियंत्रण की स्थिति लाई सके।

आमतौर पर शेयर बाजार में गिरावट के समय निवेशक सोने की ओर रुख करते हैं, लेकिन इस बार स्थिति अलग रही। एआई से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट के कारण कई निवेशकों को नकदी जुटाने की जरूरत पड़ी। इसके चलते कुछ निवेशकों ने अपनी सोने की होल्डिंग भी बेच दी।

चुनौतियों से घबराएं नहीं युवा, बड़ी सोच और निरंतर क्षमता से बनेगा विकसित भारत : मोदी

आईआईटी खड़गपुर के 75 साल पूरे, प्रधानमंत्री ने युवाओं को दिया 'सीमाएं तोड़ने' का मंत्र

खड़गपुर

आईआईटी खड़गपुर के प्लैटिनम जुबली समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से अपनी सोच का दायरा बढ़ाने और नई सीमाएं तय करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में देश के युवा और तकनीकी संस्थानों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने छात्रों को 'ब्रेक द लिमिट्स' यानी अपनी क्षमताओं की सीमाओं को तोड़ने का मंत्र देते हुए कहा कि चुनौतियों से डरने के बजाय उनका सामना करना चाहिए।

युवाओं को आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की सलाह : पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग अपनी सोच को सीमित कर लेते हैं, वे आगे नहीं बढ़ पाते। भारत ने भी बीते वर्षों में अपनी पुरानी सीमाओं को तोड़कर दुनिया में अपनी ताकत दिखाई है। उन्होंने छात्रों से स्वामी विवेकानंद के संदेश उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए को जीवन में अपनाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिग्री केवल शुरूआत है, जीवनभर सीखते रहना ही सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने छात्रों से ईमानदारी, नैतिकता और उत्कृष्टता के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।



स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों से जुड़ी है संस्थान की विरासत : प्रधानमंत्री ने कहा कि आईआईटी खड़गपुर की स्थापना जिस भूमि पर हुई, वह स्वतंत्रता संग्राम की यादों से जुड़ी है। कभी यहां स्वतंत्रता सेनानियों के लिए नजरबंदी शिविर था। उन सेनानियों का सपना था कि भारत आत्मनिर्भर बने और दुनिया में अपनी पहचान स्थापित करे। आज यही भावना विकसित भारत के संकल्प को मजबूत कर रही है।

छात्रों से संवाद, स्मारक सिक्के का विमोचन

प्रधानमंत्री ने 'वॉयसेस फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम के तहत 75 मेधावी छात्रों से संवाद किया और भविष्य की तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य तकनीक से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

समारोह में आईआईटी खड़गपुर के 75 वर्ष पूरे होने पर प्लैटिनम जुबली स्मारक सिक्का भी जारी किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह देशों, संस्कृतियों और समुदायों को जोड़ने का माध्यम बनना चाहिए। प्रधानमंत्री ने युवाओं से नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता के जरिए भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की अपील की।

पीएम ने बिहार में 'नितीश सेतु' का लोकार्पण किया

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैशाली की जनसभा में बिहार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने राज्य में सड़क, बिजली, रोजगार और गरीब कल्याण के क्षेत्र में तेजी से काम किया है। उन्होंने दीदारगंज-बिदुपुर छह लेन केबल ब्रिज का लोकार्पण करते हुए इसे 'नितीश सेतु' नाम दिए जाने को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के योगदान का सम्मान बताया। पीएम ने कहा, एक समय बिहार में घोटालों और अपराधों की चर्चा होती थी, लेकिन अब विकास और निवेश की बात हो रही है। उन्होंने कहा, राज्य में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं और बिजली उत्पादन, शहरी परिवहन व सड़क नेटवर्क का विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब कल्याण योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा, करोड़ों परिवारों को पक्के मकान, मुफ्त अनाज, इलाज की सुविधा, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने विकसित बिहार व विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

विदेशी भुगतान पर आरबीआई की राहत

अब 10 लाख रुपये से अधिक के एकल भुगतान पर ही भरना होगा फॉर्म

नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेश से सेवा निर्यात के बदले भुगतान प्राप्त करने वाले कारोबारियों को बड़ी राहत दी है। अब सेवा निर्यात करने वाली कंपनियों और अन्य गैर-व्यक्तिगत निर्यातकों को केवल तभी एक्सपोर्ट डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा, जब विदेश से मिलने वाला एकल भुगतान 10 लाख से अधिक हो। यह सीमा कुल मासिक या वार्षिक प्राप्ति पर नहीं, बल्कि प्रत्येक अलग भुगतान पर लागू होगी। आरबीआई ने 20 नवंबर को जारी स्पष्टीकरण में कहा कि यदि किसी कंपनी को एक बार में 15 लाख रुपये का भुगतान मिलता है तो ईडीएफ दाखिल करना अनिवार्य होगा। वहीं, यदि दो अलग-अलग किश्तों में 8-8 लाख रुपये प्राप्त होते हैं तो फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि किसी भी एक भुगतान की राशि 10 लाख से अधिक नहीं है।

फ्रीलांसरों को राहत बरकरार

आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि व्यक्तिगत सेवा निर्यातकों, जैसे फ्रीलांसर और स्वतंत्र सलाहकारों, को पहले की तरह ईडीएफ दाखिल करने से छूट रहेगी। उन्हें केवल अपने अधिकृत बैंक को भुगतान से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानी होगी, चाहे भुगतान की राशि कितनी भी हो।

सेवा आयात पर भी स्पष्टीकरण: आरबीआई ने सेवा आयात के मामलों में भी स्पष्ट किया है कि 10 लाख रुपये की सीमा प्रत्येक भुगतान नहीं, बल्कि इनवॉयस या अनुबंध की कुल राशि पर लागू होगी। केंद्रीय बैंक का कहना है कि इन संशोधनों का उद्देश्य छोटे निर्यातकों और आयातकों पर अनुपालन का बोझ कम करना तथा विदेशी भुगतान प्रक्रिया को अधिक सरल और तेज बनाना है।

अग्रिम भुगतान व पुराने बिलों पर नियम

गैर-व्यक्तिगत सेवा निर्यातकों को 10 लाख रुपये से अधिक का भुगतान मिलने पर राशि खाते में जमा होने से पहले ईडीएफ दाखिल करना होगा। यदि भुगतान अग्रिम राशि के रूप में मिला है तो संबंधित माह के समाप्त होने के 30 दिनों के भीतर फॉर्म जमा करना होगा। हालांकि, 1 अक्टूबर 2026 से पहले जारी किए गए इनवॉयस पर, भुगतान बाद में मिलने की स्थिति में भी ईडीएफ दाखिल करने की आवश्यकता नहीं होगी।

11 जिलों के 28 केंद्रों पर आज पुनर्मतदान

जयपुर

राजस्थान पंचायत राज चुनाव-2026 के तहत शनिवार, 22 नवंबर को प्रदेश के 11 जिलों के 28 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने पुनर्मतदान की सूची जारी करते हुए बताया कि जिला परिषद के छह तथा पंचायत समिति सदस्य के 22 मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा, जबकि उसी दिन रात 9 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। पुनर्मतदान वाले जिलों में जयपुर, धौलपुर, जोधपुर, सवाई माधोपुर, जैसलमेर, फलोदी, बूंदी, कोटपूतली-बहरोड़, डीग, खैरथल-तिजारा और अलवर शामिल हैं। इनमें जयपुर जिले में सर्वाधिक पांच मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान होगा। इनमें जिला परिषद के दो तथा पंचायत समिति के 3 मतदान केंद्र शामिल हैं।

तकनीकी खराबी के कारण लिया गया निर्णय : जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि जयपुर में जिला परिषद के 57 में से 55 वार्डों तथा पंचायत समिति के 386 में से 383 वार्डों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। मतगणना के दौरान कुछ ईवीएम में तकनीकी खराबी आने के कारण पांच वार्डों के परिणाम घोषित नहीं किए जा सके। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने पुनर्मतदान कराने के निर्देश जारी किए।

इन वार्डों में होगा पुनर्मतदान : आयोग के अनुसार जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र संख्या 13 के बूथ संख्या 60 तथा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 52 के बूथ संख्या 81 पर दोबारा मतदान होगा। वहीं पंचायत समिति दूदू के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 6 के बूथ 62, शाहपुरा के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 6 के बूथ 34 और चौमूं के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 25 के बूथ 142 पर भी पुनर्मतदान कराया जाएगा।

रात में होगी मतगणना : पुनर्मतदान समाप्त होने के बाद शनिवार रात 9 बजे से मतगणना होगी। जिला परिषद के संबंधित वार्डों की मतगणना जिला मुख्यालय पर तथा पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना संबंधित पंचायत समिति मुख्यालयों पर कराई जाएगी। आयोग को उम्मीद है कि पुनर्मतदान के बाद शेष सभी वार्डों के अंतिम परिणाम घोषित हो जाएंगे।

एएसआई हत्या में दूसरा शूटर काबू

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने तरनतारन में 11 अक्टूबर को काउंटर इंटेलिजेंस विंग के एएसआई इकबाल सिंह की हत्या के मामले में दूसरे शूटर भूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा को अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को पहले शूटर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी बहमन को जीरकपुर से गिरफ्तार किया था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि एजीटीएफ मामले में शामिल अन्य सहयोगियों की भूमिका का पता लगाने और हत्या के पीछे की व्यापक साजिश का खुलासा करने के लिए जांच कर रही है।

आईबी एसपी पर चालक ने चलाई गोली, बाल-बाल बचे, आरोपी चालक गिरफ्तार

हरिद्वार।

उत्तराखंड के हरिद्वार में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के एसपी सीपी नौटियाल पर उनके ही चालक ने गोली चला दी। घटना में गोली एसपी के माथे के पास से निकल गई, जिससे उन्हें मामूली चोट आई। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

गाड़ी में बैठे एसपी पर किया फायर : हरिद्वार के एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के अनुसार, एसपी सीपी नौटियाल अपनी गाड़ी में बैठे थे, उसी दौरान उनके अस्थायी चालक विनोद नेगी ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से



अधिकारी को मामूली चोट आई और प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक और एसपी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि चालक ने अधिकारी पर गोली चला दी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात के पीछे वास्तविक कारण क्या था। आरोपी चालक के काम के दबाव और कथित नाराजगी की बातें भी सामने आ रही हैं, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद होगी।

आरोपी से पूछताछ जारी : पुलिस ने आरोपी विनोद नेगी को मौके से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा और हथियार बरामद किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना की पूरी कड़ी जोड़ने में जुटी है। आरोपी संविदा पर चालक के रूप में तैनात था।

सीएम भजनलाल, मदन राठौड़ और अजेय कुमार ने की समीक्षा; सत्ता-संगठन में जवाबदेही पर रहेगा फोकस

हार के बाद भाजपा में मंथन तेज, जिलाध्यक्षों व विधायकों से मांगी रिपोर्ट

जयपुर। राजस्थान पंचायत चुनावों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद भाजपा में हार के कारणों की समीक्षा और जवाबदेही तय करने की कवायद तेज हो गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और संगठन महामंत्री अजेय कुमार के बीच मुख्यमंत्री निवास पर पंचायत चुनाव परिणामों को लेकर देर रात तक बैठक हुई। इसमें चुनावी नतीजों, हार के कारणों और आगामी जिला प्रमुख-प्रधान चुनावों की रणनीति पर चर्चा की गई। पार्टी के सामने चुनौती केवल हार के कारण तलाशने की नहीं, बल्कि सत्ता और संगठन में ऐसे बदलाव करने की भी है, जिससे कांग्रेस की ओर से बनाए जा रहे राजनीतिक माहौल का जवाब दिया जा सके।



संगठन की सक्रियता की होगी समीक्षा

भाजपा संगठन ने सभी जिला अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव परिणाम व हार के कारणों की रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही स्थानीय विधायकों व विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे नेताओं से भी जवाब मांगा गया है। चूंकि पंचायत चुनावों में टिकट वितरण को लेकर विधायकों व स्थानीय नेताओं को काफी महत्व दिया था, इसलिए अब उम्मीदवार चयन, चुनाव प्रबंधन व स्थानीय स्तर पर संगठन की सक्रियता की समीक्षा की जाएगी।

जिला प्रमुख-प्रधान चुनाव अगली परीक्षा

भाजपा के सामने अब जिला प्रमुख और प्रधान चुनाव बड़ी चुनौती हैं। जहां स्पष्ट बहुमत नहीं है, वहां निर्दलीय और छोटे दलों की भूमिका अहम होगी। भाजपा स्थानीय समीकरणों के आधार पर रणनीति बनाने में जुटी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि पार्टी जनता के जनादेश को स्वीकार करती है और कमियों की समीक्षा कर आगे की रणनीति तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

सत्ता-संगठन के तालमेल पर भी उठे सवाल

चुनाव परिणामों के बाद कार्यकर्ताओं की नाराजगी, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और सरकार-संगठन के बीच तालमेल जैसे मुद्दे भी समीक्षा के केंद्र में हैं। पार्टी यह भी देखेगी कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता क्यों कमजोर रही और जनता तक सरकार की योजनाओं का संदेश कितना पहुंच पाया।

आंकड़ों ने बढ़ाई भाजपा की चिंता : पंचायत चुनाव के आंकड़ों ने भाजपा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में चुनौती बढ़ा दी है। जिला परिषद की 1275 सीटों में कांग्रेस ने 794 और भाजपा ने 357 सीटें जीतीं। वहीं पंचायत समिति की 7520 सीटों में कांग्रेस को 3758 और भाजपा को 2213 सीटें मिलीं।

पन्नू हत्या साजिश मामला, निखिल गुप्ता को बीस साल की कैद

वाशिंगटन। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में अमेरिकी अदालत ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को करीब 20 साल (235 महीने) की जेल की सजा सुनाई है। न्यूयॉर्क के सदर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज विक्टर मारेरो ने 80 मिनट की सुनवाई के बाद यह फैसला दिया। निखिल गुप्ता पर अमेरिकी धरती पर पन्नू की हत्या के लिए सुपारी देने की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े आरोप साबित हुए थे।

उन्होंने इस साल की शुरूआत में हत्या की साजिश रचने और अन्य आरोपों में अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। सुनवाई के दौरान पन्नू ने अदालत को बताया कि खतरे की जानकारी मिलने के बाद वह पिछले 1200 से अधिक दिनों से सामान्य जीवन नहीं जी पाया। वहीं, गुप्ता ने अदालत में अपनी भूमिका पर खेद जताया। भारत में पन्नू को आतंकी घोषित किया गया है और उसके संगठन सिख्स फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

भारत सरकार ने इस मामले में किसी सरकारी अधिकारी की संलिप्तता से इनकार किया है। अमेरिका द्वारा आरोपपत्र सार्वजनिक किए जाने के बाद भारत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित की थी।

गृह मंत्रालय ने जनवरी 2025 में बताया था कि समिति ने एक व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की है, जिसकी आपराधिक पृष्ठभूमि भी सामने आई थी।

ट्रेनिंग कैंप नहीं पहुंचे अग्निवीर, जांच शुरू

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने और अग्निवीर से विवाद के बाद वीडियो सामने आने के मामले में सेना मुख्यालय, बीकानेर ने जांच शुरू कर दी है। दोनों अग्निवीर प्रशांत पांडे और राज महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में ट्रेनिंग के लिए जा रहे थे, लेकिन घटना के बाद कैंप नहीं पहुंचे। 12 नवंबर को हुई इस घटना के बाद से दोनों ड्यूटी से भी गायब हैं। रेलवे की ओर से दोनों से टिकट और जुमार्ने की राशि वसूली गई थी। जानकारी अनुसार मेरठ से महाजन ट्रेनिंग कैंप जाते समय दोनों अग्निवीर दिल्ली सराय रोहिला-बीकानेर सुपरफास्ट ट्रेन (12455) के जनरल कोच में बिना टिकट यात्रा कर रहे थे। केसरीसिंहपुर और श्रीकरणपुर के बीच टीटीई नाजू अरोड़ा ने उन्हें पकड़ा। पहली घटना के बाद दोनों अग्निवीर महाजन कैंप जाने के बजाय उसी रात अवध-असम एक्सप्रेस (15910) में सवार हो गए। इस ट्रेन में उनके पास बरेली तक का जनरल टिकट था, लेकिन वे स्लीपर कोच में यात्रा कर रहे थे।

विधायक ने की 20 लाख की अनुशंसा

बीकानेर। बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक जेठानंद व्यास ने वार्ड संख्या 57 में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से 20 लाख रुपए की अनुशंसा की है। विधायक श्री व्यास ने 20 नवंबर को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस संबंध में पत्र भेजा है। इसमें व्यास केशवाणी पंचायत समिति क्षेत्र में सीताराम भवन भाग-2 के पीछे वार्ड संख्या 57 में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण के साथ रसोई, लेट-बाथ सहित अन्य विकास कार्य करवाने की अनुशंसा की गई है। प्रस्तावित कार्यों की क्रियान्वयन एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग बीकानेर होगी। इसके लिए 20 लाख रुपए की राशि प्रस्तावित की गई है। विधायक द्वारा यह अनुशंसा करने पर अध्यक्ष गौरी शंकर व्यास, के के व्यास, शिव शंकर व्यास, अनिल व्यास, अब्दुल जब्बार, प्रयांश व्यास, दिनेश चावड़ा, सुशील कुमार आचार्य आदि ने विधायक का आभार जताया।

श्रीगंगानगर: एसबीआई एवं यूनियन बैंक के ऋण खातों के बकाया से जुड़े प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया गया

विशेष लोक अदालत में 9.37 करोड़ रुपये से अधिक के अवार्ड पारित किये

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर ।

श्रीगंगानगर न्यायक्षेत्र में शनिवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक के ऋण खातों के बकाया से जुड़े प्री-लिटिगेशन प्रकरणों तथा न्यायालयों में धारा 138 एन.आई.एक्ट के लंबित मामलों के निस्तारण हेतु वृहद स्तर पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह विशेष लोक अदालत जिला मुख्यालय सहित तालुका मुख्यालयों अनूपगढ़, सूरतगढ़, रायसिंहनगर, करणपुर, सादुलशहर, घड़साना, विजयनगर और पदमपुर में आयोजित हुई।



न्याय क्षेत्र में 11 बैंचों का किया गया गठन

मामलों के आपसी सहमति से राजीनामे के माध्यम से निस्तारण के लिए न्यायक्षेत्र में कुल 11 बैंचों का गठन किया गया, जिनमें न्यायिक अधिकारी अध्यक्ष तथा प्रोनो-बोनो अधिवक्ता सदस्य के रूप में शामिल रहे। श्रीगंगानगर मुख्यालय की प्रो-बोनो बैंच के अध्यक्ष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नरेश कुमार जैन तथा सदस्य श्री नवीन पारीक रहे। प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश सुथार (एडीजे) ने बताया कि लोक अदालत में एसबीआई और यूनियन बैंक के कुल 3,455 प्री-लिटिगेशन प्रकरण रैफर किए गए, जिनमें से 27 मामलों का राजीनामे से निस्तारण कर 63,13,672 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। वहीं, न्यायालयों में लंबित एन.आई.ए.क्ट के 4,782 प्रकरणों में से 432 मामलों का निस्तारण करते हुए 8,74,25,410 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। कुल मिलाकर 8,237 प्रकरणों में से 459 मामलों का आपसी समझौते से निस्तारण किया गया और 9,37,39,082 रुपये के अवार्ड पारित हुए। इस आयोजन से ऋणधारकों को बड़ी राहत मिली, वहीं बैंकों को भी एन.पी.ए. खातों के निस्तारण में उल्लेखनीय सफलता हासिल हुई।

वायु प्रदूषण का खतरा : जहरीली हवा बदल सकती है डीएनए की संरचना

श्रीगंगानगर सहित आसपास के शहरों में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक, विशेषज्ञों ने कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के खतरे पर जताई चिंता



21 नवंबर 2026 को श्रीगंगानगर और आसपास के प्रमुख शहरों का वायु गुणवत्ता स्तर (एक्यूआई)

शहर	एक्यूआई स्तर	स्थिति
श्रीगंगानगर	करीब 153 (दिनभर 211-325)	गंभीर
हनुमानगढ़	करीब 163-190	खराब
अबोहर	करीब 344	गंभीर
बठिंडा	करीब 264	बहुत खराब
सिरसा	करीब 469	खतरनाक

- 0-50: अच्छा
- 51-100: संतोषजनक
- 101-200: खराब
- 201-300: बहुत खराब
- 301-400: गंभीर
- 401 से ऊपर: खतरनाक

श्रीगंगानगर। वायु प्रदूषण अब केवल सांस संबंधी समस्याओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह मानव शरीर की आंतरिक संरचना को भी प्रभावित कर सकता है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि प्रदूषित हवा में मौजूद जहरीली धातुएं डीएनए संरचना में बदलाव कर सकती हैं, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। श्रीगंगानगर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी वायु गुणवत्ता चिंता का विषय बनी हुई है। 21 नवंबर को श्रीगंगानगर में प्रदूषण का स्तर दिनभर अलग-अलग मॉनिटरिंग स्टेशनों पर बदलता रहा। कुछ रिपोर्टों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया, जबकि कुछ स्थानों पर यह 200 के आसपास रहा। आसपास के क्षेत्रों में सिरसा और अबोहर में प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक दर्ज किया गया, जबकि हनुमानगढ़ की हवा भी खराब श्रेणी में बनी रही।

चेतावनी: प्रदूषक तत्व डीएनए को पहुंचा सकते हैं नुकसान: इस बीच दिल्ली में आयोजित शहरी वायु प्रदूषण, जलवायु और जन स्वास्थ्य पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों पर चर्चा की। शोधकताओं ने बताया कि पीएम 2.5 और पीएम 1 जैसे सूक्ष्म प्रदूषक शरीर में प्रवेश कर कोशिकाओं तक पहुंच सकते हैं। शोध के अनुसार, लेड, कैडमियम, आर्सेनिक, क्रोमियम, निकेल और पारा जैसी जहरीली धातुएं डीएनए को नुकसान पहुंचा सकती हैं। यदि डीएनए को बार-बार क्षति पहुंचती है और शरीर की मरम्मत प्रणाली कमजोर पड़ जाती है तो कोशिकाओं में आनुवंशिक बदलाव जमा हो सकते हैं। इससे कोशिकाओं के अनियंत्रित विकास और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

दिल्ली में विशेषज्ञों ने सुझाए प्रदूषण नियंत्रण के उपाय: इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश के करीब 200 वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने पीएम 2.5 और पीएम 1 में मौजूद धात्विक तत्वों का विस्तृत अध्ययन करने पर जोर दिया, ताकि प्रदूषण के वास्तविक प्रभावों को समझा जा सके।

अर्थ रूट फाउंडेशन और दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की ओर से आयोजित सम्मेलन में वक्ताओं ने जलवायु अनुकूल शहरों के निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण और जन स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता बताई। विशेषज्ञों के अनुसार, बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए केवल व्यक्तिगत बचाव उपाय पर्याप्त नहीं हैं।

युवाओं को पारंपरिक अश्वपालन से जोड़ने का प्रयास किया जाएग

24 से सजेगा भव्य अश्व मेला, 25 को सर्किल स्टाइल कबड्डी का महामुकाबला

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। शहर में आगामी 24 नवंबर से शुरू होने वाले भव्य अश्व मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में अश्व मेला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले को और अधिक आकर्षक बनाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों व पारंपरिक अश्व पालन से जोड़ने के उद्देश्य से 25 नवंबर को सर्किल स्टाइल कबड्डी महामुकाबले का आयोजन भी किया जाएगा।



नशे के खिलाफ देंगे संदेश

'नशा मुक्त युवा, सशक्त समाज' के संदेश को आगे बढ़ाते हुए जिला कबड्डी संघ, हनुमानगढ़ द्वारा महाराणा प्रताप अश्व पालक समिति के सहयोग से 25 नवंबर को अश्व मेला प्रांगण, श्रीगंगानगर में सर्किल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा ।

कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

निरीक्षण के दौरान ये रहे मौजूद

मेला मैदान के निरीक्षण के मौके पर अश्व मेले के कार्यवाहक अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह बराड़ (5 चक), सचिव अमन भुंवाल (मिजेर्वाला), उपाध्यक्ष रणदीप बराड़ (44 जीजी), गुरमीत सिंह, नितिन बत्तरा, अंग्रेज सिंह और नवजोत चयल आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

निरीक्षण के दौरान कमेटी ने मेले के ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाहर से आने वाले अश्वपालकों, व्यापारियों और अश्वों के लिए पेयजल, बिजली, छाया और साफ-सफाई सहित सभी आधारभूत सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, मेले में सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि गश्त और पर्याप्त रोशनी (लाइट) की पुख्ता व्यवस्था रखने के लिए भी निर्देशित किया गया।

आरपीएससी का नवाचार, शुरू की संवाद सुविधा

श्रीगंगानगर। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने अभ्यर्थियों की समस्याओं और शंकाओं के समाधान के लिए संवाद सुविधा शुरू की है। आयोग अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह राठौड़ की पहल पर शुरू हुई इस व्यवस्था के माध्यम से अब अभ्यर्थी आयोग के अधिकारियों और सदस्यों से सीधे संवाद कर सकेंगे। विभाग से मिली जानकारी अनुसार कैंडिडेट ग्रीवांस पोर्टल पर 'संवाद' विकल्प के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अपनी समस्या का विस्तृत विवरण दे सकेंगे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करने के बाद संबंधित अभ्यर्थियों के समूह को संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जाएगा।आयोग की ओर से प्रत्येक माह दो बार संवाद कार्यक्रम आयोजित होगे। इनमें आयोग अध्यक्ष या उनके द्वारा मनोनीत सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

तुलसी-शालिग्राम विवाह करवाया



श्रीगंगानगर। देवउठनी ग्यारस के अवसर पर उत्कर्ष सेवा समिति के तत्वावधान में उत्कर्ष महिला मंडल द्वारा तुलसी-शालिग्राम विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक जमना जैन ने बताया कि आयोजन की शुरूआत भजन-कीर्तन से हुई। धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धार्मिक ज्ञान से जुड़े सवालों के जवाब दिए। समारोह का विशेष आकर्षण तुलसी-शालिग्राम विवाह की रस्में रहीं। महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा के साथ विवाह की रस्में निभाई तथा तुलसी जी को मेहंदी अर्पित की। इसके बाद उपस्थित सभी महिलाओं को मेहंदी भेंट की गई। इस दौरान अनु शर्मा, हेमा शर्मा, शीनम जैन, भावना जैन, मोनिका गोयल, संगीता चितारा, शीला सिंगल, सुमन अग्रवाल, उषा अग्रवाल व महिला मंडल की अनेक सदस्य मौजूद रहीं।

देवउठनी ग्यारस पर तुलसी-शालिग्राम विवाह

श्रीगंगानगर। भाविप महिला प्रगति शाखा एवं एकता मंच महिला शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में देवउठनी ग्यारस पर तुलसी-शालिग्राम विवाह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन, नृत्य एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शाखा अध्यक्ष मंजू गर्ग ने बताया कि तुलसी-शालिग्राम विवाह संपन्न कराया गया। तुलसी जी को मेहंदी अर्पित की गई तथा सभी महिलाओं को मेहंदी भेंट कर प्रसाद वितरित किया गया। सुनीता गोयल, गीता कपूर, राधा बांबूरी, सुमन गोयल, परम शर्मा, सुषमा शर्मा, शालिनी गर्ग, सीमा नारंग, अंजू गलहोत्रा, मीनू पटवा, निशा, उषा, अंजलि चुग, सुमन शर्मा सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

श्रीमती सुनीता टांटिया कैंसर केयर यूनिट में विशेषज्ञों की टीम देगी सेवाएं

श्रीगंगानगर : जनसेवा हॉस्पिटल में कैंसर केयर यूनिट शुरू

श्रीगंगानगर। टांटिया यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित डॉ. एसएस टांटिया मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के जन सेवा हॉस्पिटल में श्रीमती सुनीता टांटिया कैंसर केयर यूनिट की ओपीडी सेवाएं विधिवत शुरू हो गई हैं। इससे क्षेत्र में कैंसर उपचार की अत्याधुनिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो गई हैं। शुभारंभ अवसर पर मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य, सर्वजन के आरोग्य और सुख-समृद्धि की कामना के साथ हवन किया गया। हवन में टांटिया यूनिवर्सिटी की चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता टांटिया, मुख्य मार्गदर्शक डॉ. विशु टांटिया, टांटिया हॉस्पिटल की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. नेहा टांटिया, यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया, प्रिंसिपल आर्किटेक्ट अमीषा टांटिया, स्नेहा अग्रवाल और संतोष चांडक ने आहुतियां दीं।



मरीजों को बड़े शहरों में जाने की जरूरत न पड़े

यूनिट में उन्नत रेडिएशन थेरेपी तकनीक, कॉनफॉर्मल रेडिएशन थेरेपी, स्टीरियोटैक्टिक रेडिएशन थेरेपी, एडेप्टिव थेरेपी, कीमोरेडिएशन, सिस्टमिक थेरेपी, ऑर्गन-प्रिजर्वेशन आधारित उपचार, पैलसिएटिव रेडिएशन तथा सपोर्टिव कैंसर केयर की सुविधाएं मिलेंगी। विशेषज्ञ सेवाओं के तहत डॉ. प्रकाश भगत सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. मानवेंद्र सिंह रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डॉ. हर्ष पाल न्यूक्लियर मेडिसिन एवं जांच तथा डॉ. धर्मपाल जाखड़ मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हेमेटोलॉजी के तहत कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी व रक्त कैंसर का उपचार करेंगे। वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया ने कहा कि विश्वस्तरीय उपचार व विशेषज्ञ परामर्श स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना उद्देश्य है, ताकि मरीजों को बड़े शहरों में जाने की जरूरत न पड़े।

इन्होंने बताया

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. बलजीत कुलड़िया ने बताया कि इस कैंसर केयर यूनिट में आधुनिक जांच एवं उपचार की विविध सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाई गई हैं। समारोह में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विजय के सहगल, एमएस डॉ. एचएस बिंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेंद्र गोदारा, वेटनरी डीन डॉ. पीएस बराड़, विधि संकाय डीन डॉ. सौरभ गर्ग, होम्योपैथी संकाय डीन डॉ. चरणजीत सिंह, प्राचार्य डॉ. पीके चक्रवर्ती, शारीरिक शिक्षा संकाय डीन डॉ. सुरजीत सिंह कस्वां, फैक्लटी ऑफ डिजाइन कॉर्डिनेटर डॉ. विशाल छाबड़ा, टांटिया समूह महाप्रबंधक डॉ. विकास सचदेवा, जन सेवा हॉस्पिटल एएमएस डॉ. शशि शर्मा और प्रबंधक वेद चौधरी सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

रिद्धि-सिद्धि गुरुद्वारा की ओर से नगर कीर्तन आज



श्रीगंगानगर। रिद्धि-सिद्धि गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह बाबा फतह सिंह में गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन का आयोजन 20 नवम्बर को प्रातः 9:15 बजे से किया जाएगा। यह नगर कीर्तन रिद्धि-सिद्धि प्रथम, द्वितीय व मानसरोवर के मुख्य मार्गों से गुजरेगा। रिद्धि-सिद्धि के श्रद्धालु उत्साह के साथ इस नगर कीर्तन की तैयारियों में लगे हुए हैं।

अस्पताल के एनआईसीयू से स्वस्थ बच्चों व परिवारों के लिए विशेष कार्यक्रम

गीतांजली हॉस्पिटल में नन्हे वॉरियर्स की स्वस्थ यात्रा का जश्न

सीमा सन्देश # जयपुर।

विश्व समयपूर्व जन्म देखभाल सप्ताह के अवसर पर गीतांजली हॉस्पिटल में एनआईसीयू (नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) से उपचार के बाद स्वस्थ होकर घर लौटे बच्चों और उनके परिवारों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में नन्हे एनआईसीयू वॉरियर्स और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य स्वस्थ हुए बच्चों की प्रेरणादायक यात्रा साझा करना, खुशियों के पल बिताना और नवजात शिशुओं की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान माता-पिता को विशेषज्ञ चिकित्सकों से व्यक्तिगत संवाद का अवसर मिला, जहां बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा भावी सावधानियों से जुड़े सवालों पर मार्गदर्शन दिया गया।



टीम ने बताया कि छुट्टी के बाद नियमित जांच, उचित पोषण और विकास की निगरानी आवश्यक है। यह आयोजन बच्चों की हिम्मत, परिवारों के धैर्य और चिकित्सकों की समर्पित देखभाल की साझा यात्रा का माध्यम बना, जिससे हॉस्पिटल ने बेहतर उपचार और निरंतर सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई।

मनोरंजक गतिविधियां आयोजित

बच्चों और परिवारों के लिए मनोरंजक गतिविधियां भी हुईं, जिनसे अभिभावकों ने अनुभव साझा कर स्वस्थ होने की यात्रा को यादगार बनाया। लंबे उपचार के बाद स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ते बच्चों को एक साथ देख परिवारों में विशेष उत्साह और खुशी दिखी। इस अवसर पर डॉ. अविनाश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, न्यूनैटॉलॉजी, डॉ. अशोक गुप्ता, डीन एवं प्रिंसिपल, गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस व प्रोफेसर, पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट, डॉ. लीला व्यास, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजी, डॉ. ममता चौधरी, डॉ. निकिता जैन, डॉ. विदिशा पायल तथा एनआईसीयू टीम के डॉ. ईशा, डॉ. विष्णु, डॉ. दृष्टि, डॉ. शेरीन, डॉ. पुष्पराज और नर्सिंग टीम के बद्रीनाथ, पंकज, मोनिका व अंकिता ने समय पर उपचार, विशेषज्ञ सेवाओं और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

प्रकृति से जुड़ी रचनात्मकता का प्रदर्शन

श्रीगंगानगर। डीएवी कॉलेज, श्रीगंगानगर के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से 21 नवंबर को 'आर्ट ऑफ नेचर' विषय पर एक दिवसीय रचनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने प्रकृति से प्राप्त सूखे फूलों, पत्तियों और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। कार्यशाला का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के रचनात्मक उपयोग को बढ़ावा देना, कला और प्रकृति के संबंध को समझाना तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कला कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. मीनू पुनिया ने कहा कि प्रकृति स्वयं कला का सबसे सुंदर स्रोत है। ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने के साथ उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाती हैं।

पेंशनर्स के लिए डिजिटल जीवित प्रमाण-पत्र शिविर लगाया

55 पेंशनरों के डिजिटल जीवित प्रमाण-पत्र बनाए गए



श्रीगंगानगर। तपोवन वरिष्ठजन सेवा समिति द्वारा शनिवार को पेंशनर्स के लिए डिजिटल जीवित प्रमाण-पत्र शिविर लगाया गया। सचिव मनीराम सेतिया ने बताया कि जवाहरनगर स्थित तपोवन वरिष्ठजन हथाई सेंटर में अध्यक्ष मदनलाल जोशी के नेतृत्व में लगाये इस शिविर में शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा तथा सहायक कृषि अधिकारी अनिल कुमार ने सेवाएं दी। सर्वप्रथम पेंशनर निर्मला देवी पत्नी अशोक कुमार टंडन का डिजिटल जीवित प्रमाण-पत्र बनाया गया। शिविर में 55 पेंशनरों के डिजिटल जीवित प्रमाण-पत्र बनाए गए। शिविर आयोजन में तपोवन ट्रस्ट अध्यक्ष महेश पेड़ीवाल तथा प्रभारी शंकर दुग्गल व सुरेन्द्र कुमार शर्मा का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर केएल पब्बी, नरेन्द्र शर्मा, विनोद माहना, राधाकृष्ण चलाना, रामप्रताप कलवासिया, मुंशीराम, श्यामलाल कुक्कड़, राजेन्द्र सिंह सहित सेवा समिति पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष मदनलाल जोशी ने शिविर में पहुंचे अधिकारियों को सम्मानित किया तथा सभी का आभार व्यक्त किया।

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
26.2°	13.0°

आर्द्रता

सुबह	शाम
78%	61%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:36PM

कल का सूर्योदय

07:06AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम)
₹1,23,590
(22 कैरेट/10 ग्राम)
₹1,14,370

चांदी
(प्रति किलो)
₹1,51,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

अन्नकूट एवं देव दीपावली उत्सव 24 को

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। सूरतगढ़ रोड पर राजकीय जिला चिकित्सालय के सामने स्थित अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में मंगलवार, 24 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर अन्नकूट महोत्सव एवं देव दीपावली उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया जाएगा। इस विशिष्ट आयोजन के तहत सुबह 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक अखंड रामचरितमानस भोग, गोवर्धन झांकी एवं परिक्रमा, छप्पन भोग, भजन-कीर्तन एवं आरती तथा अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन होगा। भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन पर्वत की मनोहारी झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। मंदिर प्रबंधन ने सभी भक्तजनों को आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आमंत्रण दिया है।

फौजी पाइप बैंड व स्कूली बच्चों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर, 30 अधिक जगहों पर की गई पुष्प वर्षा व लगाया लंगर

श्री गुरुनानक देव जी 557वें प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन; ढाई क्विं. फूलों से सजी पालकी, 40 योद्धाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



सिख धर्म के प्रथम पातशाही जगतगुरु साहिब श्री गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को शहर में भक्ति और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार साहिब से पंज प्यारों की अगुवाई में भव्य एवं अलौकिक नगर कीर्तन निकाला गया। इस दौरान पूरा शहर 'सतनाम श्री वाहेगुरु' और 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठा। दोपहर को गुरुद्वारा साहिब से अरदास के उपरांत नगर कीर्तन रवाना हुआ।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप को फौजी पाइप बैंड सहित फ्लोराडेल पब्लिक स्कूल एवं श्री गुरुनानक गर्ल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने बैंड की मधुर धुनों के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर विदा किया। पालकी साहिब को जयपुर से विशेष रूप से मंगवाए गए करीब 2.5 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से बेहद आकर्षक रूप से सजाया गया था। नगर कीर्तन के दौरान रणजीत नगारा अखाड़ा गतका पार्टी के मास्टर जसवंत सिंह के नेतृत्व में बच्चों व युवतियों सहित 40 योद्धाओं ने तलवारबाजी, लाठी चालन और अन्य हैरतअंगेज करतब दिखाकर संगत को रोमांचित कर दिया। नगर परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाकर इलाके की खुशहाली, शांति और समृद्धि की अरदास की। इसमें श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी, माता गुजरी स्त्री सत्संग सभा सहित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शाम को नगर कीर्तन पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुआ। मार्ग में 30 से अधिक स्थानों पर संगत ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और चाय, पकौड़े, मीठे हलवे, बिस्कुट व फलों का प्रसाद वितरित किया।

यह रहेगी आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा

गुरुद्वारा प्रधान गुरबचन सिंह वासन ने प्रकाशोत्सव के तहत होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि रविवार सुबह 7 बजे निशान साहिब के चोले की सेवा होगी। इसके बाद सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ किया जाएगा। शाम 5 से 6 बजे तक श्री सहज पाठ धर्म प्रचार कमेटी द्वारा सिमरन समागम तथा शाम 7 बजे से बच्चों की गुरबाणी शब्द गायन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला होगा। मंगलवार प्रतियोगिता के जूनियर व सीनियर वर्ग के विजेताओं को मुख्य समागम में पुरस्कृत किया जाएगा, साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। बुधवार सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद सुबह 9:30 बजे से देर रात तक विशेष कीर्तन दीवान सजाए जाएंगे। इसमें पंथ प्रसिद्ध रागी जत्थे व कथावाचक गुरु जस का गुणगान करेंगे। रात्रि 12 बजे भव्य रंगीन आतिशबाजी के साथ प्रकाशोत्सव मनाया जाएगा।



गुरुनानक देव जी के संदेशों को दर्शाया



नगर कीर्तन के दौरान स्कूल कॉलेज की छात्राएं श्रीगुरुनानक देवजी के दिये गये संदेशों की तख्तियां लेकर चल रही थी। इनमें गुरुनानक देवजी के समूह जगत के लिए दिये गये शबद संदेश कुछ इस प्रकार लिखे थे -'नानक नाम चड़दी कला, तेरे भाणे सरबत दा भला।...', 'नानक नाम जहाज है ...', 'पवन गुरु पाणी पिता, माता धरत महतु।...', 'गुरमुखी नाम धिआईए, मनमुखि बूझ न पाई।...'। इनके माध्यम से गुरु महिमा के बखान के साथ साथ पर्यावरण व प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। इसी प्रकार अंग्रेजी में ए, बी, सी, डी... लिखी तख्तियों पर एक ओंकार, दान, ज्ञान, निर्भय, परमात्मा के हुकुम की पालना आदि के पवित्र संदेश लिखे हुए थे।

श्याम जन्मोत्सव पर बाबा श्याम को लगा खीर चूरमे का भोग, उमड़े श्रद्धालु

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में चल रहे तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन बारस पर श्याम श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला के अनुसार प्रातः काल से ही श्याम श्रद्धालु रंग बिरंगी ध्वजा लहराए मंदिर प्रांगण में पहुंच रहे थे। इस मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर अपनी अपनी मन्नतें मांगी। पूरे दिन भर श्रद्धालुओं का मेला मंदिर प्रांगण में लगा रहा। बाबा श्याम का



बाहर से मंगवाये गये विभिन्न प्रकार के फूलों से अद्भुत शृंगार किया गया। प्रातः सवा आठ बजे बाबा श्याम को खीर चूरमे की सवामणी का भोग लगाकर श्याम श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। सेवा कार्य में विजय कुमार, एडवोकेट मनीष भारद्वाज, आशीष शर्मा आदि श्याम श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। शेरेवाला ने बताया कि शुक्रवार रात्रि हुए विशाल संकीर्तन में भजन प्रवाहक अमित शेरेवाला (सूरत गुजरात) ने अपने मधुर भजनों से ऐसा बांधा की श्रद्धालु झूम उठे। मंदिर प्रांगण बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा के के शर्मा, दीपांशु शर्मा, जयमल टाक, राजेश सेन आदि ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात्रि तक बाबा श्याम के दरबार में श्यामभक्तों की कतारे लगी रही। रात्रि को 11 बजे मिल्क केक का भोग अर्पित करने के साथ ही श्याम श्रद्धालुओं द्वारा रंगीन आतिशबाजी भी की गई। शेरेवाला ने बताया कि 22 नवम्बर को जन्मोत्सव मेले का समापन सायं 7 बजे विशाल भजन सन्ध्या के साथ होगा। इसमें शहर के प्रमुख भजन प्रवाहक आये हुए श्रद्धालुओं को अपने भजनों के माध्यम से निहाल करेंगे।

नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्री गुरुनानकदेवजी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार से शनिवार को निकाले गए नगर कीर्तन का हिन्दी प्रचार समिति तथा तेरी सेवा ट्रस्ट द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। महासचिव मनीराम सेतिया ने बताया कि समिति अध्यक्ष जगीर फरमा तथा ट्रस्ट अध्यक्ष जसपाल सिंह के नेतृत्व में नगर कीर्तन के पी ब्लॉक पहुंचने पर पुष्प वर्षा की तथा श्रद्धालुओं को गर्म दूध पिलाया एवं नमकीन चावल तथा मीठे गुड़ के शक्करपारे का प्रसाद वितरित किया। इस दौरान समिति तथा ट्रस्ट पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

बार संघ चुनाव: वार्षिक शुल्क जमा करवाने की प्रक्रिया तेज

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। आगामी 11 दिसंबर को होने वाले बार संघ के चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी औपचारिकताओं को पूरा करने के तहत आज बार संघ कार्यालय में अधिवक्ताओं से निर्धारित 600 रुपए वार्षिक शुल्क जमा करवाने का कार्य जारी है। शुल्क जमा होने और रिकॉर्ड अद्यतन किए जाने के बाद सोमवार को अधिवक्ताओं की संशोधित मतदाता सूची जारी होगी। बार संघ के कर्मचारी शनिवार सुबह से कार्यालय में अधिवक्ताओं से 600 रुपए वार्षिक शुल्क स्वीकार कर संबंधित रिकॉर्ड को अपडेट करने में जुटे रहे, ताकि समय रहते मतदाता एवं पात्रता से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा सकें। अधिवक्ता दीपक सेतिया ने बताया कि संशोधित सूची जारी होने से अधिवक्ताओं को अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर मिलेगा और पूरी चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकेगी। वहीं चुनाव से ठीक पहले आधे से ज्यादा अधिवक्ताओं के मताधिकार समाप्त किए जाने के फैसले से बार संघ में चुनावी माहौल गर्माया हुआ है। बार संघ में कुल 2047 अधिवक्ता पंजीकृत हैं, लेकिन सात सदस्यीय कमेटी की छंटनी के बाद करीब 1077 वकीलों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इस छंटनी के बाद अब केवल 970 अधिवक्ता ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे, जिसे लेकर वंचित वकीलों में रोष देखा जा रहा है। सात सदस्यीय कमेटी के सदस्य एवं एडवोकेट विपिन सिद्ध ने बताया कि 28 सितंबर को आयोजित आमसभा की बैठक में यह मुद्दा उठा था कि कई वकील पंजीकृत तो हैं, लेकिन वे नियमित प्रैक्टिस के बजाय अन्य व्यवसायों में सक्रिय हैं। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के बाद बनी कमेटी ने ऐसे गैर-प्रैक्टिसिंग अधिवक्ताओं की पहचान कर सूची से नाम हटाए, हालांकि अन्य कार्यों के साथ न्यायालय में नियमित पैरवी करने वालों को सूची में शामिल रखा गया है। अधिवक्ता विजय चावला ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया पर 20 नवंबर तक संबंधित अधिवक्ताओं से आपत्तियां मांगी गई थीं। 290 अधिवक्ताओं की निर्धारित अवधि में आपत्तियां प्राप्त हुई। शनिवार को इनका निस्तारण नहीं हो सका। ऐसे में सोमवार को कमेटी द्वारा विचार-विमर्श के बाद निस्तारण कर संशोधित सूची जारी कर दी जाएगी।

जिलेभर में हुई मतदाता जागरूकता क्विज एवं लेख प्रतियोगिता



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिले के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता क्विज एवं लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं निर्वाचन संबंधी विषयों पर अपनी जानकारी और विचारों को अभिव्यक्त किया। आयोजन के लिए जिला स्वीप समन्वयक श्री रमन कुमार असीजा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त मानक प्रश्नों के आधार पर डिजिटल क्विज तैयार कर विद्यालयों एवं विद्यार्थियों के साथ साझा की गई। प्रतियोगिता की विशेष पहल के रूप में प्रतिभागियों को पूर्णतः डिजिटल प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस नवाचार की विशेष उपलब्धि यह रही कि हनुमानगढ़ एवं डीग जिले द्वारा भी इन नवाचारों को अपनाया गया तथा उनकी सराहना की गई। विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों की सूची संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) कार्यालयों को भिजवा दी गई है। अब विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का आयोजन किया जाएगा।

होटल से कॉपर वायर के बंडल चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे अब बिना किसी डर के चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला आजाद नगर गार्डन क्षेत्र का है, जहां अज्ञात चोरों ने 'होटल आजाद गार्डन' को अपना निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार, यह घटना 20 नवंबर की सुबह लगभग 4:45 बजे की है। चोर होटल परिसर में रखे कीमती कॉपर वायर (तांबे के तार) के बंडल चुराकर फरार हो गए। चोरी की यह पूरी वारदात परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि दो व्यक्ति इस वारदात को अंजाम दे रहे हैं। चोर चोरी किए गए कॉपर वायर के बंडलों को एक डीजल ऑटो में लादकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिस पर लाइट लगी हुई है। सबसे खास बात यह है कि सीसीटीवी फुटेज में चोरों के चेहरे भी स्पष्ट रूप से कैद हो गए हैं। घटना के सामने आने के बाद आजाद गार्डन के अमित आजाद ने इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया है। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को भी फुटेज में दिख रहे इन संदिग्ध व्यक्तियों या इस डीजल ऑटो के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत सूचित करें। हालांकि, इस मामले में अभी तक संबंधित पुलिस थाने में इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है। फिलहाल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो के आधार पर स्थानीय स्तर पर चोरों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

रेल ट्रैक ब्लास्ट मामला: पाक हैंडलर को लोकेशन भेजने वाला प्रोडक्शन वारंट पर किया गिरफ़्तार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। 50 जीबी में रेलवे ट्रैक पर हुए विस्फोट के बाद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है, वहीं इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए पंजाब की



गुरदासपुर जेल में बंद आरोपी हरप्रीत सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। शुरूआती जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आरोपी ने वॉट्सऐप के जरिए पाकिस्तान में बैठे आतंकी हैंडलर 'शाह' को रामसिंहपुर इलाके की लोकेशन भेजी थी। दूसरी ओर, इस धमाके के बाद सीमावर्ती राज्यों की पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चंडीगढ़ में एक उच्च स्तरीय बैठक भी आयोजित की गई है। इधर रेलवे ट्रैक विस्फोट और सीमा पार से बढ़ रही गतिविधियों को देखते हुए चंडीगढ़ में केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक बड़ी बैठक हुई। इसमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू और उत्तराखंड के पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक में पंजाब के डीजीपी, बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश, हरियाणा के आईजीपी, पंजाब और हिमाचल के सीईओ सहित जम्मू और उत्तराखंड के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सीमा पार से होने वाली तस्करी, आतंकी नेटवर्क और अन्य कई गंभीर मामलों को लेकर गहन चर्चा की गई।

जेलों से चल रहा नेटवर्क: बैठक के बाद बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने सुरक्षा से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर जानकारी दी। आईजी के अनुसार पंजाब के लुधियाना, मोगा, गुरदासपुर और फिरोजपुर के कुछ गांवों को संवेदनशील 'हॉटस्पॉट' (समस्या वाले इलाकों) के रूप में चिह्नित किया गया है। जलालाबाद और फिरोजपुर की जेलें ड्रोन के जरिए सामान (हथियार/विस्फोटक/नशा) गिराने की घटनाओं का मुख्य केंद्र बनी हुई हैं। जेलों से चल रहे इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए पंजाब के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है कि इन संवेदनशील जेलों से कुख्यात कैदियों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए।

फायरिंग केस में भी आ चुका है हरप्रीत का नाम: इधर, गिरफ्तार आरोपी हरप्रीत सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला है कि उसने आइएसआई के कहने पर 24 अक्टूबर को गुरदासपुर में अकाली दल के कार्यकर्ता पर फायरिंग की थी। इसी मामले में पंजाब पुलिस ने उसे पकड़कर जेल भेजा था और वहां उस पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। उसके मोबाइल से पाकिस्तान में यहां की लोकेशन भेजने के सबूत मिले हैं। अब राजस्थान पुलिस उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर आई है।

आईपीएस नितिन चौधरी की टीम ने जोड़ी कड़ियां: इस पूरे मामले की जांच कर रहे अधिकारी प्रशिक्षु आईपीएस व सीओ शहर नितिन चौधरी और उनकी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अब हरप्रीत सिंह (20 साल) पुत्र मनजीत सिंह निवासी बड़ा साहूर कलां पुलिस थाना कलांनौर जिला गुरदासपुर पंजाब से गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि विस्फोटक सामग्री मौके तक किसने और कैसे पहुंचाई और पाकिस्तान से निर्देश भेजने वाले हैंडलर 'शाह' के नेटवर्क में और कौन-कौन से स्थानीय लोग शामिल हैं। फिलहाल 50 जीबी रेल पटरी ब्लास्ट मामले में पुलिस का अनुसंधान तेजी से जारी है और संदिग्धों की धरपकड़ के लिए कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

छह दिसंबर को होगा 'श्रीगंगानगर साइक्लोथॉन 2026' का आयोजन

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर । स्वस्थ एवं फिट श्रीगंगानगर के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 6 दिसंबर को श्रीगंगानगर में 'श्रीगंगानगर साइक्लोथॉन 2026' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शहीद मेजर हरबंस सिंह चहल को समर्पित रहेगा। सोसायटी अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के अनुसार साइक्लोथान के माध्यम से आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। सोसायटी ने श्रीगंगानगर के समस्त नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों एवं साइकिलिंग प्रेमियों से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साइक्लोथॉन केवल एक साइकिल रैली नहीं, बल्कि स्वस्थ, जागरूक और फिट समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प है। साइक्लोथॉन 2026 के लिए पंजीकरण प्रारंभ है।

प्रतिभागियो की यह तीन श्रेणी: आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग एवं शारीरिक क्षमता के प्रतिभागियों के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इनमें 42 किलोमीटर की सहनशक्ति चुनौती, 25 किलोमीटर की फिटनेस राइड तथा 10 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए 8 से 10 किलोमीटर की मनोरंजक एवं जनसामान्य साइकिल राइड शामिल है। 42 किलोमीटर की सहनशक्ति चुनौती प्रातः 6:30 बजे प्रारंभ होगी, जिसके लिए 2 घंटे 30 मिनट का निर्धारित समय रहेगा। वहीं 25 किलोमीटर की फिटनेस राइड प्रातः 7:00 बजे शुरू होगी और इसे पूरा करने के लिए 1 घंटा 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 8 से 10 किलोमीटर की मनोरंजक एवं जनसामान्य राइड प्रातः 8:15 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं एवं आम नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले सकेंगे।

'गंगा पार्क' बदहाल: हरियाली की जगह अवैध पार्किंग का कब्जा, 11 साल से उजड़ा लोगों का सपना

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



वार्ड नंबर 59 स्थित रेगर मोहल्ले का 'गंगा पार्क' इन दिनों प्रशासनिक अनदेखी और अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है। स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ वातावरण, बच्चों को खेलने के लिए मैदान और बुजुर्गों को सुबह-शाम टहलने की सुविधा देने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में इस पार्क का निर्माण कराया गया था। लेकिन महज 11 वर्षों के भीतर ही यह सार्वजनिक पार्क अपनी मूल पहचान खोकर एक ह्यअवैध पार्किंग स्थलह्न में तब्दील हो गया है। वर्तमान स्थिति यह है कि पार्क के अंदर और मुख्य प्रवेश द्वार के आसपास स्थानीय लोगों द्वारा धड़ल्ले से अपने दुपहिया और चौपहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। वाहनों की आवाजाही और बेतरतीब पार्किंग के कारण पार्क की हरियाली पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। जिस स्थान पर हरी घास और फूलों के पौधे होने चाहिए थे, वहां आज धूल, गंदगी और टायरों के निशान नजर आते हैं। पार्क के रखरखाव के अभाव में चारदीवारी और गेट भी क्षतिग्रस्त होने लगे हैं, जिससे असामाजिक तत्वों और आवारा पशुओं का जमावड़ा भी आम बात हो गई है। मोहल्ले के जागरूक नागरिकों और बुर्जुगों में इस स्थिति को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बच्चों के खेलने के लिए मोहल्ले में यह एकमात्र सुरक्षित स्थान था, लेकिन अब गाड़ियों की भीड़ के कारण बच्चों का वहां जाना खतरे से खाली नहीं है। कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने और पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि गंगा पार्क से तत्काल प्रभाव से अवैध पार्किंग हटवाई जाए, मुख्य द्वार पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और पार्क का जीर्णोद्धार कर इसे पुनः आमजन के उपयोग लायक बनाया जाए।

ग्लोबल न्यूज

एसआरके के नाम पर दुबई में नया लग्जरी प्रोजेक्ट लॉन्च




डेन्यूब प्रॉपर्टीज ने 11 नवंबर को दुबई में 'शाहरुख्ज रेजिडेंसिस' प्रोजेक्ट की बुकिंग शुरू की। पेंटहाउस गौरी खान ने डिजाइन किए हैं। शुरूआती कीमत 16.5 लाख दिरहम (4.2 करोड़) है। कंपनी के अनुसार दुबई में प्रॉपर्टी मुंबई से आधी कीमत पर मिलती है और 5 साल में दोगुनी हो सकती है।

भारत में पहली बार लाइव परफॉर्म करेंगे चार्ली पुथ, एली गोल्डिंग के साथ बिखेरेंगे जलवा



अमेरिकी सिंगर चार्ली पुथ और ब्रिटिश सिंगर एली गोल्डिंग 13 फरवरी 2027 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में 'जॉनी ऐंड को फेस्टिवल' में परफॉर्म करेंगे। यह चार्ली पुथ का भारत में पहला लाइव शो होगा। इस फेस्टिवल में 35,000 से अधिक दर्शकों के आने की उम्मीद है। इसमें कयान, ताबा चाके समेत कई भारतीय कलाकार भी शामिल होंगे।

एनवीडिया को पछाड़कर 2 साल बाद दुनिया की तीसरी मूल्यवान कंपनी बनी अल्फाबेट



अल्फाबेट ने 2 साल बाद एनवीडिया को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान हासिल कर लिया है। शुक्रवार को एनवीडिया के शेयरों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके साथ ही शेयर लगातार सातवें सप्ताह गिरे। रिकॉर्ड तिमाही कमाई के बावजूद निवेशकों में जेनसन हुआंग को उएड पद से हटाए जाने को लेकर चिंता बढ़ी है।

अमेरिका ने जारी कीं रहस्यमयी जीव 'बिगफुट' से जुड़ी सीक्रेट फाइल्स



अमेरिकी वन सेवा ने रहस्यमयी जीव 'बिगफुट' से जुड़ी सीक्रेट फाइल्स जारी की हैं। इनमें मोंटाना और वॉशिंगटन में इस लंबे और घने बालों वाले 2 पैरों पर चलने वाले जीव को देखे जाने के दावों का ज़िक्र है। फाइल्स के मुताबिक, 1940 के दशक में शिकारियों ने उसके पैरों के निशान, तेज गंध और गुर्राने जैसी आवाज सुनी थी।

भारत ने पाकिस्तानी मंत्री को ताजमहल देखने की दी इजाजत



एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने भारत आए पाकिस्तानी जलवायु मंत्री मुसादिक मलिक को सरकारी सूत्रों के अनुसार आगरा के ताजमहल, दिल्ली स्थित हुमायूं का मकबरा और दो अन्य स्थलों पर जाने की अनुमति मिली है। हालांकि, सुरक्षा कारणों से हजरत निजामुद्दीन दरगाह जाने का अनुरोध कथित तौर पर खारिज हुआ। पहले उन्हें ताजमहल जाने की अनुमति नहीं मिली थी।

वॉट्सऐप ग्रुप में अब जुड़ सकेंगे 1500 लोग, पहले थी 1024 सदस्यों की सीमा



वॉट्सऐप ने ग्रुप चैट में सदस्य सीमा 1,024 से बढ़ाकर 1,500 कर दी है। WABetaInfo के अनुसार, यह सुविधा एंड्रॉयड और iOS दोनों पर धीरे-धीरे जारी की जा रही है। इसके साथ ही मेसेज पिन करना, मेंशन फिल्टर और नए सदस्यों के साथ पुरानी चैट शेयर करने जैसे फीचर्स भी पेश किए गए हैं। इन सुविधाओं का मकसद ग्रुप चैट को व्यवस्थित बनाना है।

ड्रग्स नेटवर्क पर एनसीबी-डीईए की कार्रवाई की सर्जियो गोर ने की तारीफ



अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत और अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई 'ऑपरेशन मानसून थंडर' की सराहना करते हुए इसे दोनों देशों की साझेदारी की मिसाल बताया है। ठउइ और अमेरिकी एजेंसी डीईए ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान 4-भारतीय शहरों में 6-लोग गिरफ्तार हुए। जांच में करीब 3,000-पार्सल और 5-लाख गोलियों का पता चला।



भव्य नगर कीर्तन गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव पर शनिवार को जी ब्लॉक गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। फूलों से सजी पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब विराजित रहे तथा पंज प्यारों ने अगुवाई की। गतका पार्टी के 40 योद्धाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। विभिन्न विद्यालयों के बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। शहर में 30 से अधिक स्थानों पर संगत ने पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरित किया।

पहला टी20: इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो बने निखिल चौधरी

गेंद-बल्ले से चमके निखिल; जैक एडवर्ड्स ने आखिरी ओवर में दिलाई जीत

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में इंग्लैंड को 3 विकेट से हराया। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से मिले 188 रनों के लक्ष्य को 19.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। जेक फ्रेजर-मैकगर्क महज एक रन बनाकर लियाम डॉसन का शिकार बने। हालांकि, इसके बाद कप्तान मिचेल मार्श और सैम हार्मर ने मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी निभाई। हार्मर महज 15 गेंदों में 32 रनों की आतिशी पारी खेलने के बाद आउट हुए। वहीं, मार्श 32 गेंदों में 37 रन बनाकर सैम करन की गेंद पर लियाम डॉसन को कैच दे बैठे।

हालांकि, गेंदाबजी में दो विकेट लेने के बाद नंबर चार पर बल्लेबाजी करने उतरे निखिल चौधरी ने एक तरफ से विकेट गिरने के बावजूद एक छोर को संभाले रखा और 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। निखिल पारी के 18वें ओवर में 38 गेंदों में 66 रनों की दमदार पारी खेलने के बाद आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में 173 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 6 चौके और 2 छक्के लगाए। टिम डेविड ने 13 गेंदों में 20 रन बनाए। लैकलन शॉ (5 रन) व जोएल डेविस (1 रन) का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।



ऑस्ट्रेलियाई पारी के 19वें ओवर में विल जैक्स बेन ड्वार्शुइस के एक जोरदार शॉट को अपनी ही गेंदबाजी में रोकने के प्रयास में बुरी तरह से चोटिल हो गए, जिसके चलते वह अपना ओवर भी पूरा नहीं कर सके और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। हेनरी क्रोकोम्बे ने 19वें ओवर को पूरा किया। आखिरी ओवर में जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया को 11 रनों की जरूरत थी। हालांकि, जैक ने ओवर की पहली ही बॉल पर जोरदार सिक्स लगाया। अगली 4 गेंदों पर 5 रन जोड़ते हुए एडवर्ड्स ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। एडवर्ड्स 11 गेंदों में 1 चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से गेंदबाजी में विल जैक्स ने 2, जबकि लियाम डॉसन, जेमी ओवरटन व सैम करन ने एक-एक विकेट चटकाया।

इससे पहले, इंग्लैंड ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 187 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और फिल साल्ट (0) व एन्यूरिन सस्ते में पवेलियन लौटे। हालांकि, इसके बाद इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉम बैंटन संग मिलकर मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 97 रनों की आतिशी साझेदारी निभाई। ब्रूक ने अपना अर्धशतक 20 गेंदों में पूरा किया। वह 28 गेंदों में 4 चौके और 6 छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर निखिल चौधरी का शिकार बने। वहीं, बैंटन 22 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए।

सैम करन ने 21 रनों का योगदान दिया, तो जॉर्डन कॉक्स ने 20 गेंदों में 27 रन बनाए। हालांकि, विल जैक्स बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 3 रन बनाकर आउट हुए। लियाम डॉसन ने 14 गेंदों में 17 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से गेंदबाजी में जैक एडवर्ड्स ने 3 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट झटके। वहीं, निखिल चौधरी ने 4 ओवर में सिर्फ 21 रन खर्च करते हुए 2 विकेट अपने नाम किए।

अदिति और गणेश ने जीते रजत, भारत के छह पदक



हांगझोऊ। आर्चरी एशिया कप 2026 के तीसरे चरण में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल छह पदक अपने नाम किए। शनिवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन अदिति गोपीचंद स्वामी और गणेश मणि रत्नम ने व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धाओ में रजत पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता का समापन तीन रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ किया। महिला कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में 2023 की विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को चीन की हू जिंगवेन ने 146-144 से हराया। अदिति ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में गणेश मणि रत्नम को ऑस्ट्रेलिया के बेली वाइल्डमैन ने 148-146 से पराजित किया।

गणेश ने पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में मानव जाधव और मोहित भाटी के साथ रजत पदक भी जीता। महिला व्यक्तिगत कंपाउंड में पृथिका प्रदीप ने दक्षिण कोरिया की ओह यूह्युन को 145-142 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

इससे पहले शुक्रवार को अदिति, पृथिका और तेजल साल्वे की महिला कंपाउंड टीम तथा पुरुष रिकर्व टीम ने कांस्य पदक जीते थे। इस तरह भारत ने छह पदकों के साथ प्रतियोगिता का समापन किया।

संजय राणा के आखिरी समय के गोल से भारत ने मैच ड्रॉ कराया

आकलैंड (वार्ता)। भारत और मेजबान न्यूजीलैंड के बीच शनिवार को आकलैंड के लॉयड एल्स्मोर हॉकी स्टेडियम में खेला गया तीन मैचों की शताब्दी हॉकी सीरीज का दूसरा मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। भारत की ओर से अंगद बीर सिंह और कप्तान संजय राणा ने गोल किए, जबकि न्यूजीलैंड के लिए डायलन थॉमस और सैम हिहा ने गोल दागे। पहला मुकाबला 3-2 से जीतने वाले भारत को अब सीरीज जीतने के लिए अंतिम मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 25वें मिनट में डायलन थॉमस के गोल से बढ़त बनाई।

भारत ने 35वें मिनट में अंगद बीर सिंह के गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद 56वें मिनट में सैम हिहा ने गोल करके मेजबान टीम को फिर बढ़त दिला दी।

हालांकि भारत ने हार नहीं मानी और 57वें मिनट में कप्तान संजय राणा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं।

तीन मैचों की यह मैत्री सीरीज गुरुवार को शुरू हुई थी और रविवार को अंतिम मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने सीरीज के लिए 20 सदस्यीय युवा टीम भेजी है, जिसकी कमान पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता संजय राणा संभाल रहे हैं। भारत विश्व रैंकिंग में आठवें और न्यूजीलैंड नौवें स्थान पर है।

यह सीरीज दोनों देशों के बीच हॉकी संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। इसकी शुरूआत 1926 में हुई थी, जब मेजर ध्यानचंद के नेतृत्व में भारतीय सेना की हॉकी टीम ने पहली बार न्यूजीलैंड का दौरा किया था। रविवार को होने वाला अंतिम मुकाबला सीरीज के विजेता का फैसला करेगा।

अंपायरों से उलझे हृदय पर लगा जुर्माना

दुबई। बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदय पर आईसीसी ने मैच फीस का 40 प्रतिशत जुमार्ना लगाया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में खराब रोशनी के कारण खेल रोकने पर उन्होंने अंपायरों के फैसले की आलोचना करते हुए अनुचित व्यवहार किया था। आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन पर उनके खाते में दो डिमेरिट अंक भी जोड़े गए हैं। हृदय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

राउंडग्लास ने एसडीएटी को 10-0 से रौंदा

मोहाली (वार्ता)। तीसरे पंजाब हॉकी लीग सीजन के तीसरे दिन मेजबान राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु (एसडीएटी) को 10-0 से करारी शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुकाबले ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे हैं।

राउंडग्लास ने शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा। जर्मन सिंह ने सातवें मिनट में पहला गोल किया। उत्कर्ष ने 13वें मिनट में बढ़त दोगुनी की, जबकि अनुराग ने 14वें और 15वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। पहले क्वार्टर के अंत तक टीम 4-0 से आगे थी।

दूसरे क्वार्टर में प्रिंस सिंह ने 26वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर और 28वें मिनट में फील्ड गोल कर स्कोर 6-0 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में वरिंदर सिंह ने 43वें और 45वें मिनट तथा जर्मन सिंह ने 44वें मिनट में गोल दागे। दीपकप्रीत सिंह ने 56वें मिनट में दसवां गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। यह लीग इतिहास की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत रही। राउंडग्लास ने लगातार दूसरे मुकाबले में गोलपोस्ट भी सुरक्षित रखा।

दिन के पहले मुकाबले में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने रोहित एक्का के 42वें मिनट में किए गोल की बदौलत गवर्नमेंट हॉकी अकादमी, सोनीपत को 1-0 से हराया। वहीं, नेवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर ने नामधारी इलेवन को 2-1 से पराजित कर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

सभी सेना देशों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बने, कई रिकॉर्ड किए अपने नाम

राहुल ने रचा इतिहास, गावस्कर-सहवाग भी पीछे छूटे

वेलिंगटन

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन 4 विकेट पर 486 रन बनाए हैं। वेलिंगटन में शनिवार को टीम ने पहली पारी में 118 रन की बढ़त भी बना ली है।

केएल राहुल ने टेस्ट क्रिकेट का वह मुकाम हासिल किया, जहां तक पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग भी नहीं पहुंच सके। वे सभी सेना देशों यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बन गए।




राहुल सेना देश में शतक लगाने वाले 8वें एशियाई बैटर : केएल राहुल चारों सेना देशों में टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बने। वे ऐसा करने वाले दूसरे एशियाई खिलाड़ी हैं। उनसे पहले पाकिस्तान के सईद अनवर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। किसी भी नंबर पर बैटिंग करते हुए अब तक 8 बल्लेबाज सभी सेना देशों में शतक लगा चुके हैं।

94 साल में पहली बार टॉप-5 भारतीय बल्लेबाजों की विदेश में फिफ्टी : भारत 1932 से टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। 94 सालों में पहली बार ऐसा हुआ है कि टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में भारत के टॉप-5 बल्लेबाजों ने विदेश में 50+ स्कोर बनाया है। वेलिंगटन टेस्ट में अब तक यशस्वी जायसवाल, राहुल, पडिक्कल, गिल व पंत ने 50 या उससे ज्यादा रन बनाए।

राहुल न्यूजीलैंड में मेडन इनिंग में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय : केएल राहुल न्यूजीलैंड में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उन्होंने वेलिंगटन में पहली पारी में ही 136 रन बनाए। इसके साथ ही वे न्यूजीलैंड में टेस्ट डेब्यू पारी में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बन गए। उन्होंने सुनील गावस्कर के 116 रन के स्कोर को पीछे छोड़ा।

गंभीर और द्रविड़ की क्लब में शामिल हुए राहुल : राहुल 2 शतकीय साझेदारियों में शामिल रहे। उन्होंने जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 130 रन और देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 165 रन जोड़े। वे न्यूजीलैंड में एक ही पारी में 2 शतकीय साझेदारियों में शामिल रहने वाले तीसरे भारतीय बने। उनसे पहले राहुल द्रविड़ और गौतम गंभीर ऐसा कर चुके हैं। राहुल सेना देशों में भारत के लिए शुरूआती दोनों विकेटों के लिए शतकीय साझेदारियां करने वाले चौथे खिलाड़ी भी बने। उनसे पहले सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग और सुनील गावस्कर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

राहुल 2021 से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले ओपनर : केएल राहुल 2021 से अब तक टेस्ट में ओपनिंग करते हुए 7 शतक लगा चुके हैं। वे इस पीरियड में सबसे ज्यादा ज्यादा शतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज हैं।



खालसा कॉलेज में हुई ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



सीमा सन्देश # अनूपगढ़

मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत श्री गुरुनानक खालसा पीजी महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा देने के साथ शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करना था। एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक प्रभारी मुकेश और कंचन की ओर से करवाया गया। प्रतियोगिता में युवाओं ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, कबड्डी और रस्साकशी में उत्साह के साथ भाग लिया। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में मंजू प्रथम, हरप्रीत कौर द्वितीय और भावना तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में हरपिंदर कौर ने प्रथम, पूनम ने द्वितीय और सरबजीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में शारदा कॉलेज की छात्राएं विजेता रहीं। लड़कों की लंबी कूद में विवेक प्रथम, देवनारायण द्वितीय तथा विवेक और दशरथ तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में पंकज प्रथम और राम सिंह द्वितीय रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में शारदा कॉलेज, अनूपगढ़ की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।

चेयरमैन खीचड़ के नेतृत्व में नगर कीर्तन का स्वागत



सीमा सन्देश #सादुलशहर

श्री गुरुनानक देव जी के 557 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शनिवार को पंज-प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया। रंग-बिरंगे फूलों से सजी पालकी में विराजित श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष साध-संगत ने मत्था टेककर मन्नतें मांगी। नगर कीर्तन के नगरपालिका रोड पर पहुंचने पर चेयरमैन मनीषा खीचड की अगुवाई में नगरपालिका कर्मियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वाहे गुरू से इलाके की सुख-शांति एवं खुशहाली की अरदास की। इस दौरान वाइस चेयरमैन अशोक धमीजा, पार्षद प्रतिनिधि स्वरूप चौधरी, पार्षद रणजीत सहारण, बृज चौहान, सोनू यादव, रतनलाल गोयल, ठेकेदार जसवंत मिड्ढा, मोहित सिडाना, चेतन शर्मा आदि मौजूद थे।

द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम की स्थापना पर होंगे कार्यक्रम



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

स्थानीय खुशी एनक्लेव के सामने द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम एवं सिद्ध भैरोंनाथ मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्थापना का आयोजन 9 दिसंबर को किया जाएगा। मुख्य सेवादार ओमप्रकाश टीटू नागपाल ने बताया कि इस अवसर पर 4 दिसंबर को शिव रुद्राभिषेक व अखंड महामृत्युंजय जाप प्रातः सवा आठ बजे शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि 125 रुद्राभिषेक व सवा लाख अखंड महामृत्युंजय जाप लगातार पांच दिवस तक चलेंगे। इसी क्रम में 7 दिसंबर को शोभा यात्रा नगर परिक्रमा प्रातः 11.15 बजे निकाल जाएगी एवं 9 दिसंबर बुधवार को प्रातः 10.15 बजे हवन उपरांत 11.30 बजे भंडारा वितरण किया जाएगा। भंडारे के उपरांत कव्वालियों का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में दूनावाले के महंत बाबा जमुना दास जी, नूरपुर लुधियाना से साईं जगीर शाह जी व बठिंडा से संत बाबा निक्कू दास जी विशेष तौर पर पहुंच रहे हैं।

सूरतगढ़ : लोक अदालत में 181 प्रकरण निस्तारित



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार यहां न्यायालय में धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरणों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की गई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल की अध्यक्षता में बेंच संख्या 4 के माध्यम से आपसी समझौते व समझाइश से कुल 181 प्रकरणों का निस्तारण कर 2 करोड़ 54 लाख 30 हजार 954 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। लोक अदालत में बेंच सदस्य अधिवक्ता ओमप्रकाश सहारण, पैनल अधिवक्ता तुषार कामरा, अधिवक्ता अविनाश महर्षि, राज सिंह, न्यायिक कार्मिक रिशु शर्मा, रविंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, कृष्णा, प्रभात पारीक, सुरेंद्र, भारतीय स्टेट बैंक व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि तथा पक्षकार मौजूद रहे। समझौते के लिए चार न्यायिक न्यायालयों के 635 एनआई एक्ट प्रकरण और दोनों बैंकों के 11 प्री-लिटिगेशन प्रकरण रखे गए थे। न्यायालयवार निस्तारण के तहत एडीजे न्यायालय में 1 प्रकरण निस्तारित कर 2 लाख रुपए, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में 141 प्रकरण निस्तारित कर 2 करोड़ 9 लाख 72 हजार 119 रुपए, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में 7 प्रकरण निस्तारित कर 9 लाख 76 हजार रुपए तथा अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में 37 प्रकरण निस्तारित कर 42 लाख 46 हजार 308 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। वहीं 11 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में से 2 का निस्तारण कर 6 लाख 13 हजार 527 रुपए के अवार्ड पारित हुए। इस दौरान मनमोहन चंदेल ने बैंक प्रतिनिधियों के पास जाकर राजीनामा प्रक्रिया का अवलोकन किया और आमजन को त्वरित व सुलभ न्याय तथा सौहार्दपूर्ण निस्तारण के प्रति जागरूक किया।

प्रशासनिक अनदेखी के कारण राहगीरों की जान पर मंडराया खतरा

हनुमानगढ़ रोड पर मवेशियों का जमावड़ा, 'स्मार्ट' शहर की बजाय गांव जैसा नजारा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख मार्गों में शुमार हनुमानगढ़ रोड की बदहाली इन दिनों स्थानीय शासन की लचर कार्यप्रणाली की पोल खोल रही है। सड़क के बीचों-बीच और किनारों पर बेसहारा मवेशियों के बड़े-बड़े झुंड इस कदर डेरा जमाए रहते हैं कि यह किसी विकसित जिला मुख्यालय की मुख्य सड़क कम और किसी पिछड़े गांव या छोटे कस्बे का कच्चा रास्ता ज्यादा नजर आता है। प्रशासनिक अनदेखी के कारण आम राहगीरों, मॉर्निंग वॉक करने वाले नागरिकों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर हर समय गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हनुमानगढ़ रोड के आसपास कई प्रमुख आवासीय कॉलोनियां, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और शिक्षण संस्थान स्थित हैं।

सुबह और शाम के समय बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और युवा यहां सैर करने या अपने रोजमर्रा के कामों के लिए पैदल निकलते हैं। लेकिन सड़क पर अचानक आपस में लड़ते सांडों और बेतरतीब खड़े मवेशियों के झुंड के कारण पैदल चलना दूभर हो गया है। कई बार ये मवेशी अचानक भड़क जाते हैं, जिससे राहगीरों को जान बचाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है।

नगर परिषद के दावों की खुली पोल

शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के बड़े-बड़े दावे करने वाला स्थानीय प्रशासन इस विकराल समस्या से आंखें मूंदे बैठा है। नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है। मुख्य मार्ग पर जगह-जगह फैली गंदगी और मवेशियों के जमावड़े ने शहर की छवि को धूमिल कर दिया है। रात के समय स्ट्रीट लाइट की कमी और सड़कों पर बैठे काले रंग के पशु वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसे हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का स्पष्ट कहना है कि श्रीगंगानगर एक प्रमुख जिला मुख्यालय है, न कि कोई गांव, जहां सड़कों पर मवेशियों का राज चले। यह सीधे तौर पर स्थानीय स्वशासन की विफलता और कुप्रबंधन का नतीजा है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि हनुमानगढ़ रोड सहित शहर के अन्य मुख्य मार्गों से मवेशियों को तत्काल प्रभाव से हटाकर गौशालाओं या नंदीशालाओं में भिजवाया जाए, ताकि किसी बड़े और जानलेवा हादसे से बचा जा सके।

कथा के दौरान सजाई भगवान विष्णु की आकर्षक झांकी, गो सेवा का आह्वान

'भगवान की भक्ति ही कल्याण का सर्वोत्तम साधन'

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



श्री गोशाला में स्वामी परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बाल संत भोले बाबा ने भक्त ध्रुव के चरित्र] माता अनसूईया जी व भगवान श्री शिव से जुड़े प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान अपनेपन व सच्ची श्रद्धा से मिलते हैं। भक्ति ही मनुष्य के कल्याण का सर्वोत्तम साधन है और इसे जीवन की किसी भी अवस्था में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गोमाता सर्वदेवमयी हैं और उनकी सेवा करना समस्त धर्मों की सेवा के समान है। गोमाता सुरक्षित रहेंगी तो हमारी सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत भी सुरक्षित रहेगी। कथा के दौरान सजाई गई भगवान श्री विष्णु की आकर्षक झांकी से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के बाद गोपालदास महाराज, पुलिस उप निरीक्षक विजेंद्र शर्मा, कुलदीप पेशवा, एडवोकेट भादर स्वामी, इंजी. विजय किशोर, हंसराज स्वामी, सोहनलाल स्वामी, समाजसेवी योगेश स्वामी, पार्षद किशनलाल स्वामी, संतोष गिरी, महावीर भोजक, एडवोकेट साहबराम स्वामी, ओम स्वामी, सोहन गिरी, महावीर स्वामी, मांगीलाल स्वामी आदि ने श्री मद्भागवत कथा पुराण की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजक भजन लाल, भंवरलाल व ओमप्रकाश स्वामी ने सभी का आभार जताया।

गणेशगढ़ की नवनिर्वाचित सरपंच पुष्पा राजेन्द्र वर्मा ने संभाला पदभार

बिना भेदभाव जनसमस्याओं का समाधान और विकास रहेगा प्राथमिकता : पुष्पा

सीमा सन्देश # गणेशगढ़



ग्राम पंचायत गणेशगढ़ में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच पुष्पा राजेन्द्र वर्मा ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम से पूर्व प्रातःकाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पदभार संभालने के बाद सरपंच पुष्पा राजेन्द्र वर्मा ने समारोह में उपस्थित ग्रामीणों, मतदाताओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। सभी को साथ लेकर ग्राम पंचायत के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षों में केंद्र एवं राज्य सरकार से अधिक से अधिक बजट स्वीकृत करवाकर गांव में विकास कार्यों को गति दी जाएगी। मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, जनहित से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करना, ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान और बिना भेदभाव विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही पात्र लोगों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उपसरपंच सुमित्रा देवी एवं वार्ड पंचों ने भी विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंचों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच अवतार सिंह गिल, पूर्व उपसरपंच पति जसवीर सिंह मांगट, ग्राम विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद सैन, कनिष्ठ लिपिक विजय भुंवाल, श्रीभगवान नाथ (गणेशगढ़) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जागरूकता कार्यक्रम

बीकानेर। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में आईसीएआर ईन्फार परियोजना के तहत विश्व रोगाणुरोधी प्रतिरोध सप्ताह के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। परियोजना प्रमुख अन्वेषक डॉ. राजेश सिंगाठिया ने बताया कि कार्यक्रमों का उद्देश्य एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के बढ़ते खतरे के प्रति विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करना था। पशु विज्ञान केंद्र लूणकरणसर में डॉ. दिवाकर ने पशुपालकों को एंटीबायोटिक के सही उपयोग, एएमआर के कारणों, दवाओं के दुष्प्रभाव और विड्रॉल पीरियड के महत्व की जानकारी दी। पशुपालकों को निशुल्क जांच सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। एमएन कॉलेज में डॉ. फेमिना अंजुम ने विद्यार्थियों को एंटीबायोटिक के अनावश्यक उपयोग से होने वाले नुकसान बताए। वहीं वेटरनरी महाविद्यालय के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को डॉ. राम कुमार ने एएमआर नियंत्रण और जिम्मेदार दवा उपयोग के प्रति जागरूक किया।

6 बीएलएम में नवनिर्वाचित सरपंच ने विधिवत पदभार संभाला

सीमा सन्देश # 6 बीएलएम। पंचायत समिति श्रीबिजयनगर की ग्राम पंचायत 6 बीएलएम की सरपंच माया पत्नी बृज लाल नायक ने विधिवत पदभार संभाला। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अनेक लोग शामिल हुए। इससे पहले नवनिर्वाचित सरपंच के समर्थकों ने विजयी जुलूस भी निकाला। इस दौरान गांव में जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उनके समर्थकों में खास उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि बृजलाल ईमानदार और सभी के सुख-दुख में काम आने वाले व्यक्ति हैं। लोगों ने ग्राम पंचायत में नेतृत्व की जिम्मेदारी इन्हें सौंपी।

नशा मुक्ति में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका पर जोर

सूरतगढ़ : तंबाकू मुक्त युवा 4.0 पर विशेष व्याख्यान



सीमा सन्देश# सूरतगढ़

राजकीय महाविद्यालय के नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के तत्वावधान में तंबाकू मुक्त युवा 4.0 अभियान व 'जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारी भूमिका' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। प्राचार्य प्रो. कमलजीत सिंह ने स्वागत करते हुए नशा मुक्त युवा पीढ़ी के निर्माण पर बल दिया। डॉ. उग्रसेन सिहाग ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। प्रो. श्याम सुंदर ज्यानी ने कहा कि तंबाकू व नशीले पदार्थ युवाओं के स्वास्थ्य, एकाग्रता व भविष्य के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा मुक्ति सामाजिक जागरूकता से जुड़ी है और प्रत्येक नागरिक को स्वयं दूर रहकर समाज व मित्रों को जागरूक करना चाहिए। उपचार व पुनर्वास ले रहे लोगों को उन्होंने आत्मविश्वास, सकारात्मक दिनचर्या व पारिवारिक सहयोग का महत्व समझाया। कार्यक्रम में डॉ. पीताम्बर मंगानी, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. लक्ष्मी देवी नंदा, पारुल भटेजा, सरस्वती देवी, करणीदान चारण, पवन ओझा सहित संकाय सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे। प्रभारी डॉ. श्रुति जैन ने आभार जताया तथा छात्रा व सखी तमन्ना ने संचालन किया।

खाजूवाला: बिना ओटीपी व्यापारी खाते से निकाले 52,350 रुपए

सीमा सन्देश# खाजूवाला

कस्बे में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। खाजूवाला के एक व्यापारी के बैंक खाते से बिना किसी सूचना और ओटीपी के 52 हजार 350 रुपए निकालकर दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। पीड़ित ने इस संबंध में खाजूवाला पुलिस थाने में परिवाद देकर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने और राशि वापस दिलवाने की मांग की है। पीड़ित संजय कुमार के अनुसार उनके बैंक ऑफ बड़ौदा में बचत खाता संचालित है। संजय कुमार ने बताया कि 19 नवंबर 2026 की शाम करीब 6 बजकर 55 मिनट पर अचानक उनके मोबाइल पर ट्रांजेक्शन की रिंगटोन बजी। जब उन्होंने मोबाइल चेक किया तो पता चला कि उनके बैंक खाते से 52,350 रुपए का हस्तांतरण हो चुका है। पीड़ित का आरोप है कि उक्त राशि के हस्तांतरण से पहले न तो उन्हें कोई सूचना मिली और न ही उनकी ओर से कोई ओटीपी साझा किया गया। उन्होंने बताया कि बैंक में जाकर जानकारी लेने पर पता चला कि यह राशि पश्चिम बंगाल के किसी मनीष चक्रवर्ती के खाते में ट्रांसफर हुई है। पीड़ित ने बताया कि मनीष चक्रवर्ती नाम के किसी व्यक्ति को वह नहीं जानते और न ही इस प्रकार के किसी लेन-देन की उन्हें जानकारी थी। संजय कुमार ने थाना प्रभारी से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करवाने तथा उनके खाते से निकाली गई 52,350 रुपए की राशि वापस दिलवाने की मांग की है।

नवनिर्वाचित सरपंच माया का ग्रामीणों ने अभिनंदन

सीमा सन्देश # बींझबायला



पंचायत समिति पदमपुर की ग्राम पंचायत 34 एलएनपी की नवनिर्वाचित सरपंच माया प्रेम झटवाल का ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत एवं अभिनंदन किया। गांव, चक-ढाणियों और वार्डों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने फूलमालाओं, पुष्पवर्षा और साफा पहनाकर सरपंच का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अभिनंदन कार्यक्रमों में नवनिर्वाचित उपसरपंच सुलोचना जसवंत पिलानिया और सभी वार्ड पंचों का भी स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। सरपंच माया प्रेम झटवाल ने कहा कि उनकी जीत ग्राम पंचायत के प्रत्येक मतदाता की जीत है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लोगों ने उन्हें समर्थन दिया है, जिसके लिए उनका परिवार सदैव आभारी रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर को विधिवत रूप से शपथ ग्रहण कर पंचायत का कार्यभार संभाला जाएगा।

पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में दिलाया नशामुक्त समाज का लिया संकल्प



सीमा सन्देश# खाजूवाला। ब्लॉक में कॅरियर डिजिटल इंस्टिट्यूट पर पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। नशे की लत युवाओं के भविष्य, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक स्थिति को नुकसान पहुंचाती है। युवा देश का भविष्य हैं और देश के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए प्रत्येक युवा को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, सामाजिक गतिविधियों एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। वातार्कार के रूप में अधिवक्ता अरुणा गुलगुलिया, एएसआई ग्यारसी लाल, डॉ नवीन शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप माणधनिया, राजू भाटी, कुलदीप कुमार, गोविंद कुमार रहे। व्याख्याता दयाराम लूणा ने युवाओं को सम्बोधित किया। मंच संचालन जीतराम लूणा ने किया।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन

श्रीगंगानगर। रीत मेहरा के जन्मदिन पर दादा-दादी हरिसिंह मेहरा-सर्वजीत कौर, पापा-मम्मी राहुल मेहरा-लवप्रीत कौर, बुआ मीनाक्षी, नाना-नानी, मामा-मामी की ओर बधाई।



बैनर का विमोचन

बीकानेर। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विवि बीकानेर के कुलगुरु डॉ. सुमन्त व्यास ने भारत स्काउट एवं गाइड-स्थानीय संघ, बीकानेर के तेरहवें रक्तदान शिविर के बैनर का शनिवार को कुलगुरु सचिवालय में विमोचन किया। प्रो. राजेश कुमार धुड़िया ने बताया कि 29 नवम्बर को आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में आमजन के अतिरिक्त वेटरनरी विवि के एन.सी.सी. कैडेट्स एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवक भी भाग लेंगे।

उपसरपंच नरेन्द्रपाल कौर का ग्रामीणों ने किया अभिनंदन

सीमा सन्देश # 3 एम।




ग्राम पंचायत 3 एम में नवनिर्वाचित उप सरपंच नरेन्द्रपाल कौर का ग्रामीणों ने अभिनंदन किया। ग्राम पंचायत के सभी वार्ड पांचों की सहमति से नरेन्द्रपाल कौर उपसरपंच बनीं हैं। नरेंद्र पाल कौर ने इस अवसर पर आयोजित समारोह में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रदभार ग्रहण किया। गांव में जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल मालाओं से इनका स्वागत किया। उपसरपंच पति जगजीत सिंह ने बताया कि दस वर्ष से अधिक समय से वार्ड पंच रहते हुए सेवा की है। अब लोगों के आशीर्वाद से उन्हें पुनः इस पद के जरिए सेवा का अवसर मिला है। लोगों के भरोसे पर खरे उतरेंगे। सभी के सुख-दुख में साथ काम करते रहेंगे।

वेटरनरी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 27 नवंबर को होगा मॉप-अप राउंड

सीमा सन्देश # बीकानेर। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के प्रदेश के वेटरनरी महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 के बीवीएससी एंड एएच पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों के लिए 27 नवंबर को मॉप-अप राउंड काउंसलिंग आयोजित होगी। स्नातक प्रवेश बोर्ड के चेयरमैन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि स्टेट और मैनेजमेंट कोटे की रिक्त सीटों के लिए सभी नीट क्वालीफाइड अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। काउंसलिंग में पहले चरणों में अनुपस्थित रहे, प्रवेश निरस्त करवाने वाले अथवा भुगतान नहीं कर पाने वाले अभ्यर्थियों को भी अवसर मिलेगा। हालांकि, पहले किसी कॉलेज में प्रवेश ले चुके अभ्यर्थियों को भाग लेने से पहले पुराना प्रवेश रद्द करवाना होगा। काउंसलिंग वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर में होगी। नव प्रवेशित विद्यार्थियों की कक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होंगी।

वर्ग पहली क्रमांक 7985



बायें से दायें:- 1) धनुष, 14) पूर्णतया, 15) पूरे परिवर्तन, 3) अनुभव, 6) में चौथाई कम, 18) गाढ़ा घमंड, 7) एक संख्या, 9) करना, 19) अखंड, 20) एक दुर्लभ, 11) गंधेंद्रिय, 13) कंद, 23) एक खनिज तेल, जलीय अंश *(फलों का)*, 25) फबना, 26) बाँटना. 16) निराश, 17) शासन, (उत्तरः अगले अंक में) 19) उपवास, 21) आख़िर, *पिछली पहेली का उत्तर* 22) क्षति, 23) निचोड़ना, 24) सुंदर स्त्री, 25) बोझ, 26) शरीर, 27) कटाकटी; वैमनस्य, 28) एक धातु.

ऊपर से नीचेः- 1) क़िस्मत, 2) प्रेमासक्त, 3) पर्यंत, 4) फ़िट करना, 5) पीछे, 6) अभी, 8) उड़ती नज़र, 10) दोस्ती, 12)

ध	ब	रा	ना	■	मु	क्क	म	मु	क्का
ट	■	य	का	य	क	■	त	ना	■
ना	ते	■	■	■	द	म	■	दी	दी
■	र	■	ग	र	मा	ह	ट	■	र्घ
रा	ह	गी	र	■	■	क	प	ट	■
■	■	द	ल	ह	न	■	ब्र	न	न
अ	क	ड़	■	ड़ी	■	छू	ट	■	■
■	बी	■	स	ल	ख़	■	प	ख़ा	ल
क	र	त	ब	■	त	ह	की	क़ा	त

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) 22 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1892: महात्मा गांधी की सहयोगी और स्वतंत्रता सेनानी मीराबेन (मेडलिन स्लेड) का जन्म।
1899: वरिष्ठ भारतीय स्वतंत्रता सेनानी शहीद लक्ष्मण नायक का जन्म।
1913: भारतीय रिजर्व बैंक के आठवें गवर्नर एल. के. झा का जन्म।
1916: क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी शांति घोष का जन्म।
1922: पुरातत्वविद् हॉवर्ड कार्टर ने मिस्र में फिरौन तूतनखामुन की कब्र की खोज की।
1939: उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्म।
1948: प्रसिद्ध भारतीय कोरियोग्राफर सरोज खान का जन्म।
1963: अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या।
1967: प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा कट्टर सिक्ख नेता तारा सिंह का निधन।
1968: मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।
1975: जुआन कार्लोस स्पेन के राजा बने।
1986: ब्लेड रनर ऑस्कर पिस्टोरियस का जन्म।
1990: ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्ग्रेट थैचर ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की।
1998: बंगलादेश की विवादास्पद लेखिका तस्लीमा नसरीन का ढाका की अदालत में आत्मसमर्पण।
2000: पाकिस्तान और ईरान पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया गया।
2005: एंजेला मर्केल जर्मनी की पहली महिला चांसलर बनीं।
2016: उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नरेश यादव का निधन।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एनएनएस) सोमवार कार्तिक सुदी चतुर्दशी को गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, बासमती चावल, मक्की, बाजरा, मटर, राजमा चित्रा, मूंग, उड़द, तुवर, काबुली चना, मोठ, सरसों, सोया, बिनौला एवं इसका तेल, देशी चना, खांडसारी, इमली, लौंग, जीरा, धनिया, हल्दी, बादाम, काजू, टिन जस्ता, कॉपर-पीतल में लाभ तथा सोयाबीन, मसूर, शर्मिली, दालचीनी, देशी घी, दूध पाउडर, रुई, सूत, अजवायन, कलौंजी, जायफल, अमचूर, सौंफ, केसर, बड़ी इलायची, गुड़, चीनी, लोहा-इस्पात, सोना-चांदी, निकिल में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 1-6-8-9 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 8.07 बजे प्रातः के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

22 नवम्बर रविवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, नक्षत्र - अश्विनी, योग-व्यतिपात, करण-कौलव, दिशाशूल-पश्चिम, सूर्योदय 7.03 बजे, सूर्यास्त 5.37

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - मेष, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध-तुला, सूर्य-वृश्चिक, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : आज पॉजिटिव माइंडसेट से दिन शुरू करें, धन लाभ होगा, पर्सनल लाइफ में खुशी मिलेगी और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ : आज धन को ध्यान से संभालें, स्वास्थ्य व वित्तीय स्थिति अच्छी रहेगी तथा रिश्ते में ईमानदारी बरतें।

मिथुन : आज ड्रीम्स शेयर करें, एक्टिव रहें, रिश्ते में शानदार पलों की तलाश करें और अच्छी कमाई होगी।

कर्क : आज बहस में शब्दों का ध्यान रखें, पेशेवर चुनौतियों से प्रदर्शन प्रभावित नहीं होगा और आर्थिक व स्वास्थ्य स्थिति अच्छी रहेगी।

सिंह : आज प्रेम संबंध मजबूत रखें, पेशेवर अपेक्षाएं पूरी करें, स्मार्ट वित्तीय प्रबंधन अपनाएं और डाइट में फल-सब्जियां शामिल करें।

कन्या : आज पार्टनर के साथ रोमांटिक रहें, खुली बातचीत से लव लाइफ की समस्याएं दूर करें तथा समृद्धि बनी रहेगी।

तुला : आज प्रेम जीवन को समझें, बहस से बचें, कार्यस्थल पर जिम्मेदारियों पर ध्यान दें और स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

वृश्चिक : आज व्यावसायिक सफलता व धन लाभ होगा, रिलेशनशिप में खुशियां रहेंगी और कार्यस्थल पर पेशेवर बने रहें।

धनु : आज सही न लगने वाली चीजों से पीछे हटना ठीक है और प्यार में पड़ने से मुस्कुराने की वजह मिलेगी।

मकर : आज पैसों के मामले में अच्छे हैं, कोई बड़ी मेडिकल समस्या नहीं होगी और लाइफ में बैलेंस बनाए रखें।

कुंभ : आज लव रिलेशन शानदार बनाए रखें, भावनाओं पर कंट्रोल रखें और प्रोफेशनल चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक करें।

मीन : आज अपनी खुशी और मेंटल हेल्थ को प्राथमिकता दें तथा जिन चीजों में रुचि न हो, उनसे दूरी बनाना बेहतर है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों पर छात्राओं ने रखे विचार

'आओ संविधान को जानें' पर वाद-विवाद प्रति.

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया के निर्देशन में आयोजित पंच दिवसीय कार्यक्रम 'आओ संविधान को जानें' के अंतर्गत 21 नवंबर को वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। 'सोशल मीडिया और संवैधानिक जागरूकता : अभिव्यक्ति का अधिकार या दुरुपयोग' विषय पर छात्राओं ने विचार रखे। पक्ष में कोमल, लवप्रीत, पूनम व हरमन ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जन-जागरूकता और लोकतांत्रिक सहभागिता का माध्यम बताया। विपक्ष में तमन्ना, रुचि मिश्रा, सत्यवती व अर्चना ने इसके दुरुपयोग, भ्रामक सूचनाओं और संवैधानिक मूल्यों की चुनौतियों पर बात रखी। इससे पूर्व 20 नवंबर को 'संविधान निर्माण, प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण संकल्पनाएं' विषय पर व्याख्यान व प्रश्नोत्तरी हुई। विभागाध्यक्ष सोहनलाल ने संविधान सभा, निर्माण प्रक्रिया, समितियों, विशेषताओं व प्रावधानों की जानकारी दी। सहायक आचार्य गरिमा यादव ने प्रश्नोत्तरी का संचालन किया, जिसमें अर्चना प्रथम, रमनदीप द्वितीय व जीवाशु तृतीय रहीं। प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने इसे संवैधानिक चेतना व जिम्मेदार नागरिक निर्माण के लिए उपयोगी बताया।

परिष्कार कॉलेज का पहला दीक्षांत समारोह आयोजित

सीमा सन्देश # जयपुर।



परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस ऑटोनॉमस कॉलेज के पहले दीक्षांत समारोह में राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने विद्यार्थियों को समाज के वंचित वर्ग की सेवा करने का आह्वान किया। बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत भाषण में प्रो. सारस्वत ने कहा कि प्रतिष्ठित संस्थान के विशिष्ट विद्यार्थी होने के नाते आप बेहतर रोजगार तो प्राप्त कर ही लेंगे, लेकिन वंचित वर्ग की मदद में जीवन की वास्तविक सार्थकता तलाशते रहना ही मेरी ओर से सच्ची दीक्षा है। उन्होंने आनंदमय जीवन के लिए भारतीय पुरुषार्थों के काम और अर्थ के साथ धर्म व मोक्ष अपनाने पर भी जोर दिया। कॉलेज निदेशक डॉ. राघव प्रकाश ने बताया कि संस्थान के ऑटोनॉमस बनने के बाद पाठ्यक्रमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के रोजगारोन्मुखी बनाया गया है तथा शिक्षण और परीक्षा पद्धतियों को सरल किया गया है। प्राचार्य डॉ. सविता पाईवाल ने कॉलेज की उपलब्धियों का श्रेय समर्पित शिक्षकों व मेहनती विद्यार्थियों को दिया। समारोह में प्रबंध समिति व एकेडेमिक कौंसिल के सदस्यों सहित दीक्षांतार्थ विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कृषि विद्यार्थियों ने किया अनुसंधान केंद्र का भ्रमण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सेठ जी.एल. बिहाणी एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने कृषि अनुसंधान केंद्र, श्रीगंगानगर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कृषि मौसम यंत्रों, मौसम पूवार्नुमान, मृदा की किस्मों तथा हाइब्रिड बीज तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि विषय का व्यावहारिक ज्ञान देना था। इस अवसर पर शिक्षक गजानंद चांडक एवं मनोज सेतिया साथ रहे। प्राचार्य अशोक ग्रोवर ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों की कृषि विषय में रुचि बढ़ाने के साथ उनके सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ते हैं।



सिंचाई पानी की कमी, फसल बिजाई पर असर

कीकरवाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली, गंगू वाला, कुम्हार वाली व आस पास के गांवों में इस बार सिंचाई पानी की कमी के चलते फसलों की बिजाई पर व्यापक असर पड़ा है। सिंचाई पानी की कमी के चलते किसानों के खेत खाली पड़े हैं।

साथ ही इस बार बरसात न होने से बारानी क्षेत्रों में भी फसलों का बिजान नहीं हो पाया है। किसानों की लगातार दो-दो बारियां खाली जा रही है। पंजाब से गंगनहर के माध्यम से पूरा पानी नहीं मिलने से किसानों में रोष है। किसानों का कहना है कि इस बार राज के साथ साथ भगवान भी रुठ गये हैं। किसानों के खेतों में थोड़ी बहुत जो बिजाई हुई है, उसे बचाने के लिए जैसे-तैसे टयुबवैल, डिग्गी आदि से सिंचाई कर रहे हैं।


राजकीय कन्या महाविद्यालय में हुई मतदान जागरूकता प्रतियोगिता



श्रीगंगानगर। स्थानीय चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में ईएलसी क्लब के तत्वावधान में मतदान जागरूकता पर निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए मताधिकार के प्रति जागरूकता को आवश्यक कहा। क्लब प्रभारी प्रो. आशाराम भार्गव के अनुसार निबंध प्रतियोगिता का विषय मतदान एवं शुद्ध मतदाता सूची का महत्त्व रहा। प्रश्नोत्तरी में मतदाता सूची निर्माण, ईवीएम, वीवीपैट, मतदान व मतगणना से जुड़े प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोत्तरी में खनक, कृतिका माहेश्वरी और कोमल की टीम विजेता बनी। सत्यवती, रुपिंदर, रुचि मिश्रा तथा धनवंती, अर्चना और सुखविंदर की टीमें संयुक्त रूप से द्वितीय रहीं। निर्णायक भैरुसिंह शेखावत रहे। इस दौरान सदस्य हर्षिता स्वामी, धापू, टीकमदान, संकाय सदस्य व छात्राएं मौजूद रहीं।

राष्ट्रीय कला मंदिर में 'नाग मंडल' नाटक का मंचन आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा प्रसिद्ध नाटक ह्यनाग मंडलह्ण का मंचन 22 नवंबर को शाम 6 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम बाबा रामदेव मंदिर के सामने स्थित चौधरी रामजस कला सदन (ऑडिटोरियम) में होगा। कला मंदिर अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने बताया कि मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं भामाशाह अविनाशचंद्र सेठी, विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित व्यापारी गिरधारीलाल जैन तथा मेहमान-ए-खास के रूप में समाजसेवी ओमप्रकाश गर्ग उपस्थित रहेंगे। नाटक की मूल कहानी राजस्थान के प्रसिद्ध लोककथाकार विजयदान देथा की है, जबकि इसका नाट्य रूपांतरण विश्वविख्यात नाटककार गिरिश कर्नाड ने किया है। निर्देशक विजय जोरा ने बताया कि लेखिका (सूत्रधार) की भूमिका सुषमा गुप्ता, जयश्री की ममता पुरी, अंधी मां की ममता आहूजा, फकीर की परमजीत सूफी, श्रीधर/ नागेश की गौरव बलाना, माधव की उमंग शर्मा, नाग सांप की विक्रम मोंगा, पंच प्रमुख की आशीष भारद्वाज, पंच की दीपक सारस्वत, बाबू की भव्य गुप्ता और श्याम की भूमिका अंगद गिल निभा रहे हैं। नाटक स्त्री की इच्छाओं, समाज के पाखंड और लोकविश्वासों पर गहरा सवाल उठाता है।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8130-5200 (आ. 1267 क्विं.), ग्वार 7848-7300 (आ. 116 क्विं.), नरमा 9180-8300 (आ. 2837 क्विं.), सरसों 9751-9490 (आ. 85 क्विं.), कपास 8735-8505 (आ. 63 क्विं.), गेहूं 2711-2681 (आ. 63 क्विं.), गेहूं 2711-2681 (आ. 38 क्विं.), मक्का 2750-2726 (आ. 37 क्विं.), जौ 2850 (आ. 4 क्विं.), **श्रीकरणपुर :** नरमा 9419-9221, कपास 8395, ग्वार 7821-7796, मूंग 7991-7945, चना 6899-6788, **गजसिंहपुर :** ग्वार 7380-7900, सरसों 9198-9576, मूंग 8200-7446, बाजरा 9125-8731, नरमा 9125-8731, कपास 8816-8701, **जैतसर :** सरसों 9577-9229, मूंग 8331-7901, ग्वार 7981-7800, नरमा 9898-8310, बाजरी 2696-2681, गेहूं 2771, धान 4461-3952, **घड़साना :** मूंग 8525-7500, नरमा 9255-8800, ग्वार 7905-7625, सरसों 9795-8802, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2890-2200, सरसों 9760-5500, पीली सरसों 10001-6200, ग्वार 7900-6500, मूंग 8150-5000, नरमा 9181-8000, बाजरी 2781-2000,

किरयाना

धनिया 19000-22000, हल्दी 23000-26000, जीरा 28000-31000, अजवाइन 22000-23000, सौंफ 18000-29000, मेथी 8700, खोपरा 1880, गट गोला 400 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1450, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1500, बेसन 9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5500, गुड़ पेड़ी 5200, गुड़ शिवलिंग 6800, गुड़ बर्फी 5500, चीनी महाराष्ट्र 5800-5900, चीनी एल 6100, चीनी एस 5900, चीनी गंगानगर -

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु. (15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : कपास 8855, नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2650, ग्वार 7850, मूंग व्यापारी 7700, धान पीएफ व्यापारी 2121, धान मुछल 4600, धान 1509 3800, **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8900, ग्वार 8031, धान ढफव्यापारी 2200 , **हनुमानगढ़ टाउन:** कपास 8900, नरमा व्यापारी 8980, बाजरा 2591, ग्वार 7760, मूंग व्यापारी 7750, तिल 19000, धान मुड्ल 4500, धान 1509 4400, **रावतसर :** कपास 8500, नरमा व्यापारी 9070, गेहूं व्यापारी 2681, बाजरा 2652, ग्वार 7962, चना व्यापारी 6981, मूंग व्यापारी 8051, मोठ 8655, सरसों व्यापारी 9550, तारामीरा 7451, तिल 19270, अरंडी 7600, मूंगफली व्यापारी 7440, धान मुछल 4900, **नोहर :** बाजरा 1905, ग्वार 8000, मूंग व्यापारी 8100, मोठ 9436, सरसों व्यापारी 8950, तिल 20000, अरंडी 7800, मूंगफली व्यापारी 8550, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8886, गेहूं व्यापारी 2751, बाजरा 2780, ग्वार 7895, चना व्यापारी 7181, मूंग व्यापारी 7350, सरसों व्यापारी 9407, **गोलूवाला :** नरमा व्यापारी 8950, गेहूं व्यापारी 2740, बाजरा 2711, ग्वार 7936, मूंग व्यापारी 8126, मोठ 7300, सरसों व्यापारी 9240, तिल 19201, **पीलीबंगा :** कपास 9125, नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2630, ग्वार 8000, सरसों व्यापारी 8840, धान पीएफ व्यापारी 2000, धान मुछल 4580

गंगनहर का वरीयताक्रम

22 नवम्बर 2026, रविवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एफ	753 (7)	16 नवम्बर सायं 6 बजे	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी	1030 (5)	18 नवम्बर सायं 3 बजे	26 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एमके	1128 (5)	18 नवम्बर रात्रि 9 बजे	26 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	1159 (4)	19 नवम्बर दोपहर 12 बजे	26 नवम्बर रात्रि 9 बजे
बीबी	1357 (4)	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे	27 नवम्बर दोपहर 12 बजे
जैड	1512 (3)	20 नवम्बर सायं 3 बजे	28 नवम्बर प्रातः 3 बजे
डी-भागसर	1530		
बीआईएफ+जे	1571		
एच	1878		
पीएस	2038		
ईईए	2098		21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
केके	2111		20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
करणीजी	2441		19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
जीजी	2642		18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला	2663		18 नवम्बर सायं 6 बजे
हिरणांवाली	2685		18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएलए	2726		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एमएल	2786		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
फार्म	2847		18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
रिडमलसर	2858		17 नवम्बर सायं 3 बजे
एचएच	2893		17 नवम्बर सायं 3 बजे
आरबी	3163		17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
समेजा	3365		16 नवम्बर रात्रि 9 बजे

नोट : गंगनहर में शनिवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1509 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6335	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	5237
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

शनिवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 21.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

संगरिया	16	अमरपुरा	1317
भगतपुरा	54	मोरजण्डा	1527
सूरतगढ़	259	रतनपुरा	1538
नगराना	267	नाथवाना	1566
लीलांवाली	515	प्रतापपुरा	1671
भाखरांवाली	565	हरिपुरा	1684
करनीसिंह	920	दीनगढ़	1697
मम्मड़खेड़ा	1115	सूरतपुरा	1706
जोड़कियां	1200	मोडिया	1866
नवां-सतीपुरा	1211	लोंगवाला	2001
रोड़ांवाली	1224	पीलीबंगा	2216

बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। 27 नवंबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की वर्षगांठ के तहत आज पुरानी आबादी स्थित ड्यून्स जीनियस माध्यमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों पर जन जागरूकता कार्यक्रम हुए। इनमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और आगंतुकों को जागरूक किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव जाखड़ ने कहा कि संवेदनशील और जागरूक समाज ही बच्चों को सुरक्षित बचपन व उज्ज्वल भविष्य दे सकता है। उन्होंने बताया कि लड़कियों के लिए 18 और लड़कों के लिए 21 वर्ष से कम उम्र में विवाह गंभीर सामाजिक व कानूनी अपराध है। गरीबी, अशिक्षा और पुरानी मान्यताओं से पनपने वाली यह कुरीति शिक्षा बाधित करने के साथ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, जिसे रोकने में प्रशासन का सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक त्रिलोक वर्मा, विद्यालय निदेशक पवन कुमार, दीपक चौधरी व पंकज काजला मौजूद रहे।

माँ को कंधा देकर योगी ने निभाया पुत्र-धर्म

कवि कुमार विश्वास ने शंकराचार्य परंपरा से की तुलना, जनसेवा के भाव मां के संस्कारों की झलक

नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी के निधन के बाद देशभर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने भी योगी आदित्यनाथ के मातृ शोक पर भावुक संदेश साझा किया है। उन्होंने योगी द्वारा मां को कंधा देकर अंतिम विदाई देने को सनातन परंपरा और पुत्र धर्म का उदाहरण बताया।

कुमार विश्वास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पूज्यपाद भगवान आद्य शंकराचार्य, जो संन्यास परंपरा के महान व्यक्तित्व माने जाते हैं, उन्होंने भी अपनी माता के निधन पर संन्यासी होते हुए पुत्र धर्म निभाया था। उन्होंने कहा कि उसी परंपरा का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश के संन्यासी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपनी मां को कंधा देकर पुत्र धर्म निभाया है।



कुमार विश्वास ने कहा है कि संन्यासी होने के बावजूद मां को कंधा देकर सीएम योगी ने पुत्र धर्म निभाया।

उन्होंने कहा कि भगवा वस्त्र धारण कर जीवन को सेवा और लोककल्याण के लिए समर्पित करने वाले योगी आदित्यनाथ के लिए मां को अंतिम विदाई देना अत्यंत भावुक क्षण रहा होगा। मां को कंधा देना और जीवन के अटल सत्य को स्वीकार करना किसी भी पुत्र के लिए कठिन होता है।

मां के संस्कारों का जीवन पर प्रभाव : कुमार विश्वास ने कहा कि मां कभी वास्तव में दूर नहीं होतीं। वे अपनी संतान के संस्कारों, व्यक्तित्व, संकल्पों और अच्छे कार्यों में हमेशा जीवित रहती हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व की दृढ़ता, तपस्या और जनसेवा के भाव में भी उनकी मां के संस्कारों की झलक दिखाई देती है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी का शुक्रवार को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के पंचूर गांव में 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उस समय योगी गोरखपुर में एक कार्यक्रम में मौजूद थे। सूचना मिलते ही वे अपने पैतृक गांव पहुंचे और मां के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का अखिलेश पर निशाना

बोले- हिंदू और सनातन एकता से डरते हैं कुछ लोग, जातिवाद की राजनीति करने का लगाया आरोप

प्रतापगढ़। योगीराज देवराहा बाबा कथा मंडपम में आयोजित दिव्य दरबार के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हिंदू और सनातनियों की एकता से डर लगता है और वे जातिवाद की राजनीति करना चाहते हैं। कानून और संविधान के रहते कोई भी रामकथा को नहीं रोक सकता। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि तीन दिनों तक रामकथा का आयोजन दिव्य, भव्य और नव्य रहा। उन्होंने कहा कि वह साधु हैं और राजनीति पर नहीं बोलते, लेकिन सनातन एकता के प्रयासों का विरोध करने वालों को जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू एकता के लिए गालियां ही नहीं, गोली भी खानी पड़े तो वह पीछे नहीं हटेंगे।



गोपाष्टमी का जिक्र करते हुए उन्होंने कुछ लोगों पर तंज कसा और कहा कि बयान के बाद कुछ लोग कृष्ण भक्त बनने लगे थे, लेकिन गोपाष्टमी पर गोपूजन करते नजर नहीं आए। इस दौरान सांसद रमेश अवस्थी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, विधायक पूजा पाल, अजय सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कुंडा के बेंती में सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी भी पहुंचे। उन्होंने राजा भैया के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सनातन के लिए प्रबुद्ध लोगों का आगे आना समाज का मनोबल बढ़ाता है। उन्होंने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा।

पिता की गिरफ्तारी के बाद तनाव में था बेटा, 13वीं मंजिल से गिरकर मौत

घरेलू सहायिका हत्या मामले में जेल में बंद डॉक्टर के बेटे पार्थ की मौत

नई दिल्ली

अमर कॉलोनी में घरेलू सहायिका मीना हलधर की हत्या के मामले में जेल में बंद डॉक्टर मनीष गुप्ता के 19 वर्षीय बेटे पार्थ गुप्ता की रोहिणी में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पार्थ सेक्टर-32 स्थित एक निर्माणाधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरा था। शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का माना जा रहा है।

मौके पर पहुंची पुलिस, अस्पताल में मृत घोषित : पुलिस के मुताबिक गुरुवार दोपहर बेगमपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि रोहिणी सेक्टर-32 स्थित निमार्णाधीन इमारत के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक के पास कोई दस्तावेज नहीं मिला। जांच के दौरान आसपास के लोगों से जानकारी मिलने पर उसकी पहचान पार्थ गुप्ता के रूप में हुई।

पिता की गिरफ्तारी के बाद मानसिक तनाव में था पार्थ : पार्थ लॉ प्रथम वर्ष का छात्र था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिता की गिरफ्तारी के बाद से वह मानसिक तनाव में था। वह कुछ दिनों से अपनी नानी के घर रह रहा था। घटना वाले दिन वह दोस्त से मिलने की बात कहकर घर से निकला था और मोबाइल भी घर पर छोड़ गया था। पुलिस के अनुसार पार्थ के माता-पिता दोनों त्वचा रोग विशेषज्ञ हैं। उसके पिता डॉक्टर मनीष गुप्ता को जून माह में घरेलू सहायिका मीना हलधर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और वह फिलहाल जेल में बंद हैं। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

जहरीले पदार्थ के सेवन से मां और दो मासूम बच्चों की मौत

बलौदाबाजार।

- छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में देवउठनी एकादशी के अवसर पर एक महिला और उसके दो मासूम बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है।
- एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से इलाके में शोक का माहौल है। प्रारंभिक तौर पर जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।
- पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।
- प्रारंभिक जानकारी में आशंका जताई जा रही है कि महिला ने पहले अपने दोनों बच्चों को जहरीला पदार्थ पिलाया और इसके बाद स्वयं भी उसका सेवन कर लिया। हालांकि, पुलिस की जांच और चिकित्सकीय रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।
- इस बीच, घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका भी सामने आई है। स्थानीय स्तर पर महिला के पति की दूसरी शादी को लेकर चर्चा और परिवार में विवाद होने की बात कही जा रही है।

अफगानिस्तान व चीन में भूकम्प

नई दिल्ली। चीन और अफगानिस्तान में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, चीन में शाम 4:15 बजे 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र 80 किलोमीटर गहराई में था। वहीं, अफगानिस्तान में दोपहर 3:40 बजे 4.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसकी गहराई 159 किलोमीटर रही। दोनों भूकंप 70 किलोमीटर से अधिक गहराई में आने के कारण मध्यम गहराई श्रेणी में आते हैं। इससे पहले 19 नवंबर को भी अफगानिस्तान में 3.9 तीव्रता का भूकंप आया था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, 70 से 300 किलोमीटर की गहराई में आने वाले भूकंप मध्यम गहराई वाले माने जाते हैं और अधिक गहराई के कारण सतह पर इनका प्रभाव अपेक्षाकृत कम हो सकता है।

भाजपा ने मान सरकार पर लगाया अवैध खनन नेटवर्क का आरोप

पठानकोट में 367.5 करोड़ के अवैध खनन का दावा

पठानकोट। पंजाब भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पठानकोट विधायक अश्वनी शर्मा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए भगवंत मान सरकार पर अवैध खनन को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रावी नदी के अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्र में 367.5 करोड़ रुपये के अवैध खनन का मामला राज्य में फैले बड़े नेटवर्क की ओर संकेत करता है।

ईडी रिपोर्ट में कई अहम खुलासे : शर्मा ने बताया कि पुलिस महानिदेशक को भेजी गई 31 पृष्ठों की ईडी रिपोर्ट में आईआईटी रोपड़ के ड्रोन सर्वेक्षण, नदी तल के अध्ययन और खुदाई मशीनों के जीपीएस रिकॉर्ड का उल्लेख है। रिपोर्ट के अनुसार सात चिन्हित स्थलों पर 27 गड्ढों से 47.30 लाख घन मीटर सामग्री निकाली गई, जिसमें गुगरां गांव के पास बड़े पैमाने पर खनन शामिल है।

पूरे पंजाब में नेटवर्क होने का आरोप : उन्होंने कहा कि जांच वर्ष 2023 में 92 एकड़ शामलात भूमि के कथित फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मामले से शुरू हुई थी। शर्मा का दावा है कि ईडी को मिले व्हाट्सऐप संदेशों में खनन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों के बीच कथित लेन-देन के संकेत मिले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध खनन का नेटवर्क केवल पठानकोट तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे पंजाब में फैला है तथा सीमा क्षेत्र में अनियंत्रित खनन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकता है। उन्होंने रिपोर्ट में नामित अधिकारियों और क्रशर संचालकों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत तत्काल कार्रवाई तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

कैट ने राहुल गांधी के नोटबंदी-जीएसटी बयान पर जताई आपत्ति

प्रवीण खंडेलवाल बोले- व्यापारियों को राजनीतिक सहानुभूति नहीं, सरल कानून और बेहतर कारोबारी माहौल चाहिए

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा नोटबंदी और जीएसटी व्यवस्था को लेकर छोटे व्यापारियों और एमएसएमई क्षेत्र के प्रभावित होने संबंधी बयान पर व्यापारिक संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनके बयानों को राजनीतिक बयानबाजी करार दिया। खंडेलवाल ने कहा, व्यापारियों के हितों की बात करने से पहले कांग्रेस को अपने शासनकाल के दौरान लागू व्यवस्थाओं पर भी आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौर में व्यापारी इंस्पेक्टर राज, लाइसेंस-पर्मिट राज और जटिल कर व्यवस्था से परेशान थे।



मोदी सरकार के सुधारों का दिया हवाला

कैट ने अपने पत्र में केंद्र सरकार की ओर से किए आर्थिक सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा, शासन व्यवस्था को नियंत्रण आधारित प्रणाली से निकालकर विश्वास और कारोबार सुगमता की दिशा में आगे बढ़ाया गया है। संगठन के अनुसार, जन विश्वास सुधारों के तहत 79 केंद्रीय कानूनों के 717 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया, जबकि कई पुराने कानून समाप्त किए गए हैं। कैट अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, सरकार की विभिन्न योजनाओं से छोटे व्यापारियों को लाभ मिला है। उन्होंने पीएम मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसी पहलों को कारोबारी सुविधा बढ़ाने वाला बताया।

जीएसटी में सुधार जारी रखने की बात

कैट ने कहा कि जीएसटी ने देश में एकीकृत कर प्रणाली स्थापित की है। हालांकि संगठन जीएसटी को और सरल बनाने तथा साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार के साथ संवाद जारी रखे हुए है।

सबूत सार्वजनिक करने की चुनौती

राहुल गांधी के बड़े उद्योग समूहों को लाभ पहुंचाने के आरोपों पर खंडेलवाल ने कहा कि यदि उनके पास ठोस प्रमाण हैं तो उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को राजनीतिक सहानुभूति नहीं, बल्कि आसान कानून, वित्तीय सहयोग और बिना भय के कारोबार करने का वातावरण चाहिए।

शिक्षा बने संस्कृतियों और देशों को जोड़ने वाला सेतु : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

सिम्बायोसिस इंटरनेशनल 23वें दीक्षांत समारोह में किया सम्बोधित

पुणे। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि आज के जटिल दौर में शिक्षा को राष्ट्रों, संस्कृतियों और समुदायों को जोड़ने वाले सेतु की भूमिका निभानी चाहिए। वे सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 23वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत की सभ्यतागत भावना 'वसुधैव कुटुंबकम' का उल्लेख करते हुए समावेशी और वैश्विक शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया।

सिम्बायोसिस की अंतरराष्ट्रीय पहचान की सराहना : उपराष्ट्रपति ने सिम्बायोसिस को अंतरराष्ट्रीय समझ और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में 85 देशों के 3,000 से अधिक विदेशी विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं, जो इसकी वैश्विक पहुंच को दर्शाता है। उन्होंने दुबई में स्थापित अंतरराष्ट्रीय परिसर का भी उल्लेख किया।



युवाओं से जीवनभर सीखते रहने की अपील : राधाकृष्णन ने कहा कि तकनीकी बदलाव के दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक और वैज्ञानिक नवाचार के साथ छात्रों को निरंतर सीखते रहना होगा। उन्होंने कहा कि डिग्री आधार है, लेकिन जीवनभर सीखना सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने छात्रों से ईमानदारी, नैतिकता और चरित्र के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही नशे से दूर रहने की अपील करते हुए उद्यमिता, अनुसंधान और सामाजिक नवाचार को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए।

मणिपुर शराब कांड पर राहुल ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली। मणिपुर के चंदेल जिले में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत और 150 के गंभीर बीमार होने के मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस घटना को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए इसे महज हादसा नहीं, बल्कि सरकारी लापरवाही का परिणाम बताया है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और अस्पतालों में भर्ती मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने आरोप लगाया कि मणिपुर पहले ही हिंसा से प्रभावित रहा है और अब जहरीली शराब से लोगों की जान जा रही है, लेकिन सरकार गंभीर कदम नहीं उठा रही है।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही प्रभावित परिवारों को बिना देरी सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

हेलिकॉप्टरों से बरसी गोलियां; 42 करोड़ के इनामी ड्रग लॉर्ड पर शिकंजा

मेक्सिको के गुआसावे में सेना का बड़ा ऑपरेशन, मुठभेड़ के बीच रोका गया बेसबॉल मैच; अमेरिका ने घोषित कर रखा था इनाम

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के कुख्यात ड्रग माफिया और अमेरिकी जांच एजेंसी की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल फाउस्टो इसिड्रो मेजा फ्लोरेस उर्फ एल चापो इसिड्रो को पकड़ने के लिए शुक्रवार को चलाए गए बड़े सैन्य अभियान ने पूरे गुआसावे शहर को दहला दिया। उत्तरी सिनालोआ प्रांत में हुई इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षाबलों और हथियारबंद बदमाशों के बीच जबरदस्त गोलीबारी हुई। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक उसकी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। एल चापो इसिड्रो 'लॉस माजातलेकोस' नाम के आपराधिक गिरोह का सरगना है। अमेरिकी जांच एजेंसी के अनुसार वह हेरोइन, मेथामफेटामाइन, कोकीन, फेंटानिल और गांजे की तस्करी के बड़े नेटवर्क से जुड़ा रहा है। अमेरिका ने उसकी गिरफ्तारी की सूचना देने वाले के लिए 50 लाख डॉलर यानी करीब 42 करोड़ रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टरों से फायरिंग : मेक्सिको की सेना जब एल चापो इसिड्रो को पकड़ने गुआसावे पहुंची तो उसके समर्थक हथियारबंद गिरोह ने जवाबी हमला शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में शहर के ऊपर उड़ते ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टरों से गोलीबारी होती दिखाई दी। मुठभेड़ के दौरान कई वाहनों में आग लगा दी गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय प्रशासन ने भी संघीय सुरक्षाकर्मियों पर हमले की पुष्टि की है।

गोलियों की आवाज से स्टेडियम में मची भगदड़ : इस ऑपरेशन का असर गुआसावे के कुरोदा पार्क स्टेडियम तक पहुंच गया। जिस समय शहर में गोलियां चल रही थीं, वहां 2026 लीगा मेक्सिकाना बेसबॉल लीग का मुकाबला खेला जा रहा था। अचानक गोलियों की आवाज सुनकर खिलाड़ियों और दर्शकों में डर फैल गया। सुरक्षा कारणों से मैच को बीच में ही रोकना पड़ा।

सिनालोआ कार्टेल से खूनी टकराव के बाद बढ़ा दबदबा : अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के मुताबिक, एल चापो इसिड्रो के गिरोह की कुख्यात सिनालोआ कार्टेल से लंबे समय तक खूनी दुश्मनी रही है। कार्टेल के कमजोर पड़ने के बाद उसने गुआसावे, लॉस मोचिस और आसपास के पहाड़ी इलाकों में अपना प्रभाव बढ़ा लिया। वर्ष 2024 में मेक्सिको की नौसेना ने गुआसावे से एक टन से ज्यादा फेंटानिल जब्त किया था, जिसे देश की सबसे बड़ी बरामदगी में शामिल किया गया था।

5 इंच टीएफटी डिस्प्ले, राइडिंग मोड व ट्रैक्शन कंट्रोल जैसे फीचर्स से लैस हुई स्पोर्ट्स बाइक

बजाज पल्सर आरएस200 का नया अवतार लॉंच, अब मिलेगी ज्यादा पावर और हाईटेक सुविधाएं

नई दिल्ली

बजाज ऑटो ने पल्सर ब्रांड के बाजार में 25 साल पूरे होने के खास अवसर पर अपनी फुली फेयर्ड स्पोर्ट्स बाइक बजाज पल्सर आरएस200 का अपडेटेड मॉडल भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। नए मॉडल की शुरूआती कीमत 1,98,441 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। कंपनी ने बाइक में डिजाइन के साथ-साथ इंजन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सुरक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए हैं।



इंजन क्षमता और राइडिंग तकनीक में सुधार : नई पल्सर आरएस200 में पहले के मुकाबले ज्यादा पावर दी गई है। इसका इंजन आउटपुट अब 24.5 पीएस से बढ़कर 25.5 पीएस हो गया है। बाइक में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक थ्रॉटल कंट्रोल सिस्टम दिया गया है, जिससे राइडर को अलग-अलग परिस्थितियों के अनुसार बाइक की प्रतिक्रिया बदलने के लिए कई राइडिंग मोड मिलते हैं। सुरक्षा के लिहाज से इसमें नया ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम जोड़ा गया है, जो तेज रफ्तार के दौरान पिछले पहिये के फिसलने की संभावना को कम करता है। इसके अलावा स्पोर्ट्स शिफ्टर जैसी सुविधा भी दी गई है।

सस्पेंशन और टायर में भी किए गए बदलाव : बाइक की राइडिंग क्षमता को बेहतर बनाने के लिए इसमें 37 मिलीमीटर अपसाइड डाउन फ्रंट फोर्क्स लगाए गए हैं। इससे तेज गति और मोड़ पर बाइक को ज्यादा स्थिरता मिलती है। वहीं पीछे के हिस्से में चौड़ा 140/70-17 रेडियल टायर दिया गया है, जिससे सड़क पर पकड़ बेहतर होती है।

5 इंच टीएफटी स्क्रीन और स्मार्ट फीचर्स : नई पल्सर आरएस200 में पुराने इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर की जगह नया 5 इंच टीएफटी डिस्प्ले दिया गया है। यह गूगल मैप्स मिररिंग के साथ आता है, जिससे राइडर को नेविगेशन की सुविधा मिलती है। इसके अलावा बाइक में एडजस्टेबल लीवर, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट, हैजर्ड स्विच और पैनिक ब्रेक अलर्ट जैसे आधुनिक फीचर्स भी शामिल किए गए हैं।

कंपनी ने बताया पल्सर की नई दिशा : बजाज ऑटो के दोपहिया कारोबार इकाई के मुख्य कारोबारी अधिकारी सारंग कनाडे ने कहा कि पल्सर आरएस200 हमेशा से रेसिंग प्रेरित प्रदर्शन के लिए पहचानी जाती रही है।

नए अपडेट के साथ बाइक में बेहतर नियंत्रण, कनेक्टिविटी और आधुनिक तकनीक जोड़ी गई है, जबकि इसकी मूल पहचान को बरकरार रखा गया है।

राजस्थान के पोखरण में अडाणी की एंटी टैंक मिसाइल 'भगीरा एटी-1' का सफल प्रदर्शन

बाड़मेर। राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने वाहन पर तैनात एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली 'भगीरा एटी-1' का सफल प्रदर्शन किया। 20 नवंबर को हुए इस परीक्षण में चार मिसाइलों को दागकर उनकी क्षमता का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भारतीय सेना, सैन्य मामलों के विभाग और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कंपनी के अनुसार, 'भगीरा एटी-1' को 18 महीने के डिजाइन और विकास के बाद तैयार किया गया है। इसे भारतीय मौसम, भौगोलिक परिस्थितियों और सैन्य जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। यह एक पूर्ण युद्ध प्रणाली है, जिसमें स्वचालित लॉन्चर, दिन-रात लक्ष्य पहचान उपकरण और अदाणी डिफेंस का बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। इस मिसाइल प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता इसकी 8 किलोमीटर तक लक्ष्य भेदने की क्षमता है। यह जमीन से दागी जाने वाली कई एंटी टैंक मिसाइलों की तुलना में लगभग दोगुनी दूरी तक प्रभावी हमला कर सकती है। मिसाइल रेडियो लिंक की जगह लेजर बीम तकनीक से लक्ष्य तक पहुंचती है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के जरिए इसे रोकना मुश्किल हो जाता है। एक वाहन में चार मिसाइलें लॉन्चर पर तैनात रहती हैं, जबकि आठ अतिरिक्त मिसाइलें रखी जा सकती हैं। इस तरह एक वाहन कुल 12 मिसाइलों से लैस रह सकता है।

आधुनिक युद्ध की जरूरतों के अनुरूप क्षमता : 'भगीरा एटी-1' एक ही लक्ष्य पर तेजी से दो मिसाइलें दागने में सक्षम है। पहली मिसाइल दुश्मन के सक्रिय सुरक्षा तंत्र को कमजोर करती है, जबकि दूसरी उसके कवच को भेदने के लिए उपयोग की जाती है। इससे सैनिक सुरक्षित दूरी से हमला कर तेजी से स्थान बदल सकते हैं। रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ने के बीच इस प्रणाली को भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में देश का रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है।

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़

क्रमांक:-5523 **लोक सूचना** दिनांक : 20/11/2026

(1) श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री मघाराम (2) श्री चन्द्रभान पुत्र श्री सुल्तान (1) दौलतावाली तहसील पीलीबंगा (2) निवासी 9 एसड्डी सादकवाली ढाणी तहसील सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर कि नीचे अल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	भूमि स्थान	क्षेत्र
तहसील सूरतगढ़	कस्बा सूरतगढ़	खसरा नंबर 236/2 की 0.114 हैक्टयर 236/2 की 0.392 हैक्टयर 933/236 की 0.645 हैक्टयर की 1.151 हैक्टयर	1.151 हैक्टयर यानि 11510 वर्गमीटर

इसलिए,इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..... को जारी की गयी। -प्राधिकारी अधिकारी,नगरपालिका सूरतगढ़

Education Department Govt. of Rajasthan

OFFICE: MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL NO.1

NOHAR(491254)-335523, DIST. HANUMANGARH (RAJ.)

UDISE: 08020223701, NIC-ID: 491254

Ref. No. 993 Date : 21-11-2026

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, हनुमानगढ़ के आदेश क्रमांक जिपरिसम/समसा/हनु/सिविल/2026-27/Rajkaj Raj No. 23874638 की पालना में MGGS No.1 (491254), Nohar में दो कक्षा कक्ष जर्जर भूमिदोज किया जायेगा, जिसकी नीलामी हेतु जी. एस.टी. पंजीकृत बोलीदाताओं को नीलामी शर्तों के साथ आमंत्रित, किया जाता है। क्षतिग्रस्त भवन की नीलामी 28/11/2026 को सुबह 10 बजे MGGS No.1 (491254), Nohar. में की जानी है जिसकी शर्तों की सूचना विद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

PRINCIPAL

Mahatma Gandhi Govt. School No.1, NOHAR (491254)

न्यूज इन ब्रीफ

इग्नू की परीक्षाएं 25 नवंबर से, प्रवेश पत्र जारी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसंबर 2026 सत्रांत परीक्षाएं 25 नवंबर से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र समन्वयक विनोद कुमार ने बताया कि पात्र विद्यार्थी इग्नू समर्थ पोर्टल पर लॉग-इन कर अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र में नामांकन संख्या, विषय कोड, परीक्षा तिथि एवं परीक्षा केंद्र की जानकारी जांचने की सलाह दी। किसी त्रुटि पर अध्ययन केंद्र से संपर्क करें। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र की मुद्रित प्रति के साथ वैध इग्नू पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। इनके बिना प्रवेश नहीं मिलेगा। विद्यार्थियों को समय रहते हॉल टिकट डाउनलोड करने की सलाह दी गई है।

युवक को घेरकर लाठी-डंडों से पीटा

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। थाना क्षेत्र के चक 12 एसटीबी में सब्जी लेने जा रहे युवक पर रास्ते में घात लगाकर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन नामजद सहित 5-6 अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। रिपोर्ट के अनुसार प्रेमपुरा निवासी कुलवंत 14 नवंबर शाम करीब सात बजे मोटरसाइकिल से सब्जी लेने जा रहा था। रास्ते में आरोपियों ने उसकी बाइक पर लाठी से वार कर उसे गिरा दिया और घेरकर लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। राहगीरों ने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया। परिजन उसे पीलीबंगा अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत में हनुमानगढ़ रेफर किया गया। जॉनी, पारस और बबलू ओड सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच डीएसपी विक्रम चौहान कर रहे हैं।

वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सदर थाना क्षेत्र में 19 नवम्बर की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार सिकन्दर (38) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गोलूवाला से अपने गांव सुभानवाला लौट रहा था। 32 एसएसडब्ल्यू जाने वाले चौराहे के पास तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में उसके शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने उसके भाई विनोद कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई मदनलाल कर रहे हैं।

किसान को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन थाना क्षेत्र के चक 7 एचएमएच में खेत से जबरन रास्ता निकालने के विवाद में किसान से मारपीट और ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। कमरानी निवासी मुस्तफा खान (40) ने न्यायालय में इस्तगासा पेश कर बताया कि 22 जुलाई को मुसे खान, जुम्मे खान, नूरनबी सहित 7-8 अन्य लोग ट्रैक्टर लेकर उसके खेत पहुंचे और ज्वार की फसल नष्ट कर रास्ता निकालने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज की तथा ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया।

पल्स पोलियो अभियान के तहत अस्पतालों, आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूलों में बनेंगे बूथ, घुमंतू और प्रवासी परिवारों के बच्चों पर भी रहेगा विशेष फोकस

हनुमानगढ़ : आज जिले में सवा दो लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियोरोधी खुराक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

जिले में रविवार, 22 नवम्बर को पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक की आयु के लगभग सवा दो लाख बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। पोलियोरोधी दवा भी जिले में उपलब्ध हो चुकी है। विभाग की ओर से जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर बूथ स्थापित कर बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी।



घुमंतू एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों तक भी विशेष रूप से पहुंच

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग सवा दो लाख बच्चे हैं। इन सभी बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाना विभाग का लक्ष्य है। इसके लिए अस्पतालों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। इन बूथों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात रहेंगी, जो अभियान के दिन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य कोई भी पात्र बच्चा पोलियोरोधी खुराक से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान घुमंतू एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों तक भी विशेष रूप से पहुंच बनाई जाएगी। गाडिया लुहार, मनिहार, पत्थर तराशने वाले मजदूर, भवन निर्माण श्रमिकों तथा ईंट भट्ठों पर काम करने वाले परिवारों के बच्चों को चिह्नित कर उन्हें दवा पिलाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए ऐसे परिवारों के अस्थायी निवास और कार्यस्थलों तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. शर्मा ने अभिभावकों से अपील की कि वे रविवार को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियोरोधी खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि बच्चे को पहले भी पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी हो, तब भी इस अभियान के दौरान उसे खुराक जरूर दिलाएं। सामूहिक सहभागिता से ही अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से स्वास्थ्य विभाग की टीमों का सहयोग करने और आसपास के परिवारों को भी अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

ट्रीटमेंट प्लांट तक बिछी पाइप लाइन को किया क्षतिग्रस्त

बीपीसीएल ने वेस्टेज पाइप लाइन के बीच से निकाली गैस लाइन

गैस सप्लाई शुरू होती तो हो सकता था बड़ा हादसा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। घरों तक पीएनजी गैस पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य कर रही बीपीसीएल कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जंक्शन स्थित चूना फाटक के पास वाशिंग लाइन से ट्रीटमेंट प्लांट तक वेस्टेज पानी की निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन के बीच से कंपनी की ओर से गैस पाइप लाइन निकाल दी गई। शुक्रवार को जब ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की टेस्टिंग की गई तो चूना फाटक के पास पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण हजारों लीटर पानी सड़क पर व्यर्थ बह गया। इस लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था। शनिवार को रेलवे कर्मचारी पाइप लाइन को दुरुस्त करने के कार्य में जुटे रहे। जानकारी के अनुसार चूना फाटक पर निर्मित वाशिंग लाइन के वेस्टेज वाटर को बाइपास स्थित जोड़कियां फाटक के पास बने ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए रेलवे की ओर से पाइप लाइन बिछाई गई है।





पानी चूना फाटक के पास पाइप लाइन से बाहर निकलकर सड़क किनारे दुकानों के आगे फैलने लगा। सूचना मिलने पर सुशील बहल और वार्ड 51 से पार्षद सुरेश धमीजा मौके पर पहुंचे तथा जलदाय विभाग के

जलदाय विभाग ने जानकारी दी

अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों और कर्मचारियों ने मशक्कत कर पाइप लाइन की वास्तविक स्थिति का पता लगाया। रात करीब आठ बजे सामने आया कि यह पाइप लाइन रेलवे की है। बीपीसीएल कंपनी की ओर से इस लाइन को क्षतिग्रस्त कर उसके बीच से अपनी गैस पाइप लाइन निकाल दी गई। इससे पाइप लाइन टूट गई और ट्रायल के दौरान पानी बाहर निकल गया। वेस्टेज वाटर की निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन अभी तक शुरू नहीं हुई थी। बीपीसीएल कंपनी की ओर से गैस पाइप लाइन निकाले जाने के कारण हुई टूट-फूट का खुलासा हो गया। कंपनी पांच-सात दिन में गैस सप्लाई शुरू करने की बात कह रही थी। ऐसे में यदि पानी की पाइप लाइन की टेस्टिंग नहीं होती और गैस सप्लाई शुरू हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

उपखण्ड अधिकारी को सौंपा आईजी के नाम का मांग पत्र

रावतसर : पटवारी के साथ कथित पुलिस दुर्व्यवहार का विरोध, कल धरना प्रदर्शन

सीमा सन्देश# रावतसर। राजस्थान पटवार संघ उपशाखा अध्यक्ष पटवारी दलीप कड़ेला के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं पटवारियों ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी शुभम शर्मा को ज्ञापन सौंपा। आईजी के नाम ज्ञापन सौंप पटवारी देवीलाल के साथ कथित पुलिस दुर्व्यवहार के मामले में निष्पक्ष जांच एवं दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के अनुसार 22 अक्टूबर को पीलीबंगा में कार्यरत राजस्व पटवारी देवीलाल अपनी पत्नी को चिकित्सकीय जांच के लिए स्कूटी से सूरतगढ़ स्थित चिकित्सालय ले जा रहे थे। आपातकालीन परिस्थिति एवं जल्दबाजी के कारण वे हेलमेट नहीं पहन सके। इसी दौरान सूरतगढ़ थाना पुलिस द्वारा यातायात चालान की विधिक प्रक्रिया अपनाने के बजाय कथित रूप से पद का दुरुपयोग करते हुए उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाकर थाने ले जाया गया।



निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

पटवारी देवीलाल के साथ मारपीट एवं अमानवीय दुर्व्यवहार किया गया। राजस्थान पटवार संघ ने इस घटना में संलिप्त समस्त पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की। राजस्थान पटवार संघ उपशाखा रावतसर द्वारा 23 नवंबर समस्त पटवारी उपखंड एवं तहसील कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान पटवार संघ उपशाखा रावतसर के अध्यक्ष पटवारी दलीप कड़ेला सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य पटवारी उपस्थित रहे।

फेफाना की बेटियों ने रचा इतिहास

चारणवासी। फेफाना की तीन बेटियों ने अंडर-17 छात्रा वर्ग क्रिकेट की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल कर गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार 70वीं राष्ट्रीय विद्यार्थी खेलकूद प्रतियोगिता अंडर-17 छात्रा वर्ग क्रिकेट का आयोजन जम्मू-कश्मीर में किया गया। प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम उपविजेता रही और सिल्वर मेडल अपने नाम किया। राजस्थान की टीम में गांव फेफाना की तीन होनहार बेटियों तमन्ना पुत्री जगदीश नायक, हर्षिता पुत्री भाल सिंह एवं सीया पुत्री बलजीत सिंह ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा गया कि बेटियों ने न केवल जिले बल्कि पूरे राजस्थान का मान बढ़ाया है।



संगरिया पंचायत समिति प्रधान का चुनाव 27 नवंबर को, तैयारियों में जुटा अमला

नामांकन से मतदान तक की प्रक्रिया एक ही दिन होगी

संगरिया। पंचायत समिति सदस्य चुनाव की मतगणना पूरी होने के बाद अब प्रधान पद के चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने बताया कि पंचायत समिति प्रधान का चुनाव 27 नवंबर को पंचायत समिति कार्यालय में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण मतगणना में सहयोग करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रत्याशियों, काउंटिंग एजेंटों और मीडिया का आभार व्यक्त किया गया है। प्रधान चुनाव की पूरी प्रक्रिया पंचायत समिति कार्यालय में ही आयोजित होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 नवंबर को पंचायत समिति



के निर्वाचित सदस्यों की बैठक सुबह 10 बजे होगी। प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र सुबह 11 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। इसके बाद 11:30 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। प्रत्याशी दोपहर 1 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। प्रधान पद के लिए मतदान दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। अगले दिन 28 नवंबर को उपप्रधान पद का चुनाव कराया जाएगा। संगरिया पंचायत समिति में निर्वाचित 19 सदस्य प्रधान पद के चुनाव में मतदान करेंगे।

---

26 ग्राम चिट्टे सहित बाइक सवार गिरफ्तार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन थाना पुलिस ने न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए बाइक सवार अब्दुल लतीफ (22) निवासी गांव नवां को 26 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हेरोइन बरामद कर बाइक जब्त कर ली। उपनिरीक्षक गजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टीम शुक्रवार रात गश्त कर रही थी। इस दौरान अबोहर मार्ग पर डीटीओ कार्यालय के पीछे संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को रोककर तलाशी ली गई। प्रारंभिक पूछताछ में खरीद-फरोख्त के मामले में साहिल खान उर्फ लवली निवासी तलवाड़ा झील और फरीद खान निवासी खुंजा के नाम सामने आए। दोनों को भी नामजद किया गया है। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच एसआई साहबराम कर रहे हैं।

ऊर्जा बचत, वर्षा जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सीमा सन्देश# रावतसर। एमडी पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को ऊर्जा बचत, वर्षा जल संचयन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। प्रधानाचार्य चौधरी कैलाश सिंवर द्वारा ऊर्जा के महत्व को समझाते हुए बिजली का अनावश्यक उपयोग रोकने, जल संरक्षण अपनाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को वर्षा जल संचयन की उपयोगिता बताते हुए जल की प्रत्येक बूंद बचाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के माध्यम से एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधों की साफ-सफाई की गई। पौधों के आसपास उगी खरपतवार



हटाकर उनकी देखभाल की गई तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।पर्यावरण संरक्षण को अपनी नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रकृति एवं संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। महावीर सिंवर ने बच्चों को अनुशासन के बारे में समझाया। राम कुमार ढाका , संजय, अभिषेक शर्मा, जेपी आदि मौजूद रहे ।

टोपरियां सहित सात गांवों में आज चलेगा पल्स पोलियो अभियान

टोपरियां। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टोपरिया के अंतर्गत आने वाले सात गांवों में रविवार को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित बूथों पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टोपरिया के अंतर्गत थालड़का, टोपरिया, ढंढेला, भगवान, देईदास, ढाणी लाल खां और भुकरका गांवों में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ सुपरवाइजर मुकेश सहू ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने पांच साल तक के बच्चों को नजदीकी बूथ पर लाकर पोलियो की दो बूंदें अवश्य पिलाएं। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों को पहले भी पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी है, उन्हें भी इस अभियान के दौरान दवा पिलाना जरूरी है।

जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 13 को

10वीं-12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी, खिलाड़ी, सरकारी सेवा में चयनित युवा और जनप्रतिनिधि होंगे सम्मानित

सीमा सन्देश # टिब्बी। बाजीगर-गवारिया समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 13 दिसंबर, रविवार को टिब्बी के अग्रवाल पैलेस में आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पार्षद भोला सिंह बाजीगर की अध्यक्षता में उनके निवास पर समाज के प्रमुख लोगों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा। बैठक में बताया गया कि समारोह में शिक्षा सत्र के दौरान 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा सरकारी नौकरियों में चयनित प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा।



अग्रवाल मैरिज पैलेस में होगा आयोजन

पंचायती राज चुनाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी समारोह में सम्मानित किया जाएगा। समाज के आयोजकों ने पात्र प्रतिभाओं से अपील की है कि वे 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे तक अग्रवाल मैरिज पैलेस, टिब्बी में पहुंचकर अपना नाम दर्ज करवाएं, ताकि सभी प्रतिभाओं को समारोह में सम्मानित किया जा सके। बैठक में मलकीत सिंह बाजीगर, पूर्व डायरेक्टर प्रतिनिधि पूर्ण चंद, पार्षद प्रतिनिधि प्यार राम, जीत सिंह कबाड़िया, लक्ष्मण सिंह, तेजाराम, कालाराम, बलवीर सिंह, गुरचरण सिंह, मसाल सिंह, पप्पू राम, बूटा सिंह, मखन राम, करतार सिंह बुकन, जीत सिंह, तारा राम, गुरदास कबाड़िया, रूप कबाड़िया, भीम सिंह बाजीगर, ओमप्रकाश कबाड़िया, फोजाराम, जोगेंद्र सिंह, करतार सिंह प्रेमी, बलवीर सिंह, जसवीर सिंह, जगसीर सिंह, शेराराम, डॉ. सुखपाल सिंह, रामजीलाल, सुभाष, चरण सिंह प्रेमी, अशोक कुमार, अमरपाल, लक्ष्मण सिंह, हिरकमल, ध्यानचंद, संदीप कुमार, मलकीत सिंह, मोनू राम, सरजीत राम एवं कालूराम सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

श्री खुशालदास विवि में विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ तकनीकी दक्षता और कौशल विकास आज की आवश्यकता

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

स्कूली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर और कौशल विकास के अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से श्री खुशालदास विश्वविद्यालय में चार विद्यालयों के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन कर उच्च शिक्षा की संभावनाओं को करीब से समझा। विश्वविद्यालय पहुंचने पर एनएसएस की छात्राओं ने तिलक लगाकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का स्वागत किया।

उच्च शिक्षा से मिलती है सही दिशा

श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं। इससे वे अपनी रुचि पहचानकर भविष्य के लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।



कौशल और नवाचार पर दिया जोर: विश्वविद्यालय के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ तकनीकी दक्षता और कौशल विकास आज की आवश्यकता है। वहीं, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. डॉ. अवधेश शर्मा ने विद्यार्थियों को नौकरी के साथ उद्यमिता और स्टार्टअप के अवसरों की जानकारी देते हुए एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन जैसी योजनाओं का उल्लेख किया, जिनमें पात्र नवाचारों को 15 लाख रुपये तक की सहायता मिल सकती है।

करिअर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. डॉ. विक्रम सिंह औलख ने विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों तथा उनसे जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने शिक्षक, रेलवे, भारतीय सेना, बीएसएफ और पुलिस सेवा में करियर बनाने की इच्छा व्यक्त की, जिनका विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन किया। भ्रमण में पीएम श्री राजकीय विद्यालय जोड़कियां, रावतसर, राजकीय विद्यालय रोडावाली तथा दून सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हनुमानगढ़ जंक्शन के विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, कॅरिअर चयन, कौशल विकास और नवाचार के प्रति नई प्रेरणा प्रदान की।

अमित चाचाण बोले– महंगाई, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी के खिलाफ जनता ने वोट की चोट से दिया जवाब

कांग्रेस में नोहर व पल्लू पंचायत समिति एवं जिला परिषद में जीत का जश्न

सीमा सन्देश # नोहर।

नोहर-पल्लू पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस को मिले बहुमत के बाद पार्टी में उत्साह का माहौल है। क्षेत्र के सातों जिला परिषद जोन में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद शहर से लेकर गांवों तक जश्न मनाया गया। कार्यकताओं ने मिठाइयां बांटकर जीत की खुशी जाहिर की। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और कांग्रेस कार्यकताओं का विधायक अमित चाचाण के आवास पर जमावड़ा लगा रहा। यहां विजयी प्रत्याशियों ने विधायक अमित चाचाण और पीसीसी सदस्य एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र चाचाण से मुलाकात कर जीत की खुशी साझा की।



भाजपा सरकार के खिलाफ जनता ने वोट की चोट की : अमित चाचाण

विधायक अमित चाचाण ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम महंगाई, भ्रष्टाचार, धक्काशाही और वोट चोरी के खिलाफ जनता का फैसला है। भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और अशोक गहलोत के कार्यकाल में शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर आमजन को मिलने वाली राहत छीनने का काम किया है। जनता ने अपनी नाराजगी वोट की चोट से जाहिर करते हुए भाजपा की नीतियों को नकार दिया है।

उन्होंने कहा कि सत्ता के घमंड में भाजपा ने आम आदमी से मुंह मोड़ लिया। प्रदेश में किसान परेशान हैं और नहरों में पानी नहीं मिल रहा। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले जनता से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया। जनता को अपने हाल पर छोड़ने का जवाब मतदाताओं ने चुनाव में दिया है।

कांग्रेस पर जताया विश्वास

पीसीसी सदस्य राजेंद्र चाचाण ने कहा कि भाजपा की महंगाई, वोट चोरी और झूठे वादों को जनता पहचान चुकी है। चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि ग्रामीण मतदाता सरकार के कामकाज और जनहित के फैसलों के आधार पर अपना निर्णय लेते हैं। इस बार जनता ने कांग्रेस पर विश्वास जताकर पार्टी को मजबूत जनादेश दिया है।

कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनवारी सुथार और पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष बलवीर सुथार ने कहा कि जिला एवं ब्लॉक स्तर के कार्यकताओं ने बूथों पर दिन-रात मेहनत की। यह जीत पार्टी कार्यकताओं और ग्रामीण मतदाताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों और मनरेगा से जुड़े फैसलों का असर ग्रामीण गरीब एवं मेहनतकश परिवारों पर पड़ा है। जनता ने चुनाव में इसका जवाब दिया है। **गांवों के विकास को देंगे प्राथमिकता:** कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता से मिले जनादेश के अनुरूप गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और आमजन की समस्याओं का समाधान पार्टी की पहली प्राथमिकता रहेगी।

22 साल के अंतराल बाद ग्राम पंचायत फेफाना में नेतृत्व बदलाव

मानसिंह बिजारणिया ने संभाला सरपंच पद



सीमा सन्देश # चारणवासी। ग्राम पंचायत फेफाना में लंबे अंतराल के बाद नेतृत्व परिवर्तन के साथ नव निर्वाचित सरपंच मानसिंह बिजारणियां, उप सरपंच प्रियंका ज्याणी और वार्ड पंचों ने समारोहपूर्वक अपना कार्यभार संभाला। नव निर्वाचित सरपंच मानसिंह बिजारणियां वर्ष 2015 में सरपंच रहीं कांता बिजारणियां के परिवार से आते हैं। ग्राम पंचायत के इतिहास में वर्ष 2005 में सीमा भादू ने पहली महिला सरपंच बनकर नया अध्याय लिखा था। कार्यभार ग्रहण करने से ग्रामीणों में इस कार्यकाल के दौरान बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलने की खासी उम्मीद जागी है। सरपंच बिजारणियां ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह महती जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे सभी वर्गों को साथ लेकर खरा उतरेंगे और ग्राम पंचायत में शहरी तर्ज पर आधुनिक विकास कार्य कराए जाएंगे।

न्यूज इन ब्रीफ

कांग्रेस की जीत के बाद नेताओं ने की बैठक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायती राज चुनाव 2026 में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद जिले में आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठन की मजबूती को लेकर कांग्रेस नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को हुई। बैठक में आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर हनुमानगढ़ पंचायती राज चुनाव प्रभारी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार तथा जिला सहप्रभारी डॉ. सुनील लारा ने संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, नोहर विधायक अमित चाचाण, हनुमानगढ़ कांग्रेस प्रत्याशी विनोद चौधरी के पुत्र भूपेंद्र चौधरी तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष मक्कासर को जीत की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

बारिश का इंतजार में बैठे किसान

सीमा सन्देश # टोपरियां। क्षेत्र के गांवों में शनिवार को दिनभर बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। सुबह से ही मौसम बदला रहा और तेज धूप नहीं निकली। हल्की हवा चलने से ठंड का एहसास हुआ। दिनभर बादलों की आवाजाही के बावजूद बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई। खबर लिखे जाने तक आसमान में बादल छाए हुए थे। किसान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बरानी क्षेत्र के गांव ढंढेला, टोपरिया, देईदास और ढाणी लाल खां में बारिश के अभाव में चने की फसल काली पड़ने लगी है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि आगामी दो सप्ताह में बारिश नहीं हुई तो चने की फसल नष्ट हो सकती है। किसानों के अनुसार बरानी क्षेत्र में सरसों और अरंडी की फसल को भी हल्की बारिश की जरूरत है।

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मंथन

हनुमानगढ़। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के तृतीय चरण के तहत शनिवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सभागार में चैलेंज ट्रैक प्रतियोगिता आयोजित हुई। मेरा युवा भारत केन्द्र की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में युवाओं ने विनिर्माण, उद्यमिता एवं हरित विकास विषय पर विचार और नवाचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। निर्णायक समिति में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील छाबड़ा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं सहायक प्रोफेसर शामिल रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच, नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना रहा।

धान की झार से उड़ती मिट्टी और फैक्टरियों के धुएं से आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत

धुएं व धूल के गुबार में घुट रही सांसें, धानमंडी के दुकानदार ज्यादा परेशान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली के बाद से क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। आसमान में धुएं की परत छाई हुई है, वहीं हवा में घुली धूल और धुएं के कारण लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टाउन की धानमंडी के आसपास के दुकानदार इस समस्या से विशेष रूप से परेशान हैं। उनका कहना है कि दीपावली के आसपास मौसम में बदलाव के साथ ही प्रदूषण बढ़ जाता है। इसी दौरान धानमंडी में धान की आवक शुरू होने से झार लगाने के समय उड़ने वाली मिट्टी भी परेशानी बढ़ा देती है। दुकानदार संदीप छाबड़ा ने बताया कि दीपावली के आसपास मौसम में बदलाव होता है और इसी समय टाउन धानमंडी में धान की आवक शुरू हो जाती है। धान की झार लगाने के दौरान काफी मिट्टी उड़ती है, जो हवा में ऊपर फैलने के बजाय आसपास के क्षेत्र में ही बनी रहती है।



सांस लेने में होती दिक्कत

हवा नहीं चलने के कारण धूल और धुआं लंबे समय तक वातावरण में जमा रहता है। इससे सांस लेने में दिक्कत होती है और लोगों को मजबूरी में नाक-मुंह ढककर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आसपास की फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं, खेतों में जलाई जाने वाली पराली और दीपावली पर पटाखों से निकला धुआं भी प्रदूषण बढ़ने के प्रमुख कारण हैं। संदीप छाबड़ा ने प्रशासन से मांग की कि किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए समझाइश की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पराली के उचित निस्तारण के लिए अनुदान पर कई मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। किसानों को इनका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण पर रोक लग सके।

दुकानदार दीपक शर्मा ने बताया कि खेतों में पराली जलाने से कई तरह के नुकसान होते हैं। धुएं के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। वर्तमान मौसम में सांस लेना मुश्किल हो गया है और विशेषकर बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं दुकानदार सूर्यकांत ने बताया कि प्रदूषण के कारण घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। अस्थमा के मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धानमंडी के आसपास काम करने वाले दुकानदार दिनभर धूल और धुएं के बीच रहने को मजबूर हैं। उन्होंने धानमंडी को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग उठाते हुए कहा कि इससे शहर के आबादी क्षेत्र में धूल और प्रदूषण की समस्या कम हो सकती है।

गीतकार अमरसिंह चौहान की पुस्तक की हुई सराहना

सीमा सन्देश # बरवाली। प्रसिद्ध गीतकार अमरसिंह चौहान की गीतों की पुस्तक ह्यअमर गीत वंदनाह्ण पर पुस्तक चर्चा आयोजित की गई। चर्चा के दौरान पुस्तक में संकलित सामाजिक, पारिवारिक और देशभक्ति से जुड़े गीतों की सराहना की गई। डी बॉक्स म्यूजिक स्टूडियो, भादरा के संचालक दीपांशु ढिल ने कहा कि ह्यअमर गीत वंदनाह्ण पुस्तक सामाजिक, पारिवारिक और देशभक्ति गीतों का खजाना है। पुस्तक में प्रकाशित सरस्वती वंदना अनेक स्कूलों में गाई जाती है। उभरती गायिका ममता ने कहा कि पुस्तक में बालिका शिक्षा, अंधविश्वास उन्मूलन और जमीनी धरातल से जुड़े अनेक प्रेरणादायक गीत शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अमरसिंह चौहान को गीत लिखने और गाने की शानदार कला हासिल है, जिसकी हर मंच पर सराहना होती है। विशेष रूप से बेटियों पर आधारित उनके गीत बेहद लाजवाब हैं। गांव भगवान के निवासी अमरसिंह चौहान सेवानिवृत्त व्याख्याता हैं तथा विभिन्न स्थानों पर सम्मानित एवं पुरस्कृत हो चुके हैं।

विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



सीमा सन्देश# रावतसर। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर के विद्यार्थियों द्वारा हरित विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के उद्देश्य से खुशहाल दास विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ ने झंडी दिखाकर कर सभी विद्यार्थियों को रवाना किया। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के रमेश कुमार, राय सिंह,डॉ नीता अग्रवाल ,अलका तथा प्रभारी सतीश कुमार उपस्थित रहे। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ. विक्रम औलख, डीन स्टूडेंट वेलफेयर तथा कोऑर्डिनेटर अनिल जांदू ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति लगाव विकसित करने, प्रकृति के साथ संबंध स्थापित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं जानकारियों को उत्सुकता से समझा।

मौसम ने बदली करवट, छाए काले बादल

थालड़का। एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में काले बादल छाने से मौसम में ठंडक घुल गई। शाम होते-होते ठंड का असर बढ़ने लगा और लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। आसमान में बादलों को देखकर किसानों के चेहरों पर भी बारिश की उम्मीद जगी है।क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस बार बरसात कम होने के कारण खेतों में खड़ी फसलों को पर्याप्त नमी नहीं मिल पाई है। वर्तमान में सरसों और चने की फसल को बारिश की जरूरत है। यदि इस समय अच्छी बरसात हो जाती है तो फसलों को काफी फायदा मिलेगा ।

37 नेत्र रोगियों का करवाया निःशुल्क ऑपरेशन



नोहर। जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर नेत्र उपचार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से श्री प्रमोद कुमार पांडिया स्मृति संस्थान की ओर से गुरुवार को सिटी आई सेंटर एंड हॉस्पिटल में फिर से 37 मरीजों के निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन किए गए इस प्रकार इस शिविर में अभी तक 146 लोगों के ऑपरेशन करवाये जा चुके हैं। यह शिविर स्वर्गीय ओमप्रकाश पांडिया की स्मृति में निरंतर जारी है। खास बात यह है कि शिविर में चयनित सभी मरीजों के ऑपरेशन का पूरा खर्च संस्थान की ओर से उठाया जाएगा, ताकि पैसों की कमी के कारण किसी जरूरतमंद को इलाज से वंचित न रहना पड़े। संस्था अध्यक्ष सुरेश पांडिया ने कहा कि आर्थिक अभाव अब किसी की आंखों के इलाज में बाधा नहीं बनेगा।

गुरुवाणी के रंग में रंगा डीएवी स्कूल परिसर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। डीएवी हनुमानगढ़ टाउन स्कूल परिसर में गुरु ग्रंथ साहिब से जुड़े धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। समागम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर गुरुवाणी और शब्द कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों से भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और गणमान्य लोगों ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण में गुरु वाणी का श्रवण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप के स्वागत के साथ हुआ। स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धा और सम्मान के साथ पावन स्वरूप का



स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों ने मधुर शब्द गायन प्रस्तुत किया। बच्चों की भावपूर्ण और सुरीली प्रस्तुति ने संगत को भावविभोर कर दिया। रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर किया। समागम में नगर परिषद हनुमानगढ़ के सभापति प्रतिनिधि सुमित रिणवा, उपसभापति सोनू बंसल, ग्राम पंचायत श्रीनगर की पूर्व सरपंच नवनीत कौर संधू, व्यापार मंडल पब्लिक स्कूल हिंदी माध्यम की प्राचार्या संजू गढ़िया, व्यापार मंडल महाविद्यालय की प्राचार्या नीलम गौड़ , सरपंच बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

शहीद की बेटी के विवाह में निभाया भाईचारा



सीमा सन्देश # भादरा। अर्धसैनिक आश्रित सहायता संस्था, नोहर के सदस्यों ने भादरा उपखंड के गांव अनूपशहर में अमर शहीद शिव भगवान की सुपुत्री ममता के विवाह समारोह में पहुंचकर कन्यादान किया तथा नवदंपती को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। संस्था की ओर से करीब एक लाख रुपये मूल्य का घरेलू सामान भेंट कर सामाजिक सरोकार और सैनिक परिवारों के प्रति सम्मान की मिसाल पेश की गई। संस्था की ओर से कन्यादान स्वरूप डबल बेड, सोफा सेट, अलमारी, वाशिंग मशीन, गद्दा, दीवार घड़ी, रूम हीटर तथा चांदी का सिक्का भेंट किया गया। संस्था के सदस्य सुबह नोहर से रेलगाड़ी द्वारा ढोल-बाजे के साथ अनूपशहर पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे गांव में देशभक्ति, सम्मान और गौरव का माहौल रहा। उल्लेखनीय है कि शहीद शिव भगवान वर्ष 2013 में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सेवाएं देते हुए देश की रक्षा में शहीद हो गए थे। संस्था के महासचिव पूर्णा राम नेहरा ने कहा कि शहीदों के परिवारों के साथ समाज का खड़ा होना ही जवानों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

नोहर : 4 दिसम्बर को निकलेगी 1100 रामायण की शोभायात्रा

श्रीराम कथा को लेकर नोहर में तैयारियां तेज

सीमा सन्देश # नोहर। श्रीराम वाटिका के समीप भोलेबाबा के सान्निध्य में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और समिति की ओर से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। 4 दिसंबर को कथा के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।कार्यक्रम के तहत दोपहर 1:15 बजे से शाम 5:15 बजे तक श्रीराम कथा होगी। वहीं, रात 8 बजे नानी बाई का मायरा सुनाया जाएगा। आयोजन के दौरान सुबह प्रभात फेरी और नियमित प्रार्थना भी होगी। महिला मंडल की सदस्यों ने राम कथा को लेकर प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है।



1100 रामायण के साथ निकलेगी यात्रा 4 दिसंबर को सुबह सूर्यभवन मंदिर से रामायण यात्रा शुरू होगी। इसमें 1100 रामायण के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति में अध्यक्ष विनोद गोल्याण, उपाध्यक्ष पवन कंदोई, सचिव श्यामसुंदर स्वामी, सह सचिव मदन जोशी, कोषाध्यक्ष सोहनलाल वर्मा और प्रचार मंत्री किशनलाल चाचाण को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी में हनुमान प्रसाद व्यास,मेघ सिंह राठोड़, एडवोकेट अनिष सर्राफ ,ओमप्रकाश जोशी ,महेश शर्मा,नरेन्द्र साखी,नरेश साखी,निरंजन आदि मौजूद रहे।

बाबा के भजनों पर झूमे बच्चे

सीमा सन्देश # भोमपुरा। श्री श्याम देव स्कूल, भोमपुरा में शनिवार को श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में बाबा का आकर्षक दरबार सजाया गया। दरबार सजाने की व्यवस्था श्याम प्रेमियों एवं श्याम स्कूल के निदेशक सुरेंद्र भादू, सतवीर भादू, घनश्याम सुथार और रविंद्र गेदर ने की। संकीर्तन में संजू सांवरिया पल्लू, अमित तिवाड़ी ऐलनाबाद और अनु बरमसर ने बाबा का गुणगान किया। गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की



प्रस्तुति दी, जिस पर स्कूल के बच्चे झूम उठे। बच्चों ने भजनों का आनंद लेने के साथ नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया। श्याम गायन के दौरान इत्र वर्षा और पुष्प वर्षा की गई।

स्टेट लेवल पर जीत चुका था कई पुरस्कार, परिवार की आर्थिक मदद के लिए करता था मेहनत

टेंट लगाते समय एचटी लाइन की चपेट में आया हॉकी खिलाड़ी, मौत

सीमा सन्देश # नोहर।

परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए मेहनत-मजदूरी कर रहे 22 वर्षीय होनहार हॉकी खिलाड़ी राहुल सोनी की एक दर्दनाक हादसे में जान चली गई। गुरुवार रात भादरा तहसील के गांव कुंजी घोटड़ा में शादी समारोह के लिए टेंट लगाने के दौरान वह हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से टेंट से नीचे सड़क पर गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई। उपचार के दौरान जिंदगी की जंग हारने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जानकारी के अनुसार, निकटवर्ती गांव सोनड़ी निवासी राहुल सोनी पुत्र माणकचंद सोनी गुरुवार रात कुंजी घोटड़ा में शादी समारोह में टेंट लगाने का काम कर रहा था। देर शाम वह टेंट पर चढ़कर पोल लगा रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। करंट का झटका लगने से वह सीधे सड़क पर जा गिरा। सिर के बल गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई। साथी और परिजन उसे तत्काल नोहर के राजकीय उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे सिरसा के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों ने उसके सिर का ऑपरेशन भी किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद राहुल को बचाया नहीं जा सका।



हॉकी में दिखा चुका था प्रतिभा, परिवार की जिम्मेदारी भी संभाल रहा था

राहुल सोनी हॉकी का प्रतिभाशाली खिलाड़ी था। स्टेट लेवल की प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर वह कई पुरस्कार जीत चुका था। खेल के मैदान में बेहतर भविष्य के सपने संजोने वाले राहुल पर परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी में हाथ बंटाने का भी दायित्व था। उसके पिता माणकचंद सोनी खेती-किसानी करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति में सहयोग करने के लिए राहुल भी मेहनत-मजदूरी करता था। जिस बेटे से परिवार को भविष्य की उम्मीदें थीं, वह अचानक हमेशा के लिए दुनिया छोड़ गया। राहुल की मौत की खबर से गांव सोनड़ी में शोक की लहर छा गई। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने दूध और टोमेटो प्यूरी के नमूने लिए

सीमा सन्देश # पल्लू। आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को पल्लू में सैंपलिंग कार्रवाई की। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में टीम ने चार चिलिंग प्लांट पर दूध सप्लाई करने आए वाहनों से कुल पांच नमूने लिए। इनमें बानी मिल्क प्रोड्यूसर, पतंजलि, साबर डेयरी और न्यू गणपति चिलिंग प्लांट के दूध के नमूने शामिल हैं। इसके अलावा श्री श्याम ढाबे से टोमेटो प्यूरी का सैंपल लिया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय जलंधरा, दीपक कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कन्या के विवाह में दिए 11 हजार



सीमा सन्देश # नोहर। चुनाव में किया वादा जीत के बाद भी याद रहा। ग्राम पंचायत पिचकराई के नवनिर्वाचित सरपंच कुलदीप बैरड़ ने एक निर्धन परिवार की बेटी के विवाह में 11 हजार रुपए कन्यादान स्वरूप भेंट कर अपने चुनावी संकल्प को पूरा किया। उनकी इस पहल की गांव में सराहना हो रही है। दरअसल, चुनाव से पहले कुलदीप बैरड़ ने संकल्प लिया था कि चुनाव में जीत हो या हार, वे ग्राम पंचायत क्षेत्र की प्रत्येक निर्धन कन्या के विवाह में अपनी ओर से 11 हजार रुपए कन्यादान के रूप में देंगे। सरपंच निर्वाचित होने के बाद उन्होंने इस संकल्प पर अमल भी शुरू कर दिया। इसी क्रम में पिचकराई निवासी सुभाष चंद्र की पुत्री एवं हरि सिंह सर्वा की पौत्री मनीषा के विवाह के अवसर पर बैरड़ ने परिवार को 11 हजार रुपए की राशि भेंट की। ग्रामीणों ने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा चुनावी वादे को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाना सराहनीय पहल है। इससे जरूरतमंद परिवारों को संबल मिलेगा और समाज में सहयोग की भावना मजबूत होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र बैरड़, साहबराम सर्वा, मनीराम राठौड़, जिंदरपाल बामणिया, दीपाराम सर्वा, हनुमान नागर, रामस्वरूप बामनिया, महेंद्र सर्वा, विक्रम घोटिया और सुभाष बैरड़ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने नवदंपति को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

लोक अदालत में राजीनामे से प्रकरणों का निस्तारण

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर





राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार न्यायालय मुख्यालय पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत बैंच संख्या 06 की अध्यक्षता श्रीमती महेश्वरी बरोड (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) द्वारा करते हुए लोक अदालत प्रारंभ की गई। इसमें बैंच सदस्य पैनल अधिवक्ता मंजीत कचूरा रहे। गठित विशेष लोक अदालत बैंच संख्या 6 में तीनों न्यायिक न्यायालयों के कुल 168 एन आई एक्ट के प्रकरण, भारतीय स्टेट बैंक एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कुल 142 प्री लिटिगेशन प्रकरण पक्षकारान में आपसी समझौता एवं समझाइश के माध्यम से निस्तारण हेतु रखे गए। न्यायालय एसीजेएम में 16 प्रकरण का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया जाकर कुल 4065407 रुपए का अवॉर्ड पारित किया गया। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट में कुल 15 प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया जाकर कुल 2989000 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत के माध्यम से कुल 7054407 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। कुल 142 प्री लिटिगेशन प्रकरणों में से 3 प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करते हुए कुल 410000 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। आमजन को लोक अदालत के महत्व, त्वरित एवं सुलभ न्याय तथा आपसी सहमति से विवादों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण के प्रति जागरूक किया। अधिवक्ता अशोक जोशी, रमेश चंद्र गुप्ता, जसप्रीत सैनी, सुधीर शर्मा, जसविंदर सिंह चीमा, रामदास सोलंकी उपस्थित रहे।

पदमपुर। न्यायालय परिसर में न्यायाधीश अजय बिश्नोई की अध्यक्षता में 138 एनआई एक्ट एवं एसबीआई बैंक विशेष लोक अदालत में 600 प्री लिटिगेशन मामले रखें गये। इसमें 6 मामलों का निस्तारण कर राशि 1698145 का आवार्ड पारित किया गया। इसके अलावा 38 पेंडिंग मामले में से 15 रखे गए। इसमें 9 मामलों का निस्तारण कर कुल 2138000 रुपए आवार्ड पारित किया गया। इस दौरान अधिवक्ता मदन बंसल, रघुवीर बिश्नोई, बलजिंदर सिंह थिन्द, जसप्रीत खुराना तालुका सचिव बलजीत कुमारी , अरुण कुमार व विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

विशेष लोक अदालत में 30 लाख की राशि के अवार्ड पारित: सादुलशहर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार तालुका सादुलशहर में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) प्रकरणों से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत की पीठ की अध्यक्षता मदनलाल सहारण (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) तथा सदस्य अधिवक्ता रविंद्र मोदी द्वारा की गई। तालुका सादुलशहर के तीनों न्यायालयों में चिन्हित कुल 334 प्रकरणों में से 5 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया, जिनमें कुल 19,80,000 रुपए का अवॉर्ड पारित किया गया। सादुलशहर तालुका के एसबीआई बैंक के 260 प्री लिटिगेशन प्रकरणों में जरिये राजीनामा द्वारा 02 प्रकरणों का निस्तारण कर 10,50,000 की राशि का अवार्ड पारित किया गया। बार संघ अध्यक्ष सुभाष पटीर, अधिवक्तागण एवं न्यायालय के न्यायिक कार्मिक उपस्थित रहे।

देवउठनी एकादशी पर बालाजी धाम में संकीर्तन का आयोजन



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर

देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर स्थानीय श्री लखदातार बालाजी धाम में भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर दरबार सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा को 21 किलो केक का भोग लगाया गया और दिनभर अटूट लंगर का आयोजन चलता रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष नरेश टक्कर व सचिव हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व विधायक सोना देवी बावरी, पार्षद संतलाल, ग्राम पंचायत 22 पीएससी से नवनिर्वाचित सरपंच बनवारी लाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष कुलभूषण सिंगल, नगर मंडल अध्यक्ष ललित गर्ग, हरविंदर सिंह पन्नू, बृजेश पाठक, डॉ. राकेश गुंबर और सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन किए। इस मौके पर भजन गायक ललित तनेजा, बलदेव सिडाना, राजेश बजाज तथा महिला मंडली ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा का गुणगान किया। रात्रि को बस स्टैंड पर सिद्धि सिद्धि दाता बालाजी श्री श्याम हवेली में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में भक्त जनों ने पहुंचकर बाबा के मंदिर में दर्शन किए। बाबा की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताएं हुई



सीमा सन्देश # अनूपगढ़

सेठ बिहारीलाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र एवं मतदाता जागरूकता क्लब के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन केंद्र प्रभारी डॉ. ज्योति के निर्देशन और प्राचार्य मनप्रीत सिंह की अध्यक्षता और सहायक आचार्य महाविद्यालय प्राचार्य संदीप कुमार के सहयोग से हुआ। प्रशिक्षण सत्र के दौरान वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी तकनीकों बारे जागरूक करते हुए छात्राओं को इन तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया। इसी क्रम में महाविद्यालय के मतदाता जागरूकता क्लब के तत्वावधान में ह्यमतदान का महत्वह्न विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा मतदान एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। निबंध प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, तनु ने द्वितीय तथा बविता एवं अमित कुमार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पदमपुर में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

विधायक रूबी कुन्नर ने सरकार पर साधा निशाना

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस खेमे में उत्साह का माहौल है। पदमपुर क्षेत्र में भाजपा के कमजोर प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं विधायक रूपिंद्र सिंह कुन्नर के निवास 25 बीबी में नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच, पंच और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मिठाई लेकर पहुंचे और जीत का जश्न मनाया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बढ़ा उत्साह : विधायक रूबी कुन्नर ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायती राज चुनाव परिणामों ने जनता के रुख को स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा सरकार की नीतियों का जवाब देगी।

सरकार पर लगाए जनविरोधी नीतियों के आरोप: रूबी कुन्नर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और नशाखोरी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, मनरेगा के कार्य प्रभावित हैं और किसान सिंचाई पानी की मांग को लेकर आंदोलन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कुन्नर ने पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस की सफलता का श्रेय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया।

2028 विधानसभा चुनाव को लेकर जताया भरोसा: विधायक ने कहा कि पंचायती राज चुनाव परिणाम आगामी राजनीतिक बदलाव का संकेत हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस आने वाले समय में जनता के मुद्दों को लेकर मजबूती से मैदान में उतरेगी और श्रीगंगानगर जिले में भी पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा।

अनूपगढ़: राजकीय आईटीआई में दीक्षांत समारोह आयोजित



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। यहां स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शनिवार को अनुदेशक योगेश डाबला की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। संस्थान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन कुमार नागपाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके तथा वर्तमान में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप सम्बन्धी जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। गत सत्र में अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मुकेश कुमार, अनुदेशक विकास सोलंकी, सीता वर्मा, सुमन कलसिया, किशोर सिंह शेखावत, हरद्वारी लाल, जसविन्द्र सिंह, राजू राम नायक, दिनेश झटवाल, लक्ष्मी जीनगर, मुखराम, अवतार सिंह, मंजूरानी, सुनील चौपड़ा और मनोज कुमार उपस्थित रहे।

तुलसी शालिग्राम विवाह अनुष्ठान हुआ



श्रीकरणपुर। स्थानीय पंचायती बड़े हनुमान जी के मंदिर में देवउठनी एकादशी के अवसर पर तुलसी-शालिग्राम विवाह अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अनुष्ठान में बड़े पंचायती हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता ने अपनी अर्द्धांगिनी नीमा गुप्ता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर तुलसी जी का दुल्हन की तरह श्रृंगार किया गया व महिला श्रद्धालुओं ने तुलसी को चुनरी ओढ़ाई। विद्वान ब्राह्मण कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण किया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

श्रीविजयनगर : धान मंडी रोड पर कॉटन फैक्टरी में लगी भीषण आग

शॉट सर्किट से निकली चिंगारी, नरमा जला



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। धान मंडी रोड पर स्थित निष्ठा कॉरपोरेशन की कॉटन फैक्टरी में शुक्रवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही फैक्टरी परिसर में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार फैक्टरी में ट्रैक्टर स्टार्ट करने के दौरान शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी पास में रखी नरमे की ढेरी पर गिर गई, जिससे आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरी ढेरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं। फैक्टरी कर्मियों ने पहले अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल गई। आग लगने से फैक्टरी में रखे नरमे को भारी नुकसान पहुंचा है। लाखों रुपये का नरमा जलकर खाक हो गया है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। तहसीलदार, पुलिस सहित प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पाने के लिए फायर कर्मियों के साथ आसपास के लोग भी जुटे हुए हैं। स्थानीय लोग टैंकरों की सहायता से भी आग पर काबू पाया। इस दौरान दमकल विभाग की ओर से फायर चालक मोहित शर्मा, फायरमैन हनुमान सिंह एवं मनोहर लाल ने तत्परता से राहत कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सूरतगढ़ : मंदिरों में मनाया गया देवउठनी एकादशी पर्व



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

तिथि की असमंजस के चलते कुछ मंदिरों में देवउठनी एकादशी का पर्व शनिवार को भी मनाया गया। ढाब स्थित श्री शीतला माता मंदिर के पास प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में पावन देवउठनी एकादशी पर तुलसी-शालिग्राम विवाह श्रद्धा व उल्लास से संपन्न हुआ। धार्मिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित विवाह समारोह में श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाकर उत्सव की खुशियां मनाई। पुजारी पं. भंवरलाल आसोपा ने विधिवत पूजा-अर्चना, हवन तथा मंत्रोच्चार के साथ माता तुलसी व शालिग्राम के विवाह की रस्में संपन्न करवाई गई। मंदिर समिति की सावित्री देवी आसोपा के सानिध्य में महिलाओं ने मंगल गीत गाकर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान डिम्पल, मीनु, निष्ठा, प्राची, रामप्यारी सोनगरा, दुर्गा सोनगरा, आरती कश्यप, जूली सोनगरा, कांता चौहान, गोदावरी देवी, चकड़ी चौहान, मीरा देवी डाबी, सुमन कश्यप, भुगली देवी, नत्थूराम सोनगरा, विशु सोनी, सरिता सोनी, सरोज, शारदा, जाना देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्याम जन्मोत्सव पर भजनों की बही रसधार, जनप्रतिनिधियों का सम्मान

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



देवउठनी एकादशी पर श्री श्याम सखा व महिला मंडल की ओर से आयोजित भव्य श्री श्याम जन्मोत्सव कीर्तन में जनप्रतिनिधियों व सहयोगियों का सम्मान किया गया। मुख्य यजमान मंडल अध्यक्ष सोनू-सुजाता बवेजा, उपाध्यक्ष नरेश-मोनिका नागपाल, वरुण-पायल ग्रोवर, मनोज-शालू नागपाल, पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर, पूर्व पालिकाध्यक्ष काजल छाबड़ा, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह राठौड़ व सुनील छाबड़ा, वार्ड पार्षद नीरू मुंजाल व रोहित मुंजाल ने पूजा-अर्चना व ज्योत प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। समारोह में अध्यक्ष सोनू बवेजा, सचिव अशोक भार्गव, कोषाध्यक्ष साहिल अंगी, उपाध्यक्ष नरेश व हिमांशु नागपाल, सह सचिव जॉनी नागपाल व अनुज छाबड़ा, महामंत्री सुभाष छाबड़ा, मीडिया प्रभारी राजेश चराया, प्रभारी कार्तिक, प्रचार मंत्री मनु मदान, वरिष्ठ सलाहकार नवल किशोर भोजक व संरक्षक सत्यनारायण तावणिया आदि ने पूर्व विधायक अशोक नागपाल, पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़, पूर्व पालिकाध्यक्ष काजल छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह राठौड़ व सुनील छाबड़ा, पार्षद नीरू मुंजाल, रोहित मुंजाल, धर्मदास सिंधी व सुनीता टंडन, भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, नगर अध्यक्ष गौरव बलाना, पूर्व अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, संतोष गिरी, भारत भूषण उपाध्याय, किशन लाल स्वामी, कृष्ण गोपाल स्वामी, मोनू कालड़ा, प्रदीप चौहान, विक्रम सिंह, मंदिर कमेटी प्रधान मनोहर लाल कवातड़ा, कर्मचंद मुंजाल, नीशा कवातड़ा, समाजसेवी योगेश स्वामी व भरत राजपुरोहित का दुपट्टा व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। अतिथियों ने 27 फरवरी से 20 मार्च तक चलने वाले 22 दिवसीय श्री श्याम फाग महोत्सव के पोस्टर का विमोचन भी किया। दिल्ली से सजे विशेष दरबार में केक काटकर व छप्पन भोग, कढ़ी-खीचड़ा, कढ़ी-कचौरी, ड्राई फ्रूट और चॉकलेट का प्रसाद बांटा गया। भजन संध्या में दिनेश सागर, सानू सिंगर, शिवम कुमार, हरशिव, पायल सेठिया व जयश्री झंवर ने श्याम बाबा के भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इत्र-पुष्प वर्षा व आतिशबाजी के बीच आयोजन संपन्न हुआ। सचिव अशोक भार्गव ने आभार व्यक्त किया।

चूनावढ़ : कॉलेज की छात्राओं ने जानी लोकतंत्र में वोट की अहमियत



चूनावढ़। राजकीय कन्या महाविद्यालय, चूनावढ़ में शनिवार को 'मतदान-मेरी आवाज और मेरा अनुभव' विषय पर समूह चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने हाल ही में संपन्न हुए सरपंच चुनाव में मतदान के अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य बलदेव सिंह सोलंकी ने छात्राओं को मतदान प्रक्रिया, मतदाता के अधिकारों और एक-एक वोट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने पहली बार मतदान करने के अनुभव बताते हुए मतदान केंद्र पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और मतदान के दौरान महसूस किए गए अनुभव साझा किए। महाविद्यालय की प्रभारी अधिकारी दिव्य ज्योति ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है।

श्री पीर मंदिर में शुभ सालाना दीवान एवं भंडारे का आयोजन



सीमा सन्देश # सादुलशहर

श्री पीर मंदिर में श्री अखिल भारतीय पीर मंदिर संस्था की ओर से बाबा लखदाता पीर साहिब व बाबा मलेरकोटला वाले पीर साहिब का 27 वां शुभ सालाना दीवान एवं भंडारा धार्मिक विधि-विधान के साथ हुआ। गद्दीदार बाबा सतपाल गोयल नगराने वाले के सान्निध्य में धार्मिक कलाकारों द्वारा पीर बाबा का गुणगान किया गया। प्रसाद वितरित किया गया। अनेक श्रद्धालुओं ने पीर साहिब की तस्वीर के समक्ष मत्था टेककर मन्नतें मांगी। इस बीच श्री पीर मंदिर में विशेष सजावट की गई। रंग-बिरंगी लडिया एवं लाइट्स आकर्षण का केंद्र रही। भंडारा लगाया गया। पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, पार्षद प्रतिनिधि स्वरूप चौधरी, प्रवेश गोयल, पार्षद रणजीत सहारण, नोहित गर्ग, संस्था अध्यक्ष नवीन गोयल, पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंगला, सेवादार प्रेम गर्ग, रजत सिंगला, कुलदीप गोयल, सुरेंद्र बंसल, रोहित गर्ग मंत्री, सुरेंद्र गोयल, कुलदीप गुप्ता, सोमनाथ गर्ग, सुनील बंसल, विजय गर्ग, राकेश गुप्ता, रिंकू गोयल, प्रेम अग्रवाल आशीष अग्रवाल, अजय सिंगला, नरेश सिंगला सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

भजपाई आज मनायेंगे पूर्व विधायक संतोष बावरी का जन्मदिन



अनूपगढ़। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं अनूपगढ़ की पूर्व विधायक संतोष बावरी का आज 43 वें? जन्मदिन 22 नवंबर को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। अपनी सादगी, सहज उपलब्धता और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे आमजन व कार्यकताओं के बीच विशेष लोकप्रिय हैं। अपने कार्यकाल में क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहीं। जन्मदिन उपलक्ष्य में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकत्ताओं व क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, यशस्वी जीवन व दीर्घायु की कामना की है।

नवनिर्वाचित सरपंच क्षेत्र का विकास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं : विधायक बराड़

सीमा सन्देश # सादुलशहर



विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने कहा कि ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंच क्षेत्र का विकास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। वे चक पांच एलएनपी में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन गरुआ एवं लालगढजाटान की नवनिर्वाचित सरपंच पूनम गरुआ के नेतृत्व में पहुंचे नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच, पंच एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने जो विश्वास व्यक्त किया है उस पर खरा उतरें। बिना भेदभाव अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाएं। योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाएं। युवा वर्ग को खेलों से जोड़ें। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों से जोडे। साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की भी जरूरत है। इस बीच नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विधायक गुरवीर सिंह बराड़, जिला परिषद के पूर्व डायरेक्टर बलदेव सिंह बराड़, किसान नेता भूपेंद्र सिंह बराड़ आदि ने गुलदस्ते देकर सम्मान किया। भामाशाह गुरमीत सिंह महल मोरजंडखारी, मंडी समिति के पूर्व चेयरमैन साहबराम पूनिया, लालगढजाटान उप सरपंच प्रेम सुथार, राधेश्याम बजाज, रामकुमार दौवण, ओंकार नोखवाल, रणवीर सुथार, ओमप्रकाश ढुढ़ाड़ा, मदनलाल, हरीराम घोडेला, पूर्व डायरेक्टर संतोष कांवलिया, सरोज खाटीवाल, कुंभाराम कांवलिया, मिलन खाटीवाल, सुरेंद्र गोदारा, महेंद्र शर्मा, मेवा सिंह, जगदीश किरोडीवाल, परमजीत सिंह, सुभाष ज्याणी, भादर भाट, मनोज कांवलिया, गुरदयाल खैरवा, प्रहलाद खैरवा आदि मौजूद थे।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I, T. REDDY RAMANA REDDY Father of No.15220122F Rank-HAV H/K T R VENKATESWARA REDDY have changed my name from T. REDDY RAMANA REDDY toTHALLAPUREDDY RAMANA REDDY & DOB from 01.07.1960 to 05.06.1949 vide affidavit dated-17/11/2026 before Bikaner Court

---

■ I, T RAMULAMMA REDDY Mother of No.15220122F Rank-HAV H/K T R VENKATESWARA REDDY have changed my name from T RAMULAMMA REDDY to THALLAPUREDDY RAMULAMMA & DOB from 01.07.1973 to 01.01.1971 vide affidavit dated-06/11/2026 before Bikaner Court

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

■ I, Surender Kumar S/o Ramkumar, R/o 132, ward no. 38, ICC K Pass, gandhi nagr, Hanumangarh, Hanumangarh Jn., Rajasthan-335512, have changed the name of my minor daughter Bhavi aged 14 Years and She shall hereafter be known as DHANISHKA.

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✱ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✱ नोहर : 94624-01666 ✱ संगरिया : 94146-29987 ✱ पल्लू : 96670-03883 ✱ सरदारशहर : 80786-99231 ✱ रिड़ी : 94137-33600 ✱ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✱ रावतसर : 94144-34202 ✱ रायसिंहनगर : 7878125846 ✱ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✱ पदमपुर : 94146-31255, 97858-16978 ✱ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✱ जैतसर : 78910-35061 ✱ सूरतगढ़ : 94144-32401 ✱ मानकसर : 99503-13776 ✱ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✱ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✱ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✱ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✱ कालूवाला : 9680496829 ✱ थालड़का : 78913-40002 ✱ गोलूवाला : 98281-32337 ✱ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✱ खाजूवाला : 96804-96829 ✱ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234



पीढ़ियों को जोड़ता, हर घर का संदेश।

परिवार

बढ़ती ठंड के बीच जानें जरूरी सेल्फ-केयर टिप्स

सर्दियों के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। ऐसे में ठंड से बचने के लिए खुद को गर्म रखना बहुत जरूरी होता है। वहीं, इस मौसम में खान-पान सहित कई छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखना होता है। ऐसे में सर्दियों से बचने के लिए यहां कुछ जरूरी टिप्स बताए गए हैं, जिन्हें आप आसानी से फॉलो कर सकते हैं।

सर्दियां शुरू होते ही ज्यादातर लोग मौसमी बीमारियों से पीड़ित होने लगते हैं। वहीं गर्म कपड़े पहनने में लापरवाही इस समस्या को और बढ़ा देती है। दरअसल, कई लोग और खासकर आज के युवा सर्दियों की दस्तक से पहले ऐसी कोई तैयारी नहीं करते हैं, जिससे वे ठंड से तुरंत अपना बचाव कर सकें। वहीं, सर्दियों का आनंद इसी में है कि आप न केवल शरीर, बल्कि घर को भी सर्द होने से किस तरह बचाते हैं। बात करते हैं कुछ नुस्खों पर।

सर्दी में पहने पर्याप्त गर्म कपड़े

साधारण-सा नुस्खा है कि गर्मियों में बांध कर रखे गए कपड़ों की छंटाई सर्दियां आने से पहले ही करें। कई वर्षों से इस्तेमाल किए जा चुके जिन कपड़ों में गर्माहट नहीं बची या जो पुराने पड़ चुके हैं, उनकी जगह नए गर्म कपड़े ले आएं।

गर्म पानी से करें कपड़ों को क्लीन

उपयोग में लाने लायक गर्म कपड़ों को गुनगुने पानी में भिगो दें। इसमें उचित मात्रा में तरल डिटरजेंट मिला कर कुछ देर के लिए छोड़ दें। फिर इसे पानी से अच्छी तरह धोएं। उन्हें निचोड़े नहीं। इससे इनकी साज-संभाल बेहतर रहेगी और गरमाई भी बनी रहेगी। इसी तरह बाक्स में बंद रजाइयों को निकाल कर छत पर दो-तीन बार धूप में रख दें। इनके खोल भी धोकर-सुखा कर फिर से रजाई में लगा दें। इसी प्रकार से कंबलों को या तो ड्राइक्लीन करा लें या एकदम गुनगुने पानी में तरल डिटर्जेंट से साफ कर धूप में सुखा लें। यह स्वास्थ्य के लिए तो अच्छा है ही, वहीं इनकी गर्माहट भी फिर से कायम हो जाती है।

घर के फर्श को कैसे रखें गर्म?

इस मौसम में साफ-सफाई कर बिस्तर के पास फर्श पर छोटे कालीन बिछा दें। जबकि ड्राइंग रूम में बड़ी कालीन बिछा सकते हैं। इससे कमरे में ठंडक थोड़ी कम हो जाएगी। सर्दियां आने से पहले ही दरवाजों-खिड़कियों की जांच कर लेनी चाहिए कि कहीं से ठंडी हवा आने की संभावना तो नहीं। खिड़कियों-दरवाजों पर इन दिनों मोटे पर्दे लगाएं।

नॉर्मल की बजाय लगाएं थर्मल पर्दे

आजकल बाजार में थर्मल पर्दे भी आ गए हैं। इससे कमरे का तापमान कम नहीं होता है। बिस्तर पर पुराना कंबल बिछा दें। गर्म सूती चादर भी बिछाई जा सकती है। यों गर्म चादरें भी इस्तेमाल की जा सकती है। इससे गर्माहट महसूस होगी और नींद भी अच्छी आएगी।

कैसे रखें अपना ख्याल?

सर्दियों में हाथ-पैर और सिर को ढक कर रखें। सर्द हवाएं चलने पर मफलर और टोपी अवश्य पहनें। गर्म मोजे और दस्ताने की साज-संभाल करने के साथ इन्हें इन दिनों पहनें भी। इन छोटे-छोटे नुस्खों से आप सर्दियों को मात दे सकते हैं। इन दिनों हल्का-फुल्का व्यायाम रक्त संचार बढ़ा देता है। इससे ठंड नहीं लगती। सर्दियों में पर्याप्त नींद लें। इन दिनों धूप सेंकना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। संभव हो, तो घरों के भीतर हवा को साफ करने वाले उपकरण लगाएं, ताकि बंद कमरे में साफ हवा बनी रहे।

खानपान पर दें ध्यान

इस मौसम में खान-पान का एक अलग नुस्खा है। हरी सब्जियां इस समय खूब आती हैं। मगर इन दिनों सरसों और मेथी के साग को आहार में शामिल करें। इससे शरीर को ऊर्जा के साथ गरमाहट भी मिलेगी। गुड़-तिल, सूखे मेवे और शुद्ध घी का संतुलित रूप से इस्तेमाल बढ़ा दें। सब्जियों में अदरक, लहसुन, दालचीनी और लौंग की मात्रा बढ़ाएं। घर में बना गरमा-गरम सूप जरूर लें।

विंटर फूड गाइड

सर्दियों में रखें अपना, परिवार का ख्याल

सर्दियों के मौसम में कमजोर इम्युनिटी के कारण बीमारियां और संक्रमण हमें आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। ऐसे में खुद को और अपने परिवार को स्वस्थ रखने के लिए खानपान का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सही और पौष्टिक आहार अपनाकर आप अपनी इम्युनिटी को मजबूत कर सकते हैं और कई बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं।



सर्दियों के लिए सुपर फूड्स : शरीर में अंदरूनी गर्मी बनाए रखने और इम्युनिटी मजबूत करने के लिए इन सुपर फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें:नट्स और सीड्स: बादाम, अखरोट, काजू, फ्लैक्स सीड्स (अलसी के बीज), और तिल।

विटामिन से भरपूर मौसमी सब्ज़ियां : सर्दियों में सीजनल सब्जियों की बहार होती है, जो स्वाद के साथ सेहत का भी पूरा ख्याल रखती हैं:शकरकंद, चुकंदर, और गाजरहरी पत्तेदार सब्जियां, हरी मटर, और गोभीमशरूम, कद्दू, और टमाटर

इम्यूनिटी बढ़ाने वाले फल : सर्दियों में सही फलों का चयन करने से शरीर को ताकत मिलती है और नुकसान भी नहीं होता:कीनू और संतरा, अनार, और आंवलाअमरूद, सेब, और अंगूरकीवी, पियर (नाशपाती), स्ट्रॉबेरी, और क्रेनबेरी

पोषण से भरपूर अनाज : गेहूं और चावल के अलावा, सर्दियों में ऐसे अनाजों का सेवन करें जो शरीर को गर्मी और ताकत दें:बाजरा, रागी, और ज्वार कई (मक्का) और कंगनी (फॉक्सटेल मिलेट)

फायदेमंद गर्म मसाले : गर्म मसालों की तासीर गर्म होती है, जो शरीर को अंदर से गर्माहट देते हैं और बीमारियों से लड़ने की क्षमता विकसित करते हैं:हल्दी और दालचीनीअजवाइन और काली मिर्चजायफल और हींग



ये कश्मीरी आउटफिट आएंगे आपके काम

कश्मीर अपनी खूबसूरत वादियों के साथ ही महीन कढ़ाई, मुलायम ऊन और पारंपरिक हैंडलूम के लिए भी खूब मशहूर है, जो आज का ट्रेंड बना हुआ है। इस समय कश्मीरी सूट से लेकर पश्मीना शॉल और वूलन कार्डिगन तक महिलाओं को खूब भा रहे हैं, जो आपको स्टाइल के साथ ही गरमाहट का अहसास देते हैं और आपके लुक को क्लासी, रॉयल और बेहद एलिगेंट टच भी देते हैं। तो क्यों न इस बार आप भी अपने फैशन स्टाइल से कश्मीरियत का अहसास कराएं।

सलवार सूट

आजकल कश्मीरी सलवार सूट सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। इनके फाइन वूल फैब्रिक से मिलने वाला आराम और गरमाहट इन्हें सर्दियों के लिए परफेक्ट बनाते हैं। सूट पर की गई महीन कश्मीरी कढ़ाई, खासकर फूलों, बूटों और पत्तीदार डिजाइनों की वजह से ये बेहद आकर्षक लगते हैं। फुल लेंथ दुपट्टे के साथ कैरी करने पर यह सूट आपको रॉयल और ग्रेसफुल लुक देता है।



काफ्तान

कॉलेज के साथ ही ऑफिस जाने वाली लड़कियों को इस समय ओवरसाइज्ड कश्मीरी काफ्तान बहुत भा रहा है। यह ओवरसाइज काफ्तान न सिर्फ आरामदायक है, बल्कि इसकी फ्लोई फिटिंग आपको रॉयल लुक देती है। काफ्तान को ऊन या पश्मीना ब्लेंड करके बनाया जाता है। इसकी खास बात है कि यह ओवरसाइज होने की वजह से हर बॉडी टाइप पर सूट करता है।



खान ड्रेस

अगर आप बोहो फैशन पसंद करती हैं तो कश्मीरी खान ड्रेस आपके वॉर्डरोब के लिए परफेक्ट है। इसकी फ्री-फ्लोइंग सिल्हूट, हल्का वूल फैब्रिक और पारंपरिक कश्मीरी कढ़ाई इसे बेहद आरामदायक और स्टाइलिश बनाते हैं, जिसे पहनकर आप किसी अप्सरा से कम नहीं दिखेंगी। इसका मुलायम और हल्का फैब्रिक हर बॉडी टाइप पर खूबसूरती से फिट होता है। इसके अनोखे पैटर्न और गरमाहट इसे विंटर फैशन का ट्रेंडी और एलीगेंट विकल्प बनाते हैं।



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

खेलो राजस्थान यूथ गेम्स की घोषणा हर साल की, आयोजन अब तक नहीं। खिलाड़ी मैदान में उतरने को तैयार थे, सरकार कागजों में उलझी रही। यही है भाजपा सरकार की सच्चाई। - **अशोक गहलोत**

न्यूज इन ब्रीफ

तीये की बैठक में गैस लीकेज, 18 झुलसे

कोटपूतली-बहरोड़। बानसूर क्षेत्र के बाढ़ मिलकपुर गांव में तीये की बैठक के दौरान चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई। हादसे में करीब 18 लोग झुलस गए, जिनमें कई महिलाएं शामिल हैं। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को कोटपूतली के राजकीय जिला बीडीएम अस्पताल और बानसूर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से 9 गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैस की नली फटने से अचानक आग भड़की। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

दहेज हत्या में तीन जनों को उम्रकैद

बुलंदशहर। अदालत ने करीब साढ़े सात साल पुराने दहेज हत्या मामले में पति, जेठ और जेठानी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला जज एफटीसी न्यायालय ने भानू शर्मा, योगेश शर्मा और माया शर्मा पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। आरोप था कि दहेज से असंतुष्ट ससुराल पक्ष ने प्रीति शर्मा का उत्पीड़न किया और 2019 में उसे जलाकर मार दिया। पुलिस जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया था।

महंगे शौक की लत से अपराध की राह

शाहजहांपुर। कम उम्र के युवाओं में महंगी बाइक, मोबाइल, नशे और ऑनलाइन गेम की लत उन्हें अपराध की ओर धकेल रही है। पुवायां मुठभेड़ में पकड़े गए 18 से 23 वर्ष के तीन आरोपितों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार कई युवा छोटी चोरी से शुरूआत कर गिरोहों में शामिल हो रहे हैं। जिले में लूट, चोरी और अन्य गंभीर अपराधों में 25 वर्ष से कम उम्र के आरोपितों की संख्या बढ़ रही है।

कपल से मारपीट, 8 नाबालिग पकड़े

मुंबई। घाटकोपर-कुर्ला पश्चिम इलाके के एक सार्वजनिक पार्क में युवक-युवती से छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ नाबालिगों को हिरासत में लिया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। आरोप है कि नाबालिगों ने तस्वीरें खींच रहे जोड़े को घेरकर पत्थर, बेल्ट और लकड़ी से हमला किया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

दंडवत यात्रा पर सरपंच पति

चित्तौड़गढ़। चुनाव में पत्नी की जीत के बाद भाटोली बागरियान गांव के सरपंच पति सत्यनारायण गुर्जर अपनी अनोखी मन्नत पूरी करने दंडवत यात्रा पर निकल पड़े हैं। उन्होंने संकल्प लिया था कि पत्नी गुड्डी बाई के सरपंच बनने पर भाटोली से सांवलियाजी मंदिर तक दंडवत यात्रा करेंगे। जीत के बाद चार दिन तक घर नहीं गए और शुक्रवार सुबह भाटोली स्कूल से यात्रा शुरू की। 13 किलोमीटर की इस यात्रा में समर्थक भी उनका साथ दे रहे हैं। पहले दिन 18 घंटे में वे केवल 6 किलोमीटर का सफर तय कर पाए। थकान के बावजूद उन्होंने यात्रा जारी रखी।

उपनिरीक्षक, प्लाटून कमांडर भर्ती के साक्षात्कार 1 से

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 सहित विभिन्न भर्तियों के साक्षात्कार कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। आयोग के अनुसार उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर भर्ती के चतुर्थ चरण के साक्षात्कार 1 से 29 दिसंबर तक आयोजित होंगे। इसके अलावा उप प्राचार्य/सुपरिटेंडेंट आईटीआई भर्ती-2024 के साक्षात्कार 7 से 15 दिसंबर, पुस्तकालयाध्यक्ष (संस्कृत शिक्षा विभाग) के 16 से 22 दिसंबर, डिप्टी कमांडेंट भर्ती-2025 के 18 दिसंबर तथा सहायक आचार्य (वस्त्र उत्पादन एवं निर्यात प्रबंधन) भर्ती के साक्षात्कार भी 18 दिसंबर को होंगे।

अर्जुन राम मेघवाल बोले- पार्टी गंभीरता से करेगी समीक्षा, संगठन की तैयारियों और योजनाओं के असर का होगा आकलन

पंचायत चुनाव में हार के बाद भाजपा में मंथन शुरू, बीकानेर के परिणामों ने बढ़ाई चिंता

बीकानेर।

राजस्थान में पंचायत राज चुनाव के परिणामों ने भारतीय जनता पार्टी के सामने नई राजनीतिक चुनौती खड़ी कर दी है। बीकानेर सहित प्रदेश के कई जिलों में पार्टी के अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद अब भाजपा के भीतर हार के कारणों को लेकर मंथन शुरू हो गया है। राजनीतिक गलियारों में जहां चुनाव परिणामों को लेकर चर्चाएं तेज हैं, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता भी कमियों की समीक्षा की बात स्वीकार कर रहे हैं। भाजपा के कमजोर प्रदर्शन के पीछे सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी तरीके से नहीं पहुंच पाना, संगठन की चुनावी तैयारियों में कमी, स्थानीय नेताओं की भूमिका और प्रत्याशी चयन जैसे मुद्दों पर सवाल उठ रहे हैं।



हर पहलू की होगी समीक्षा : मंत्री

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में पंचायत चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी निश्चित रूप से हार के कारणों की समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ भी संगठन स्तर पर चुनाव परिणामों की समीक्षा की बात कह चुके हैं। मेघवाल ने कहा कि समीक्षा के दौरान सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार किया जाएगा। पार्टी यह जानने का प्रयास करेगी कि किन कारणों से अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी और संगठन स्तर पर कहां-कहां सुधार की आवश्यकता है।

संगठन की सक्रियता पर होगा मंथन : उन्होंने संकेत दिया कि समीक्षा में यह देखा जाएगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण मतदाताओं तक कितना पहुंचा, चुनाव के दौरान संगठन कितना सक्रिय रहा और कार्यकर्ताओं ने किस स्तर तक मेहनत की। इसके अलावा स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों की भूमिका का भी आकलन किया जाएगा।

बीकानेर जिले में हार ने बढ़ाई संगठन की चिंता

बीकानेर जिले में भाजपा का प्रदर्शन संगठन के लिए चिंता का विषय बन गया है। चुनावी रणनीति, प्रत्याशी चयन, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और मतदाताओं तक पहुंच बनाने की योजना पर अब समीक्षा की जरूरत महसूस की जा रही है। इसी क्रम में भाजपा देहात अध्यक्ष श्याम पंचारिया ने भी केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर पंचायत चुनाव परिणामों पर चर्चा की। माना जा रहा है कि बीकानेर सहित अन्य जिलों के परिणामों के आधार पर संगठन आगामी रणनीति तैयार करेगा।

विशेषज्ञों ने बताई अनुकूल मौसम की स्थिति, जरूरत अनुसार करें हल्की सिंचाई

किसान चिंतित; दिन में गर्मी होने के कारण गेहूं का आधा बीज ही हो पा रहा अंकुरित

सीमा सन्देश # चारणवासी।

नवंबर माह के अंतिम दौर में पहुंचने के बावजूद दिन में पड़ रही तेज गर्मी गेहूं की बिजाई कर चुके किसानों के लिए बड़ी चिंता का कारण बन गई है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि सर्दी का असर पूरी तरह से शुरू नहीं हो पाने के कारण खेतों में डाले गए गेहूं के बीज का अंकुरण अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पा रहा है और जमीन में बोए गए आधे बीज ही अंकुरित हो रहे हैं। कई किसानों को पूरा अंकुरण सुनिश्चित करने के लिए मजबूरन अतिरिक्त सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों के अनुसार दिन के समय ऊपरी मिट्टी की परत गर्म होने से अंकुरण से पहले ही जमीन के भीतर नाजुक अंकुर और पौधे कमजोर पड़कर नष्ट हो रहे हैं, जिससे फसल की शुरूआती बढ़वार पर असर पड़ रहा है। किसानों का मानना है कि बीज के सफल अंकुरण के लिए संतुलित नमी के साथ ठंड का होना बेहद जरूरी है और यदि सर्दी व धुंध का दौर केवल दिसंबर और जनवरी तक ही सीमित रहा, तो यह गेहूं के बेहतर उत्पादन के लिहाज से कम साबित हो सकता है। इस स्थिति को लेकर कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि गेहूं के बीज के उत्तम और एकसमान अंकुरण के लिए तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के रहना रहना सबसे उपयुक्त माना जाता है और जब दिन में तापमान अधिक बढ़ता है या मिट्टी की ऊपरी सतह गर्म होती है तो अंकुरण दर घटने लगती है। विशेषज्ञों के मुताबिक अंकुरण के समय बीज के आसपास पर्याप्त और संतुलित नमी का होना आवश्यक है, क्योंकि नमी की कमी या ऊपरी परत के सूखने से बीज ठीक से फूल नहीं पाता और अंकुरण प्रभावित होता है, जबकि आवश्यकता से अधिक पानी या जलभराव भी बीज व नवजात अंकुर को नुकसान पहुंचा सकता है। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि गेहूं के लिए अनुकूल मौसम वह होता है जिसमें बिजाई और अंकुरण के समय हल्की गर्मी के साथ पर्याप्त मिट्टी की नमी बनी रहे, जबकि कल्ले निकलने और वानस्पतिक बढ़वार के दौरान तापमान 15 से 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास तथा मौसम साफ और ठंडा रहे। साथ ही विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि मौजूदा परिस्थितियों में किसान खेत की ऊपरी सतह की नमी बनाए रखने के लिए हल्की और जरूरत के अनुसार सिंचाई करें, बीज को बहुत अधिक गहराई में न बोएं और अंकुरण व फसल की शुरूआती अवस्था की नियमित निगरानी करते रहें ताकि पैदावार पर प्रतिकूल असर कम से कम पड़े।



सात ब्लॉकों के प्रश्न पत्रों का वितरण, 24 घंटे रहेगी निगरानी



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

जिले में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 25 नवम्बर से शुरू होकर 12 दिसम्बर तक आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं में जिले के कुल 1 लाख 3 हजार 595 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारियों के तहत शनिवार को राज्य स्तरीय समिति की ओर से भेजे गए प्रश्न पत्रों का ब्लॉकवार वितरण किया गया। प्रश्न पत्रों का वितरण जंक्शन के सेक्टर 12 स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया गया। इस दौरान जिले के सभी सात ब्लॉकों के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए गए। यहां से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने-अपने पीईईओ और यूसीईओ को प्रश्न पत्र सुपुर्द करेंगे। इसके बाद प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए संबंधित थानों, पुलिस चौकियों अथवा निर्धारित विद्यालयों में रखवाया जाएगा। प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है।

परीक्षा के प्रतिदिन पीईईओ अथवा यूसीईओ निर्धारित अलमारी से प्रश्न पत्र निकालेंगे और संबंधित अधीनस्थ विद्यालयों को परीक्षा शुरू होने से अधिकतम 30 मिनट पहले प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाएंगे। जिला स्तरीय समान परीक्षा समिति के संयोजक कुलविन्द्र सिंह ने बताया कि अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। प्रश्न पत्रों की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि परीक्षाएं व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो सकें।

रिपोर्ट; चीन ने एलएसी और हिंद महासागर में बढ़ाई गतिविधियां

वाशिंगटन।

अमेरिकी संसद के एक आयोग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का साथ देना चीन की रणनीतिक नीति का हिस्सा था। रिपोर्ट के अनुसार, चीन भारत की बढ़ती आर्थिक और सैन्य क्षमता को अपने लिए चुनौती मानता है और उसे कमजोर करने के लिए कई मोर्चों पर काम कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की ओर से 7 मई 2025 को शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को सैन्य और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई। हालांकि, चीन सीधे संघर्ष में शामिल नहीं हुआ, लेकिन उसकी मदद से पाकिस्तान की सैन्य क्षमता बढ़ी। इसमें चीनी विशेषज्ञों की मौजूदगी और संभावित खुफिया सहायता का भी उल्लेख किया गया है। आयोग ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन की बढ़ती सैन्य तैयारियों और हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी नौसैनिक मौजूदगी को भारत की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीमा तनाव कम करने के समझौते के बावजूद चीन एलएसी के आसपास नए सैन्य ढांचे विकसित कर रहा है।

भारत-अमेरिका सहयोग बढ़ाने की जरूरत

रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए अमेरिका को भारत के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग मजबूत करना चाहिए। हालांकि, जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच लड़ाकू विमान इंजन सौदे जैसे कई समझौते अब तक अंतिम रूप नहीं ले पाए हैं। आयोग ने भारत के साथ दवा निर्माण में साझेदारी, चीन की गतिविधियों से जुड़ी खुफिया जानकारी साझा करने और दलाई लामा के उत्तराधिकारी से जुड़े मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के सुझाव दिए हैं। हालांकि, ये सुझाव अमेरिकी सरकार की आधिकारिक नीति नहीं हैं।

स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और नेतृत्व को लेकर उठे सवाल

पंचायत समिति चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त, 23 में से मात्र 5 सीटों पर ही जीत

सीमा सन्देश # टिब्बी।

पंचायत समिति चुनाव के परिणामों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। कुल 23 सीटों में से भाजपा महज 5 सीटों पर जीत हासिल कर सकी। चुनाव परिणामों ने क्षेत्रीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी है और भाजपा के घटते जनाधार को लेकर पार्टी के भीतर तथा राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार भाजपा की इस हार के पीछे बूथ स्तर पर मजबूत उम्मीदवारों की कमी प्रमुख कारणों में से एक रही। कई गांवों में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद होने के बावजूद चुनाव मैदान में प्रभावी प्रत्याशी नहीं उतारे जा सके। कुछ सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की कमी के चलते मुकाबला विपक्ष के लिए आसान रहा, वहीं कई स्थानों पर पार्टी को अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाया। चुनाव परिणामों ने यह भी संकेत दिया कि मतदाता अब केवल बड़े नेताओं के प्रभाव के आधार पर मतदान करने के बजाय स्थानीय स्तर पर उपलब्ध, जनता के सुख-दुख में सहभागी और क्षेत्रीय समस्याओं से जुड़े उम्मीदवारों को प्राथमिकता दे रहे हैं। कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा की संगठनात्मक कमजोरी का फायदा उठाते हुए अधिकांश सीटों पर सफलता हासिल की।

अपने क्षेत्र में भी नहीं संभाल पाई स्थिति, कांग्रेस व निर्दलीयों ने भुनाई कमजोरी

भाजपा की हार को लेकर पार्टी के स्थानीय स्तर पर कई सवाल उठ रहे हैं। आलोचकों का मानना है कि भाजपा शासनकाल में क्षेत्र में अफसरशाही का प्रभाव बढ़ने, भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं होने से संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं में दूरी बढ़ी। उनका आरोप है कि कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और स्थानीय नेतृत्व को पर्याप्त महत्व नहीं मिलने से पार्टी को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा को अब संगठनात्मक मजबूती के लिए बूथ स्तर से काम शुरू करना होगा। स्थानीय जनाधार वाले, जनता से सीधे जुड़े और सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। पार्टी को केवल शीर्ष नेतृत्व और बड़े चेहरों पर निर्भर रहने के बजाय जमीनी कार्यकर्ताओं की भूमिका को प्राथमिकता देनी होगी। 23 में से केवल 5 सीटों पर जीत भाजपा के लिए आत्ममंथन का विषय है। यदि पार्टी समय रहते संगठन में सुधार, कार्यकर्ताओं की सुनवाई और मजबूत स्थानीय नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम नहीं उठाती, तो आगामी चुनावों में भी उसे चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। क्षेत्र में भाजपा का जनाधार फिर मजबूत करने के लिए स्थानीय नेतृत्व और बूथ स्तर के संगठन को केंद्र में रखना जरूरी माना जा रहा है।

पीलीबंगा से सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान के ननकाना साहिब रवाना



सीमा सन्देश # पीलीबंगा।

श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को मंडी पीलीबंगा स्थित गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी शहीद से 22 सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान स्थित श्री ननकाना साहिब के लिए रवाना हुआ। जत्थे की अगुवाई अहमदपुरा निवासी कर्म सिंह कर रहे हैं। गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी शहीद के प्रधान एवं सेवादार सुखवीर सिंह, प्रकाश सिंह देओल, जगतार सिंह एवं सतवीर सिंह देओल ने बताया कि 24 नवंबर को गुरु नानक देव जी के जन्मस्थान ननकाना साहिब में प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सिख संगत भारत-पाकिस्तान के बीच आपसी भाईचारे, देशवासियों की खुशहाली तथा विश्व में अमन-शांति के लिए विशेष अरदास करेगी। उन्होंने बताया कि संगत 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक पाकिस्तान में विभिन्न ऐतिहासिक सिख गुरुधामों के दर्शन करेगी। इनमें ननकाना साहिब, पंजा साहिब, करतारपुर साहिब सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थल शामिल हैं।

होर्मुज में तेल टैंकरों पर हमला

नई दिल्ली। ओमान के पास स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में टैंकरों पर हमलों की खबर के बाद समुद्री सुरक्षा और वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के अनुसार, 21 नवंबर को खासाब क्षेत्र के पास दो टैंकर घटनाओं की सूचना मिली। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरान-अमेरिका तनाव के बीच बाजार की नजर कच्चे तेल की कीमतों पर है। क्रूड इस साल के उच्च स्तर से करीब 26 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा है।

संस्कृति

विदेशी पर्यटकों ने बांधा साफा, जयपुर के कमलेश की मूंछों ने जीता खिताब

पुष्कर मेले में साफा, मूंछ प्रतियोगिता व विभिन्न आयोजनों में दिखा राजस्थानी रंग

सीमा सन्देश # अजमेर।

अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला-2026 में शनिवार को राजस्थानी संस्कृति की पहचान साफा और मूंछ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेला स्टेडियम में हुई इन प्रतियोगिताओं में देश-विदेश के पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विदेशी युगलों ने बांधा साफा : साफा बांधने और तिलक करने की प्रतियोगिता विशेष रूप से विदेशी युगलों के लिए रखी गई थी। इसमें 20 विदेशी युगलों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागी को तय समय में अपने साथी के सिर पर साफा बांधकर तिलक करना था। मेक्सिको के एसीआर और उनकी साथी बिट्टी ने पहला स्थान हासिल किया। इटली के जॉर्जिया और सोनिया दूसरे तथा इंग्लैंड के डेरिक और हेलन तीसरे स्थान पर रहे।

मूंछों का दिखा रौब : मूंछ प्रतियोगिता में 39 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पहली बार इसमें दक्षिण भारत के युवक ने भी भाग लिया। जयपुर के कमलेश बुनकर की मूंछों ने सबका ध्यान आकर्षित किया और वे विजेता रहे। जोधपुर के प्रशांत शर्मा दूसरे तथा कोटा के धन्नालाल गुर्जर तीसरे स्थान पर रहे। अजमेर के मोहन सिंह उर्फ रावण सरकार अपनी मूंछों से ब्रह्मा का नाम लिखकर पहुंचे, जो आकर्षण का केंद्र रहा।



सजे-धजे ऊंटों और विदेशी सैलानियों से गुलजार पुष्कर मेला

राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रतीक विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला-2026 इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सजे-धजे ऊंट, घोड़े, रंग-बिरंगी राजस्थानी पोशाकें और लोक संगीत की गूंज देश-विदेश से आए पर्यटकों को राजस्थान की विरासत से रूबरू करा रही है। मेले में बड़ी संख्या में पर्यटक, श्रद्धालु और पशुपालक पहुंच रहे हैं। ऊंटों को पारंपरिक आभूषणों और आकर्षक डिजाइनों से सजाया गया है, वहीं घोड़े भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कुछ घोड़ों की कीमत करोड़ों रुपये तक बताई जा रही है।पुष्कर मेला केवल पशुओं की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोक कला, हस्तशिल्प, व्यापार और धार्मिक परंपराओं का संगम है। यहां रबड़ी-मालपुआ, दाल-बाटी-चूरमा, कचौड़ी और ऊंटनी के दूध की चाय का स्वाद पर्यटकों को खूब भा रहा है। पुष्कर सरोवर के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर विशेष स्नान और धार्मिक आयोजन होंगे। मेले से स्थानीय व्यापारियों, कलाकारों और होटल संचालकों को भी रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। 10 नवंबर से शुरू हुआ यह मेला 24 नवंबर तक चलेगा।

कुलगुरु ने पशुपालकों से संवाद किया

बीकानेर।

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विवि, बीकानेर के कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ एवं नगर परिषद् चैयरमैन राजेन्द्र बाकोलिया सहित अन्य प्रशानिक अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में आयोजित उन्नत बकरा-बकरी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. नवीन परिहार ने कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया एवं मेले में आयोजित होने वाली गतिविधियों एवं नवाचारो से अवगत करवाया। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला ऊँट एवं अन्य पशुओं के व्यापार के लिए प्रसिद्ध है। मेले में उच्च गुणवत्ता वाले घोड़े काफी संख्या में व्यापार के लिए लाये गये हैं। बकरे एवं बकरियां भी खरीद-फरोख्त के लिए लाई गई।

कुलगुरु सुमंत व्यास ने अश्व पालक, बकरी पालकों एवं ऊंट पालकों से संवाद किया एवं पशुओं के व्यापार की स्थिति एवं भविष्य में रोजगार की संभावनाओं पर वार्तालाप किया। डॉ. देवीसिंह, डॉ चक्रवृति सिंह बीका एवं डॉ. मृणाल उपस्थित रहे।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528